फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -211, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 16
देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 15

## किसानों का दिल्ली कूच, चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमाओं पर तेज की जांच

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

### 10 मार्च को देशव्यापी रेल रोको आंदोलन

किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो प्रमुख संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने रविवार को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह आह्वान किया था।

## पूर्व वायुसेनाकर्मी समेत सॉल्वर गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा

- पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह को मेरठ जबकि एक को दिल्ली से दबोचा
- प्रश्न पत्र और आंसर शीट भी बरामद, परीक्षा से एक दिन पहले मिल गया था पेपर

**अमृत विचार :** यूपी एसटीएफ ने वायुसेना के पूर्व कर्मचारी समेत उप्र. पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मेरठ से पकड़े गए छह आरोपियों के पास से मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, नोयडा से पकड़ा गया वायुसेना में रह चुका एक आरोपी प्रमोद पाठक भी उप्र. समेत अन्य राज्यों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में सेंध लगाने वाले गिरोह का सदस्य है। इसके पास से भी वायुसेना का जाली आईडी कार्ड, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, 38 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, चार बैंक की चेक बुक, आरक्षी भर्ती के प्रश्न पत्र से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने मंगलवार रात मेरठ हाईवे से पेपर लीक करने वाले जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से बरामद मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। परीक्षा से एक दिन पहले ही इन्हें व्हाट्सएप पर पेपर मिल गया था। आरोपी पूछताछ में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं। इस गैंग में कुल 14 सदस्य बताए जा रहे हैं। फरार आठ आरोपियों की भी तलाश तेज कर दी गई है।

आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद ओर साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है।

### एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया प्रमोद पाठक वायुसेना से हुआ था बर्खास्त

पूर्व वायुसेना कर्मचारी प्रमोद पाठक दिल्ली के मुखर्जीनगर से गिरफ्तार आरोपी और कई अन्य के साथ मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने का काम करता था। इसके कुछ साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जिनसे पूछताछ के बाद इसका नाम सामने आया था। प्रमोद पाठक (40) जामिया मिल्लिया इस्लामिया से ग्रेजुएट है। 2009 में वह एयरमैन के पद पर भर्ती हुआ था और 2022 तक खड़गपुर पश्चिम बंगाल, श्रीनगर व भारतीय वायु सेना के दिल्ली मुख्यालय पर तैनात रहा। नौकरी के दौरान ही उसने 2017 में अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर खोला था। 2018 में मित्र मोनू के साथ मिलकर वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी जीडी व उप्र की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। सूचना पर वायुसेना के अधिकारियों जांच कराई। जिसके बाद 18 अगस्त, 2022 में प्रमोद को वायुसेना से बर्खास्त कर दिया गया।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

### एक नजर

#### सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ नए शिखर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था।

### प्रधानमंत्री ने कहा-संदेशखालि के गुनहगारों को बचाने में लगी ममता सरकार

# महिलाओं पर अत्याचार ने किया शर्मसार

### बोले-संदेशखालि का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा, तृणमूल कांग्रेस का कर देगा सफाया

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।



### पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

### ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6 : 48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

## मंत्रिमंडल में कई मंत्रियों का कामकाज होगा कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल संभव, नए मंत्रियों को जल्द आवंटित होंगे विभाग

**अमृत विचार :** प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल पुराने मंत्रियों का बोझ कम करते हुए चार नए मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने की तैयारी है। नए बने मंत्रियों को जहां जल्द ही विभाग आवंटित किए जाएंगे वहीं, कई मंत्रियों के विभाग में भी फेरबदल हो सकता है। दरअसल कुछ मंत्रियों के पास दो से पांच विभागों तक की जिम्मेदारी है। ऐसे में मंत्रियों का बोझ हल्का किया जा सकता है।

जिन चार नेताओं को मंगलवार को मंत्रीपद सौंपा गया है उनमें ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील कुमार शर्मा शामिल हैं। इनमें से राजभर और दारा पिछली योगी सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में ओम प्रकाश राजभर 9 मार्च 2017 को कैबिनेट मंत्री बने जिन्हें पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौंपा गया था।

हालांकि, 20 मई 2019 को राजभर को गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। फिलहाल ये विभाग नरेंद्र कश्यप के पास हैं जो कि इस मौजूदा कैबिनेट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं, दारा सिंह चौहान के पास वन विभाग था। वर्तमान में इस विभाग का जिम्मा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के पास है। डॉ. सक्सेना के प्रोफाइल में पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन शामिल है।

बहरहाल, वर्तमान में चार से पांच विभाग रखने वाले कुछ मंत्रियों की बात की जाए तो इनमें धर्मपाल सिंह के पास पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज और नागरिक सुरक्षा विभाग हैं। वहीं, योगेन्द्र उपाध्याय के पास उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हैं। जबकि, राकेश सचान के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग हैं।

## गैंगरेप की शिकार किशोरियों की आत्महत्या के बाद पिता ने जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- 29 फरवरी को लगाया था दोनों पीड़िताओं ने गले में फंदा
- भाई ने कहा- समझौते के लिए धमका रहे थे गैंगरेप के आरोपी

**अमृत विचार :** घाटमपुर के एक ईंट भट्ठे में पिछले हफ्ते गैंगरेप के बाद दुष्कर्म का वीडियो बनाने के मामले में आत्महत्या करने वाली दो किशोरियों में से एक के पिता ने आरोपी पक्ष से मिल रही धमकियों के बाद बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि गैंगरेप के आरोपी समझौते के लिए धमकी दे रहे थे। इसी कारण पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना घाटमपुर के बरौली गांव के ईंट भट्ठे में परिवार के साथ मजदूरी करने वाली दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ भट्ठे के ठेकेदार रामस्वरूप, उसके पुत्र रज्जू और भांजे संजू ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म की वीडियो और फोटो खींच कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे आहत दोनों किशोरियों ने 29 फरवरी को ईंट भट्ठे के निकट पेड़ पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपी और ईंट भट्ठा संचालक मामला रफा-दफा करने को लेकर दबाव डाल रहे थे, लेकिन कांग्रेस महिला विंग ने मामले को ट्वीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब घटना के एक सप्ताह बाद बुधवार को एक किशोरी के पिता ने गांव से करीब डेढ़ किमी दूर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी सिसोलर ने बताया कि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा

जौनपुर, एजेंसी

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं।

सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए। धनंजय सिंह ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी की थी।

## पहले सैफई-इटावा के नाम से डरते थे लोग

कार्यालय संवाददाता, इटावा



- अब परिस्थितियां बदल गईं, तेरा-मेरा नहीं चलता, पीएम के विजन से चहुंओर विकास
- सीएम ने सैफई विवि में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का किया लोकार्पण
- आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बनाने के लिए दिवंगत मुलायम सिंह का जताया आभार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पहले लोग इटावा व सैफई के नाम से डरते थे लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन, सबका साथ सबका विकास के बाद अब यूपी में तेरा-मेरा नहीं चलता है। यूपी सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में लगी है। सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीण क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए वह सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को आभार और श्रद्धांजलि देते हैं। मुख्यमंत्री सैफई विवि में 490 करोड़ की लागत से बने 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का लोकार्पण करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 14 गैर शैक्षणिक स्टाफ को नियुक्ति पत्र दिए। मुख्यमंत्री को जब पता चला कि इन कर्मचारियों में कई प्रदेशों के लोग हैं तो काफी खुश हुए और कहा कि आज सैफई में लघु भारत के दर्शन हुए हैं। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने सुनाया 28 वर्ष पुराना किस्सा

मुख्यमंत्री ने इटावा, सैफई के नाम से लोगों में व्याप्त दहशत को एक किस्से के रूप में सुनाया। बताया कि वह तीन संतों के साथ 1996 में जयपुर से कानपुर जा रहे थे। आगरा पहुंचने में रात हो गई थी। तब उनको पुलिस ने रोक लिया और आगे न जाने की सलाह दी। पूछने पर बताया कि आगे जाओगे तो कुछ भी घटना हो सकती है।

## क्वांटम ग्रुप के चेयरमैन के ठिकानों पर आयकर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टैक्स चोरी के आरोप में अधिकारियों ने की छानबीन

**अमृत विचार :** आयकर विभाग के अधिकारियों ने बस्ती के क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के ठिकानों छापेमारी की है। लखनऊ और गोरखपुर की टीम ने मंगलवार की सुबह बैरीहवा मोहल्ले में उनके आवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई बुधवार तक चलती रही। राकेश पर आरोप है कि, कंपनी के लेनदेन में टैक्स की चोरी की है। अधिकारियों ने राकेश से पूछताछ भी की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के संबध को कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के आवास पर आयकर की रेड पड़ी थी। बस्ती के रहने वाले राकेश श्रीवास्तव ना सिर्फ व्यवसाई हैं, बल्कि राजनीतिक रसूख के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बस्ती नगर पालिका का चुनाव भी लड़ा है। इन दिनों चर्चा रही कि वह बसपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। राकेश क्वांटम ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हैं, जिसका दफ्तर लखनऊ, नोएडा सहित कई जिलों में है।

## अयोध्या-देहरादून विमान सेवा शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा। अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। यह सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। उड़ान देहरादून से सुबह 9.40 बजे चलकर 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी, यहां से 12.15 बजे चलकर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

### कारगर व्यवस्था
### ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के छात्रों ने फसलों की निगरानी के लिए बनाई डिवाइस

## अल्ट्रासोनिक-इंफ्रारेड तरंगों से होगी फसलों की सुरक्षा

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब जानवरों से घबराने की जरूरत नहीं, भाषा विश्वविद्यालय का तैयार पेटेंट फसलों की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसको नुकसान से भी बचाएगा। विवि प्रशासन का दावा है कि देश में तैयार पहला पेटेंट जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना खदेड़ने की क्षमता रखता है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (भाषा) के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि उप्र में किसानों की जितनी समस्या उपज को लेकर है, उससे कहीं अधिक उसे बचाने की। इसके लिए विवि की इंजीनियरिंग संकाय की डॉ. ममता शुक्ला द्वारा पेटेंट तैयार किया गया है। इसमें बॉयोटेक्नॉलाजी कंप्यूटर साइंस ग्रुप के छात्रों की टीम भी शामिल है। डॉ. ममता बताती हैं कि सोलर और बैट्री पर आधारित डिवाइस खेतों में लगते ही फसलों की निगरानी करेगी। इसका संपर्क किसान के मोबाइल से होगा। जैसे ही कोई जानवर अथवा कीट (नीलगाय, खरगोश, चूहा, पतिंगा) खेतों में घुसेगा, डिवाइस का सेंसर ऑन हो जाएगा। ऐसे में मोबाइल भी अलर्ट करने लगेगा। किसान द्वारा मोबाइल से एक क्लिक करते ही डिवाइस के सहारे अल्ट्रासोनिक वेव्स और इंफ्रा रेड किरणें निकलने लगेंगी। चंद लम्हों में जानवर अथवा कीट इतना परेशान हो जाएगा कि उसे खेत छोड़ना ही पड़ेगा। डॉ. ममता बताती हैं कि केन्द्र सरकार की अनुमति से डिजाइन पेटेंट तैयार हो गया है, जल्द ही ये बाजार में आकर किसानों को लाभ देगा।



### डिवाइस को दिया गया ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप

भाषा विवि की टीम द्वारा तैयार डिवाइस को ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप दिया गया है। डॉ. ममता बताती हैं कि अभी इसका स्वरूप प्रोटो टाइप (छोटा) है, लेकिन खपत के हिसाब से इसे विस्तार देने की भी तैयारी है।

### फसलों को नुकसान से बचाने को इनोवेशन का कराया पेटेंट

### नुकसान पहुंचाने वाले दो मिनट में होंगे खेत से बाहर

तैयार डिवाइस से निकलने वाली अल्ट्रासोनिक और इंफ्रा रेड तरंगों से किसी भी जानवर अथवा कीट- पतंगे को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचेगा। ये तरंगे मानसिक तौर पर बेचैन करेंगी। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु, कीट दो मिनट के भीतर ही खेत से बाहर होंगे।

### 70 से 80 फीसद तक क्षति पहुंचाते हैं कीट और जंतु

धान की फसल में 40 से 50 फीसद तक नुकसान कीटों द्वारा किया जाता है। गोदाम में 17 से 20 फीसद तक अनाज चूहों द्वारा नष्ट किये जाते रहे हैं। फल चूषक कीट एवं फल मक्खी द्वारा 70 से 80 फसल तक फसलों का नुकसान होता है। पक्षियों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी करीब 70 फीसद तक नष्ट्र की जाती है।

## एक नजर

### सात दिवसीय कथा आयोजन कल से

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : विकासखंड पूराबाजार के अंजना मजरे सूरापुर स्थित काली मां के स्थान पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा का शुभारंभ 8 मार्च से होगा। कथा प्रवक्ता स्वर्णदीप तिवारी महाराज प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से कथा का रसपान कराएंगे।

### शिवाला मंदिर का होगा पर्यटन विकास

अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के रामपुरवा में स्थित प्राचीन शिवाला शिव मंदिर के पर्यटन और जन सुविधा का विकास होगा। इसके लिए बुधवार को 173.18 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि इसके लिए 75 लाख रुपये का आवंटन भी हो गया। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड कराएगी।

### आज आएंगे अम्बेडकरनगर के भाजपा प्रत्याशी रितेश

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : अम्बेडकरनगर से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद सांसद रितेश पांडेय का आगमन गुरुवार को गोसाईगंज कस्बे में होगा। गृह जनपद अम्बेडकरनगर जा रहे निवर्तमान सांसद रितेश पांडे का कस्बे में स्वागत किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि भाजपा के लोग रामबली नेशनल इंटर कालेज के गेट पर स्वागत करेंगे।

### 41 युवाओं को मिला रोजगार

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में आयोजित रोजगार मेले में 41 युवाओं को रोजगार मिला। आईटीआई परिसर में आयोजित रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी पदों पर कंपनियों के एचआर से अभ्यर्थियों का चयन किया गया। सहायक निदेशक सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार के अवसर एवं सेवायोजन पोर्टल की जानकारी दी।

# जिला अस्पताल में पानी का संकट गहराया, मरीजों के सूखे हलक

## दोपहर एक बजे तक विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीज हुए परेशान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पताल में बुधवार को एक बार फिर पानी का संकट गहरा गया। दोपहर एक बजे तक पानी न आने के कारण मरीजों में हायतौबा मच गई। घंटों अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई वार्डों में मरीजों के सूख रहे हलक को देखते हुए तीमारदारों को बाहर से पानी खरीदकर लाना पड़ा। जिन मरीजों के पास उनके तीमारदार नहीं थे वह परेशान हुए।

सिविल लाइंस स्थित जिला अस्पताल में दूर-दूर से मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। 212 बेड के अस्पताल में इन दिनों करीब 100 मरीज भर्ती हैं। मरीजों को बुधवार सुबह उठने के बाद पता चला कि शौचालय में पानी नहीं आ रहा है। इससे गंभीर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद आईसीयू, इमरजेंसी, सर्जिकल व मेडिकल समेत अन्य वार्डों में पीने का भी पानी न आने से लोग आक्रोशित हो गए। ईएनटी वार्ड में भर्ती चंद्रवती ने बताया कि सुबह से पानी न आने से बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। मेडिकल वार्ड में भर्ती आलोक ने बताया कि मेरी तो ड्रिप उतर गई है, लेकिन गंभीर मरीजों का क्या होगा। वह पानी के लिए कहां जा पाएंगे। अमानीगंज निवासी नकछेद ने बताया कि अस्पताल में परेशानी ही परेशानी है। हमने तो अपने मरीज को रेफर करा लिया है। पानी लेने के लिए बाहर हैंडपंप पर जा रहा हूं।


सर्जरी वार्ड के पास बनी बेसिन में पानी न आने से परेशान तीमारदार।


मेडिकल वॉर्ड के बगल बने बॉथरूम में पानी की किल्लत की जानकारी देता मरीज।


वॉर्ड में खाली बोतल लिए पानी के लिए परेशान दिखी महिला।

> मोटर जल जाने के कारण पानी की काफी दिक्कत रही। मोटर की मरम्मत करा दी गई है। दोपहर 12 बजे तक वार्डों में पानी पहुंच गया था। - डॉ. एनपी गुप्ता, सीएमएस

## दूर-दूर से एक्स-रे कराने पहुंचे मरीजों को लौटाया

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिला अस्पताल में बुधवार को सुबह 11 बजे के बाद कर्मियों ने एक्स-रे करने से मना कर दिया। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों को गुरुवार को आने की बात कहकर लौटा दिया। मरीज का पारा तब और हाई हो गया जब कुछ लोग जुगाड़ के बलबूते अपनी जांच करा ले गए। जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 1200 मरीजों की ओपीडी होती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ व फिजिशयन की तरफ से अधिकतर मरीजों को एक्स-रे लिखे जाते हैं। सुबह 11 बजे मरीज कक्ष संख्या 17 में पहुंचे तो उनके पर्चों को जमा करने से मना कर दिया गया। बस्ती से आए राजकुमार ने बताया कि उनके पैरों में बहुत परेशानी है, लेकिन अब दूसरे दिन बुला रहे हैं। सोहावल से आईं वृद्धा सावित्री लाठी के सहारे अस्पताल पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि हमारा पर्चा जमा करने के बाद लौटा दिया। अब जा रहे हैं और अपने यहां ही बाजार में करवा लेंगे। रीडगंज निवासी इश्तिहार ने बताया कि उनकी तीन वर्षीय बेटी परी के हाथ में चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने एक्स-रे कराने को बोला था। यहां आया तो पता चला कि एक्स-रे अब नहीं होगा।

### कुछ की हुई जांच, कुछ लौटे


राजकुमार


सावित्री


मो. इश्तिहार

> हमारे पास अभी दो ही एक्स-रे मशीन है। मरीजों की संख्या अधिक बढ़ गई थी। मशीन पर लोड न पड़े। इसके लिए एक्स-रे बंद करा दिया गया था। जल्द ही नई मशीन आने के बाद मरीजों को राहत मिलेगी। -डॉ.एनपी गुप्ता, सीएमएस

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर सुरक्षा गार्ड की मौत

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : रौजागांव चीनी मिल में गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मिल का सुरक्षा गार्ड गंभीर रूप घायल हो गया। गार्ड को सीएचसी रुदौली में मृत घोषित कर दिया। बुधवार की सुबह समय लगभग 6 बजे रौजागांव चीनी मिल के गन्ना यार्ड के गार्ड राजाराम पुत्र रामनाथ निवासी नूरपुर थाना पटरंगा ट्राली की चैन खोल रहे थे। इसी ट्राली के पीछे की अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने गार्ड के पीछे से टक्कर मार दी। गार्ड के सिर में गंभीर चोट लग गई। गांव के ग्रामीण भी भारी संख्या में सीएचसी पहुंच गये। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।


रामकथा पार्क में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं कलाकार।

### रामोत्सव में गूंजा आल्हा, हुआ गरबा व कथक

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामकथा पार्क में मंगलवार शाम लखनऊ से आई निशु त्यागी के दल ने गणेश वंदना से सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। उन्होंने सोहर रामजी के करलो दर्शनवा गाया। इसके बाद हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की गाकर रामचरित के तमाम प्रसंगों को लोक नृत्यों के माध्यम से मंचित किया। इसके बाद हीरा लाल और उनके दल ने मंच पर आते ही बुंदेली भाषा में आल्हा राम जन्म भया, जन के तारण कारे गाया। कलाकारों ने माधोगढ़ की लड़ाई भी सुनाई। लखनऊ से आई सपना सिंह के दल ने रामजन्म से लेकर राज्याभिषेक के दृश्य को सजीव अभिनय और नृत्य से प्रस्तुत किया। कृष्ण की जन्मभूमि से आए आशीष सिंह के दल ने श्री राम चंद्र कृपालु भज मन प्रस्तुत किया। साथी कलाकारों में संजय गुप्ता, भालेराम, खुशबू जायसवाल, गौरव शामिल रहे। दिल्ली से आए दल ने रूपा रानी दास के साथ मंच से कथा शैली के प्रस्तुति दी। कलाकारों ने पंडित बिरजू महाराज की रचना मेरी सुनो नाथ जैसी, सबका दु:ख हारा पर नृत्य किया। गुजरात से आए डा हेमांग व्यास के दल ने पारंपरिक प्राचीन गरबा प्रस्तुत करके सभी को मोह लिया। नृत्य में आरोही, नित्यम, मानसी, श्वेता, श्रद्धा, जागृति नैंसी शामिल रहीं। संचालन उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। कलाकारों का सम्मान समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।

## साकेत सदन में होगा ओपेन एयर थिएटर, रेस्टोरेंट

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने साकेत सदन के विकास कार्यों की बुधवार को समीक्षा की। सदन 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे धारा रोड के पास पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। समीक्षा में कार्यदायी संस्था उप्र. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि., निर्माण इकाई-11 के अफसर ने बताया कि साकेत सदन के पर्यटन विकास का 58 फीसदी का काम पूरा हो गया है। शेष कार्य प्रगति पर है। डीएम ने सभी कार्यो को संरक्षण तकनीक से कुशल कारीगरों के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराएं। तय समय में कार्यो को पूरा कराया जाए। बताया कि साकेत सदन परिसर में 1756 से 1775 ई. के मध्य निर्मित ऐतिहासिक भवनो का जीर्णोद्धार उसके निर्माण के समय प्रयोग की गई सामाग्री से किया जा रहा है। इसमें चूना, सुर्खी, शीशा, मेथी, उड़द की दाल, गोंद/गूगल, बेलगिरी पाउडर आदि पदार्थो/निर्माण सामाग्रियो को मिलाकर बनाए गए मोटार/मसाले का ही प्रयोग किया जा रहा है। बताया कि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे साकेत सदन के मुख्य भवन में रेस्टोरेंट विकसित किया जा रहा है। यहां आगुंतुकों के लिए मनोरंजन के लिए ओपेन एयर थियेटर होगा। म्यूजियम कांपलेक्स भी बनाया जाएगा।

## आर्थो वार्ड में साइन कराने के नाम पर वसूले 200 रुपये

अयोध्या, अमृत विचार: जिला अस्पताल के आर्थो वार्ड में साइन कराने के नाम पर 200-200 रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। मरीजों ने आरोप लगाते हुए सीएमएस को लिखित शिकायत दी है। सीएमएस ने जांच के लिए दो चिकित्सक की टीम गठित की है। अस्पताल के आर्थो वार्ड में भर्ती मरीज सुशील (23) ने बताया कि वह 11 दिनों से अस्पताल में भर्ती है। एक सिस्टर ने रजिस्टर में साइन कराने के नाम पर 200 रुपये वसूल लिए। नाका निवासी रेखा विश्वकर्मा ने सीएमएस को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि पांच नंबर आर्थो वार्ड में मेरे भी मरीज से साइन कराने के नाम पर 200 रुपये लिए गए हैं। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया जांच टीम से दो दिन में रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट आते ही कार्रवाई की जाएगी।

### स्पा सेंटर संचालक पर पुलिस ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : कैंट थाना के नियावां क्षेत्र स्थित एक स्पा एंड सैलून केंद्र फिर चर्चा में है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संचालक समेत तीन के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस विभाग के सोशल मीडिया निगरानी सेल के हाथ एक आपत्तिजनक वीडियो लगा है। वीडियो में एक महिला कह रही है कि ऊपर का कपड़ा उतारकर केंद्र की लड़की बाडी से बाडी मसाज करेगी, जिसका 2500 रूपये शुल्क अतिरिक्त वसूल किया जाएगा। इसके बाद अधिकारियों ने मामले में कार्रवाई का निर्देश जारी किया। निर्देश के बाद कैंट थाने के मीरनघाट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवानंद ने शिकायत थाना पुलिस को दी। शिकायत में उनका आरोप है कि रामपथ मार्ग पर नियावां क्षेत्र स्थित गोल्डन डोर स्पा एंड सैलून से जुड़े वीडियो में एक लड़की की ओर से ऊपर का कपड़ा उतारकर बाडी से बाडी मसाज का 2500 रूपये अतिरिक्त शुल्क की बात कही जा रही है। इससे साफ है कि संचालक पवन कुमार, प्रबंधक ईषा गौतम शुक्ला, अंकित तथा अन्य कर्मियों की ओर से अनैतिक देह व्यापार जैसा कार्य किया व कराया जा रहा है। प्रारंभिक छानबीन में स्थानीय लोगों ने भी इसकी पुष्टि की है। कैण्ट थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि प्रकरण में अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धरा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना कराई जा रही है।

# अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा और मिर्जापुर की टीमों ने दर्ज की जीत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में बुधवार को राज्य स्तरीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता समारोह पूर्वक शुरू हुई। मुख्य अतिथि ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट ट्रेनी आइएएस पूजा साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पहले दिन अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा व मिर्जापुर मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर अपने विजय अभियान की शुरुआत की।


सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करतीं प्रशिक्षु आईएएस।

प्रतियोगिता का पहला मैच वाराणसी व गोरखपुर के बीच हुआ। वाराणसी टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। वाराणसी की खुशी ने दो, सोनम ने एक व गोरखपुर की मुस्कान ने एक गोल किया। दूसरे मैच में मिर्जापुर टीम ने बरेली टीम को 2-1 से पराजित किया। तीसरे मैच में आगरा टीम मुस्कान ने पहले हाफ में मेरठ टीम पर गोल मारकर 1-0 से बढ़त दिलाई और यह विजयी गोल रहा। चौथे मैच में अयोध्या टीम ने नैन्सी के दो गोल से मुरादाबाद पर 2-0 से बढ़त हासिल की। दूसरे हाफ में चंचल के गोल से अयोध्या ने 3-0 से जीत दर्ज की। पांचवे मैच में प्रयागराज ने मिर्जापुर पर 9-1 से शानदार जीत हासिल की। इसके पूर्व आरएसओ चंचल मिश्रा ने बुके प्रदान कर तथा उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान ने बैज लगाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर प्रतियोगिता निदेशक एमएस बोहरा, जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनूप दुबे, वॉलीबॉल खिलाड़ी रेखा वशिष्ठ, विवेक, शकील अहमद, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।

### ई-मनीआर्डर भेजकर प्राप्त कर सकते प्रसाद

अयोध्या। हनुमानगढ़ी के प्रसाद की मांग बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश के साथ केरल, उड़ीसा, बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं से प्रसाद की मांग आ रही है। डाक विभाग ने हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम के संकटमोचन सेना ट्रस्ट के माध्यम से प्रसाद भेज रहा है। इसका शुभारंभ 20 अक्टूबर 2020 को किया गया था। इसे 251 रुपये और 551 रुपये के ई-मनीआर्डर भेज कर प्राप्त किया जा सकता है। यह ई-मनीआर्डर सब पोस्टमास्टर अयोध्या धाम-224123 को भेजा जाएगा।

### मजदूर झुलसा

अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को थाना क्षेत्र के तरमा गांव का निवासी मजदूर भरत कुमार (20) एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जिला अस्पताल से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वो बारुन बाजार के परसौली गांव में पंडाल खोल रहा था, पंडाल की पाइप ऊपर से गुजर रही 1100 विद्युत लाइन से छू गई।

## सार-संक्षेप

### लोग कर्म व भाग्य को लेकर भ्रम में हैं: माता चिदानंदमयी

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या के लक्ष्मण घाट क्षेत्र स्थित सरयू तट पर 1700 वैदिक आचार्यों के बीच संपन्न हो रहे लक्षचंडी और श्रीराम महायज्ञ में बुधवार को प्रमुख विद्वानों के साथ संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें माता चिदानंदमयी ने कहा कि वर्तमान समय में लोग कर्म व भाग्य को लेकर भ्रम में हैं, क्योंकि उनको कोई मार्ग दर्शन प्राप्त नहीं हो रहा है। डॉ. सज्जन तिवारी ने कहा कि कर्म व भाग्य एक-दूसरे के पूरक हैं। तमिलनाडु से पधारे माधवन वेंकटरमण ने कहा कि यज्ञ, अनुष्ठान जैसे आयोजन सनातन संस्कृतिक को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। काशी से आए डॉ. सुभाष तिवारी ने कहा कि कर्म व भाग्य एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसलिए हमें निरंतर कर्म करते रहना चाहिए। वृंदावन से आए बृजेश महाराज, मेरठ के निरंजनाचार्य, महंत अयोध्या नाथ ने भी विचार रखें। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने कहा कि 22 जनवरी को रामलला भवन में विराजमान हो गए हैं तब से युग परिवर्तन आरंभ हो गया है।

### फार्मेसी एजुकेशन के जनक की जयंती मनाई

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय में फार्मेसी एजुकेशन के जनक एमएल श्रॉफ की 122वीं बुधवार को जयंती मनाई गई। इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में इंडस्ट्री अकादमिया पार्टनरशिप फॉर इंप्लीमेंटेशन ऑफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर के डॉ.संदीप कुमार सिंह ने छात्रों को बताया कि फार्मेसी एजुकेशन के क्षेत्र में एमएल श्रॉफ के योगदान को भुलाया नही जा सकता। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर प्रो. शैलेंद्र कुमार, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिलकुमार, डॉ. सिंधु सिंह, डॉ. विमल कुमार, डॉ. अजय कुमार, कुनाल अगम आदि मौजूद रहे।

### मातृ शक्तियां बच्चों को संस्कारवान बनाएं : निर्मोही

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : सभी लोगों को अपने बच्चों को उचित शिक्षा व संस्कार देकर धरती पर स्वर्ग लाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में प्रथम योगदान मां का होता है। उक्त उद्गार हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पलिया लोहानी पूरे पड़री में सूर्यनारायण पाण्डेय एवं तारा देवी द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा में पंडित माताफेर तिवारी निर्मोही सुल्तानपुरी ने व्यक्त किए। रामनारायण पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, रामप्रकाश पाण्डेय, बालगोविंद पाण्डेय, विकास पाण्डेय, नेता घनश्याम त्रिपाठी, रवीन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### महिला की मौत मामले में हत्या का केस दर्ज

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर के खण्डासा थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गदुरही बाजार में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। खंडासा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि हत्या के कारण और उसमें शामिल लोगों की सुरागरसी के लिए टीम गठित की गई है। थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गदुरही बाजार में 42 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को मौत हो गई थी। मृतक रघुराजी पत्नी धर्मराज व उसके एक बेटे का मोबाइल फोन घटना के बाद से लापता है। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस परिजनों से भी अलग-अलग पूछताछ कर रही है। एसओ मनोज कुमार ने बताया रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक रुश्दी का स्वागत


सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रत्याशी व पूर्व विधायक का स्वागत करते पदाधिकारी।

अयोध्या, अमृत विचार : सपा ने बुधवार को कार्यकर्ता सम्मेलन किया। इस दौरान बसपा से वापस आए रुदौली के पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां और सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का स्वागत किया। इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार को हटाकर इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने का काम करें। पूर्व विधायक अब्बास अली ने कहा सपा ही भाजपा का सामना करने में सक्षम है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीशम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बोर्ड परीक्षा : 6703 हुए उपस्थित, 2433 गैरहाजिर

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में बुधवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 6703 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 2433 गैरहाजिर रहे। कंट्रोल रुम की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रथम पाली की हाईस्कूल चित्रकला और रंजन कला में 35617 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 33420 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 2197 ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली इंटरमीडिएट में काष्ठ शिल्प विषय की परीक्षा में पंजीकृत 1042 परीक्षार्थी में से 1011 ने परीक्षा दी जबकि 31 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं द्वितीय पाली इंटरमीडिएट की इतिहास, कृषि और कृषि जंतु विज्ञान विषयों में 3669 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3464 ने परीक्षा दी जबकि 205 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।कंट्रोल रूम की ओर से जारी सूचना के अनुसार किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल नहीं पाई गई।

# शान्ति व सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा की होगी प्राथमिकता

अयोध्या कार्यालय

**एडीजी जोन बोले- समन्वय बनाकर टीम इंडिया की भावना से करें काम**

अमृत विचार : शांति व सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ केंद्र और प्रदेश सरकार के संबंधित विभागों की ओर से व्यवस्था की गई है। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर हमें आपसी समन्वय बनाकर टीम इंडिया की भावना के अनुसार कार्य करना है।

ये निर्देश बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक जोन लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने दिए। वो आगामी लोकसभा चुनाव, रामनवमी मेला और पर्व-त्यौहार को लेकर पुलिस-प्रशासन तथा अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ बैठककर तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर अभी से सभी तरह की तैयारियां व इसकी समीक्षा करने की बात कही। आईजी प्रवीण कुमार ने भक्तों को उनके गन्तव्य तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था व होल्डिंग एरिया का चिन्हांकन और संयुक्त सर्वे की बात कही। डीएम नितीश कुमार ने मेला अधिकारी एडीएम नगर को नगर निगम,विकास प्राधिकरण आदि से समन्वय कर निरीक्षण कर खामियों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि सुगम यातायात के लिए रुट डाइवर्जन का खाका खींचा गया है।

### नगर निगम में झोला वेंडिंग मशीन का किया उद्घाटन

अयोध्या। अमृत विचार : उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन ने नगर निगम से करार के बाद परिसर में बुधवार को झोला वेंडिंग मशीन लगाई है। इसका शुभारंभ अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ल व अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने संयुक्त रूप से किया। फाउंडेशन की मैनेजर ऑपरेशन इन्वायरमेंट रिषिका कश्यप ने बताया कि नगर निगम से करार होने के बाद यह मशीन लगाई गई है। इसमें 10 का सिक्का या बार कोड स्कैन करने पर एक कपड़े का झोला निकलेगा। अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ल ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। एक मशीन का उद्घाटन गुरुवार को मेयर गिरीशपति त्रिपाठी के हाथों अयोध्या धाम में कराया जाएगा।

### 12 तक हटाये जाएंगे अस्थाई अस्पताल

अयोध्या। अमृत विचार : रामोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों व बाग बिजेसी स्थित अस्थाई अस्पताल 12 मार्च तक बंद कर दिए जाएंगे। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बुधवार को बताया कि 18 स्वास्थ्य शिविर चल रहे थे। 15 फरवरी के बाद पांच को छोड़कर सभी का संचालन बंद करा दिया गया था। अब 12 फरवरी को पांच अन्य शिविरों का संचालन भी बंद कर दिया जाएगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम नए भारत का प्रतिबिंब : लल्लू

अयोध्या अयोध्या

अमृत विचार : सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि नए संसद भवन में प्रवेश करते ही महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम परित किया। यह नए भारत का प्रतिविम्ब है। वह भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के समापन अवसर पर बोल रहे थे। यहां प्रधानामंत्री के लाइव उद्बोधन को सामूहिक रूप से सुना गया।

नगर निगम कार्यालय में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा बेटी व बेटे की खाई को पाटने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं की प्रधानमंत्री ने शुरूआत की। पूरा बाजार ब्लॉक मुख्यालय में

**कार्यक्रम**

प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों से जनता में विश्वास का माहौल है। टेंट सिटी नव्य अयोध्या में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि अब देश की पहचान एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हो रही है। कार्यक्रमों में सांसद अंबेडकर नगर रितेश पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश, जिपं.अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय आदि थे।

**महाशिवरात्रि उत्सव** रस्मों-रिवाज के साथ शुरू हुई शिव बारात की तैयारी

# नागेश्वर नाथ मंदिर में भोलेबाबा को आज लगेगी हल्दी

सत्य प्रकाश, अयोध्या

अमृत विचार : रामनगरी में महाशिवरात्रि के लिए भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का उत्सव हिंदू रीति-रिवाज के तहत बुधवार से प्रारंभ हो गया है। प्राचीन नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर में देर शाम तेल पूजा के साथ उत्सव के परंपरा की शुरुआत हुई। भगवान शिव को आज गुरुवार को हल्दी लगाई जाएगी।

शुक्रवार को हाथी घोड़ा और गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली जाएगी। जो रामपथ से होते हुए प्राचीन क्षीरेश्वर नाथ मंदिर तक जाएगी। भव्य स्वागत के बाद यह बारात देर शाम नागेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगी और रात्रि में वैदिक आचार्य के द्वारा विवाह उत्सव संपन्न कराया जाएगा।


नागेश्वर नाथ मंदिर।

अयोध्या में शिव मंदिरों महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी है। नागेश्वर नाथ, क्षीरेश्वर नाथ, कुबेरेश्वर नाथ सहित अन्य शिवालयों को फूलों से सजाया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन सुलभ कराने के लिए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन के साथ आवागमन मार्ग तैयार कराया जा रहा है।

### क्षीरेश्वर नाथ मंदिर तक जाएगी बारात

नागेश्वर नाथ मंदिर के मैनेजर सभापति तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग जलाभिषेक करने के लिए पहुंचेंगे। देर शाम को भगवान की बारात निकाली जाएगी। बारात में भगवान शिव के स्वरूप को दूल्हा बनाकर राम की पैड़ी से होते हुए नया घाट, छोटी देवकाली, श्रृंगारघाट के रास्ते जन्मभूमि परिसर के निकट स्थित क्षीरेश्वर नाथ मंदिर तक ले जाया जाएगा। उसके बाद यात्रा वापस रामपथ के रास्ते सब्जी मंडी चौराहे से अशर्फी भवन गोलाघाट तुलसी उद्यान होते हुए देर रात मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान का प्रतीकात्मक विवाह किया जाएगा। तेज पूजन की परंपरा में मंदिर परिसर में सरसों के तेल का दीपक जलाया गया है।

## दंगे के 12 आरोपी दोष मुक्त लचर विवेचना बनी आधार

अयोध्या, अमृत विचार : विवेचक ने वर्ष 2012 में शाहगंज बाजार में हुए दंगे की इतनी लापरवाही पूर्वक विवेचना की, कि अभियोजन पक्ष अदालत में केस साबित नहीं कर पाया और कोर्ट ने दंगे के सभी 12 आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया। फैसला अपर जिला जज प्रथम अशोक कुमार दुबे की अदालत से बुधवार को हुआ। अधिवक्ता प्रियनाथ सिंह, कृष्ण कुमार पांडेय व सौरभ मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2012 में शहर में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दंगा हुआ था। इसकी आग ग्रामीण इलाकों में भी फैल गई। 23 अक्टूबर 2012 को इनायतनगर थाना क्षेत्र के शाहगंज बाजार में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इसकी रिपोर्ट मोहम्मद मारूफ निवासी मुकीमपुर पहाड़पुर मोहल्ला पील खाना ने थाना इनायत नगर में दर्ज कराई थी। रंजिश चलते गुरुजीत, राधेश्याम, राजू, राज कपूर व ऋषि राम निवासी शाहगंज, रमेश सोनी, डॉ. रमेश, विजय कुमार गुप्ता, सोमप्रकाश निवासी पहाड़पुर मुकीमपुर, संजय गुप्ता, आनंद सोनी गुरुदीन निवासी शाहगंज बाजार व गुरुदेव निवासी मुकीमपुर पहाड़पुर ने लाठी डंडा व फरसा से मेरे पिता मोहम्मद उमर को मारने लगे। गंभीर घायल पिता की मौत हो गई थी। इसकी विवेचना में पुलिस ने इस कदर लापरवाही की, कि पंचनामा के सभी गवाह फैजाबाद के थे लेकिन उनका पता सुल्तानपुर लिख दिया। अन्य खामियों के चलते कोर्ट ने सभी आरोपियों को हत्या तथा अन्य आरोप से दोष मुक्त कर दिया। दीपचंद निवासी शाहगंज किशोर अपचारी घोषित हो गया इसलिए उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



## एक नजर

### 24.70 लाख से होगा बाबा मुढ़राज मंदिर का विकास

**अयोध्या, अमृत विचार** : रुदौली ब्लॉक क्षेत्र में स्थित बाबा मुढ़राज मंदिर ऐहार के विकास के लिए 24.70 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। 50 हजार रुपये पहली किश्त के रूप में जारी किए गए हैं। डीएम नितीश कुमार ने बुधवार को बताया कि कार्यदायी संस्था उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को नामित किया गया है।

### आठ नए क्रय केंद्रों की मिली स्वीकृति

**अयोध्या।** गेंहू खरीद के लिए जिले में आठ नए क्रय केंद्रों का अनुमोदन किया गया है। अब जिले में क्रय केंद्रों की संख्या 68 हो गई है। 60 क्रय केंद्रों की स्वीकृति पहले की जा चुकी है। डीएम नितीश कुमार ने बुधवार को पीसीएफ से एक और नैफेड से सात क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की है।

### मतदाता सूची में दर्ज कराएं नाम

**अयोध्या।** स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता के लिए नौ व 10 मार्च को प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की जागरूकता के लिए वरिष्ठ अधिकारी से मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। डीएम नितीश कुमार ने बुधवार को बताया कि जिन अर्ह व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# प्राधिकरण कर्मियों को किसानों ने घेरा, हंगामा

## एयरो सिटी के लिए भूमि का सर्वे करने गई थी टीम | रामदत्तपुर अटरावां में जुटे पांच ग्राम पंचायतों के सैकड़ों किसान, घंटों चलती रही नोकझोंक | बोले प्रभावित किसान - जान दे देंगे लेकिन नहीं देंगे जमीन, मान मनौव्वल में जुटा प्राधिकरण

**पूराबाजार, अयोध्या**

**अमृत विचार** : महत्वाकांक्षी योजना एयरो सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण के उद्देश्य के तहत सर्वे के लिए बुधवार को पहुंचे प्राधिकरण के कर्मियों को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित किसानों ने प्राधिकरण कर्मियों का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया। जिससे अफसरों को कर्मियों के साथ बैरंग लौटना पड़ा। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस भी किसानों के तेवर देख कर समझाने बुझाने में जुटी रही। किसानों ने कहा कि जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे। इस मामले को लेकर सदर तहसील ने प्राधिकरण से जुड़ा मामला बता कर पल्ला झाड़ लिया है।

तहसील सदर की पांच ग्राम पंचायतों की जमीन एयरो सिटी के लिए अधिग्रहण की जानी है। इसके लिए बुधवार को सर्वे करने गए विकास प्राधिकरण के कर्मचारी व लेखपालों को किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। हाल यह रहा कि हंगामे के चलते किसानों के साथ प्राधिकरण अधिकारियों ने पंचायत भी की लेकिन घंटों चली पंचायत में भी कोई नतीजा नहीं निकला। सदर तहसील की ग्राम पंचायत सरेठी, रामदत्तपुर अटरावां, बैसिह, कुशमाहा, ददेरा, ग्राम पंचायत की जमीन एयरोसिटी के विस्तार के लिए विकास प्राधिकरण ने अधिकृत करने के लिए 15 दिन पहले नोटिस दिया था। इसे लेकर रामदत्तपुर अटरावां में टीम जमीन का सर्वे करने पहुंची। जानकारी मिलने पर पहुंचे किसानों ने विरोध शुरू कर दिया। कहा कि किसी भी कीमत पर जमीन नहीं देंगे उसके लिए चाहे जो करना पड़े। टीम के कर्मचारियों ने इसकी सूचना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दी। अधिकारी ग्राम पंचायत रामदत्तपुर अटरावां के पंचायत भवन पहुंचे। पंचायत से हल निकालने की कोशिश की लेकिन किसानों ने एक न सुनी।



सर्वे की सूचना पाकर रामदत्तपुर अटरावां के प्राथमिक विद्यालय के बाहर जुटे प्रभावित किसान। अमृत विचार




पंचायत के दौरान अफसरों से नोकझोंक करते किसान।

> सर्वे शुरू किया गया है। प्राधिकरण की टीम किसानों को समझाने और बातचीत के लिए गई थी। ऐसे कार्यों में पहले विरोध तो होता ही है, किसानों को मॉडल समझाया जाएगा। भूमि लेने की कई प्रक्रियाएं हैं सभी तरह से देखा जाएगा। किसानों की संतुष्टि और सहमति प्राथमिकता में है।किसी का भी शोषण नहीं किया जाएगा।
> **-सत्येंद्र कुमार सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण।**

### किसानों का दावा : एयरो सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण का नहीं है आदेश

किसानों का नेतृत्व कर रहे सरेठी के प्रधान रक्षा राम यादव, रामदत्तपुर अटरावां के प्रधान प्रतिनिधि उदल यादव, ददेरा के प्रधान प्रतिनिधि लल्लन प्रसाद पासवान ने कहा कि एयरोसिटी के लिए यहां की जमीन अधिकृत करने का प्रस्ताव शासन से नहीं है। स्थानीय स्तर पर विकास विकास प्राधिकरण के अधिकारी इसे कर रहे हैं। जिसे किसी भी हाल में होने नहीं दिया जाएगा। विरोध में एक ज्ञापन भी दिया गया। इस दौरान विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह, लेखाधिकारी मनोज कुमार, ओएसडी महेंद्र सिंह काफी देर तक मान मनौव्वल करते रहे लेकिन किसानों ने सर्वे शुरू नहीं होने दिया।

### बोले किसान – जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से मिलने जाएंगे लखनऊ

अधिग्रहण को लेकर किए जाने वाले सर्वे से क्षेत्र के प्रभावित किसान आक्रोशित हैं। किसानों का कहना है कि पहले एयरपोर्ट के नाम पर जमीन गई अब एयरो सिटी के नाम पर ली जा रही है। किसान प्रभा शंकर पाण्डेय, कुलदीप वर्मा, सत्यम चौरसिया, सुनील गुप्ता, राम भजन ,बृजेश मौर्य व कपिल देव ने कहा कि किसी भी कीमत पर जमीन नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो लखनऊ मुख्यमंत्री से मिलने जाएंगे। किसान अभिषेक कोरी, पन्नालाल त्यागी ,राजेश, रामचंद्र चौहान, मुकेश मौर्य, हरीकरण वर्मा, राजित राम वर्मा ,सुधांशु वर्मा ,एकादशी यादव, अखिलेश यादव, हरिपाल ,घनश्याम, कांति देवी, शांति देवी, मीणा शीला आदि ने कहा कि यही जमीन परिवार का भरण-पोषण करती है। यह चली गई तो कैसे परिवार का पेट भरेगा।

> किसानों और प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच वार्ता थी। क्या वार्ता हुई जानकारी नहीं है। मौके पर किसानों को समझाया भी गया। सब सामान्य रहा।
> **-आशीष त्रिपाठी, चौकी प्रभारी, दर्शननगर**

# जिला पंचायत की बैठक में 67.36 करोड़ रुपये का बजट पास

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार** : जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में बुधवार को साल 2024-25 का 67.36 करोड़ रूपये का बजट पारित हुआ। वित्तीय साल 2024-25 के लिए मनरेगा के 183 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। सड़क खोदाई, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि का मुद्दा भी गूंजा। अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और अगली बैठक से सहायकों को न भेजे जाने के प्रस्ताव भी किया।

जिला पंचायत परिसर स्थित अटल सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने की। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने वाली है। ऐसे में पंचायत के कार्यो को करने के लिए बजट की व्यवस्था को लेकर ही यह बैठक बुलाई गई थी। अपर मुख्य अधिकारी मुकेश जैन ने बैठक में साल 2023-24 के पुनरीक्षित और साल 2024-25 का प्रस्तावित बजट पेश किया। इसमें प्रारंभिक अवशेष 29.56 करोड़ रुपये था। सदस्यों ने 67.36 करोड़ रूपये के बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित कर दिया। मनरेगा के साल 2024-25 के लिए मनरेगा के 183 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को सदन के पटल पर रखा गया। चर्चा के बाद इसे भी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

नंसा बाजार में जिला पंचायत की दुकानों को किराए पर दिए जाने को लेकर श्रेणी तय कर दी गई। पंचायत की जमीन पर बने सिविल लाइंस स्थित पेट्रोल पंप के किराए को लेकर चर्चा की गई। बताया गया है कि इसे लगभग आठ लाख रुपये वार्षिक के किराए दिए जाने की सहमति दी गई। पहले इसका किराया लगभग दो लाख रूपये था। साथ ही नौ साल के लिए पट्टे पर दिए जाने की सहमति प्रदान की गई। साल 2024-25 के लिए मनरेगा के 183 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव को सहमति दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सदन की ओर से अयोध्या में भव्य व दिव्य श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अभिनंदन प्रस्ताव पेश किया। जिसे सदस्यों ने पास कर दिया।

बैठक में जल निगम से सीवर के लिए खोदी गई सड़कों का मुद्दा उठा। सदस्यों का कहना था कि खोदाई के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। कई सदस्यों ने कोटे की दुकानों के साथ गरीबों का राशनकार्ड न बनने और किसानों को सम्मान निधि न मिलने का मुद्दा उठाया। कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस समस्या को दूर कराएं। बैठक में जिला पंचायत सदस्य इंद्र भान सिंह, अशोक मिश्र, चंद्र भान सिंह, बब्लू पासी, सुनील राजपूत, बलराम यादव, सियाराम निषाद, कंचन पासवान के साथ सीडीओ ऋषि राज सहित विभागों के अफसर मौजूद थे।



जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में मौजूद अध्यक्ष, सीडीओ व अन्य अधिकारी।

▸▸ **सदन में गूंजा राशन कार्ड, सम्मान निधि का मुद्दा**



जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में मौजूद अध्यक्ष, सीडीओ व अन्य।

**आय-व्यय के प्रमुख श्रोत (रुपये में)**

| आय- | व्यय - |
|---|---|
| अनुदान 35 करोड़ | सामान्य प्रशासन 1.37 करोड़ |
| संपत्ति एवं विभवकर 27 .50 लाख | मूल निर्माण कार्य 47 .7 करोड़ |
| लाइसेंस 30 लाख | पेंशन 01 करोड़ |
| असाधारण तथा ऋण 01 करोड़ | असाधारण तथा ऋण 2205 करोड़ |

## रामलला की भोग पूजा में भी हुआ बदलाव

**अयोध्या।** बदलते मौसम में रामलला की नित्य सेवा में कुछ बदलाव किए गए हैं। राग-भोग में विशेष ध्यान रखा जा रहा है। रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बुधवार को बताया कि रामलला को सुबह चार बजे नित्य स्नान कराया जाता है। इसके बाद भोग में सीजन के फल व पेड़ा अर्पित किया जाता है। श्रृंगार आरती के बाद रबड़ी, ड्राई फ्रूट्स का भोग लगाया जाता है। सुबह नौ बजे रामलला को बाल भोग में केसर, मखाना, मिश्री, किशमिश मिश्रित दूध का भोग लगता है। साथ ही दलिया, पोहा, खीर आदि भी अर्पित किए जाते हैं। दोपहर 12 बजे राजभोग रोटी, सब्जी, चावल, दाल, पापड़, अचार, पूड़ी, कचौड़ी आदि अर्पित की जाती है। रात में भी रामलला को लगभग इसी तरह का भोग लगाया जाता है।

# रामलला का 1100 कलश से किया जाएगा अभिषेक

**अयोध्या कार्यालय**

▸▸ **मंडपोत्सव के अनुष्ठान में कर्नाटक के पूर्व सांसद व कांग्रेस विधायक रहे यजमान**

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर परिसर में 48 दिवसीय मंडप उत्सव 10 मार्च को समाप्त हो जाएगा। इस दौरान भव्य उत्सव का आयोजन होगा। जिसमें 1100 तांबे के कलश में सरयू का जल लेकर एक विशेष अनुष्ठान किया जाएगा।

रामलला को विशेष फूलों का हार पहनाया जाएगा, जिसके लिए कर्नाटक से मोती, गुलाब, कमल और सुपारी का फूल मंगाया गया है। इस अनुष्ठान में बुधवार को कर्नाटक के पूर्व सांसद नवीन कुमार और कांग्रेस के विधायक मांजना मंडारकी बुधवार को अनुष्ठान के यजमान रहे। सुबह 11 बजे से शुरू हुए आयोजन में रामलला के रजत प्रतिमा का भव्य आरती पूजन के बाद परिसर भ्रमण कराया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि रामलला के गर्भगृह में विराजमान होने से पूर्व जिस उत्सव मूर्ति की पूजा हुई थी उस उत्सव मूर्ति को इन दिनों पालकी पर विराजित कर छत्र चंवर और ढोल नगाड़ों की ध्वनि में मंदिर की परिक्रमा करवाई जा रही है।

# कचहरी में वादकारी की मौत

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** दीवानी न्यायालय प्रांगण के 24 कक्षीय भवन में बुधवार को पेशी से लौटते समय एक वादकारी की मौत हो गई। एंबुलेंस के विलंब से पहुँचने पर बार अध्यक्ष ने नाराजगी जताई है और गुरुवार को शोकसभा का निर्णय लिया है।

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से हुई मौत के एक मुकदमे में कुमारगंज थाना क्षेत्र के गांव पालपुर निवासी वंश प्रकाश सिंह बुधवार को पेशी पर आया था। 24 कक्षीय भवन के तीसरी मंजिल स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम साक्षी सिंह की अदालत से पेशी के बाद लौटते समय दोपहर करीब दो बजे वह भवन के नीचे पहुंचा तो अचानक बहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे, मोहिंदर कुमार, राकेश कुमार, लघु वाद न्यायाधीश प्रशांत शुक्ला, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय, उपाध्यक्ष केशव प्रसाद वर्मा, मंत्री विपिन कुमार मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता जमा हो गये। सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस फ़ोर्स पहुँच गई। वादकारी के बेटे जनार्दन सिंह ने पेट और सीना दबाया लेकिन हालत में कोई सुधार न हुआ। फोन किये जाने के बावजूद एंबुलेंस एक घंटे बाद पहुंची, तो उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक में मृत घोषित कर दिया। संघ अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने बताया कि एंबुलेंस देर से पहुंचने पर फोनकर सीएमओ से नाराजगी जताई गई है। क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम को तैयार नहीं हुए, लिखा-पढ़ी के बाद शव को बेटे के हवाले कर दिया गया।



तारीख पर आए वादकारी की मौत के बाद जुटे न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता।

## सार-संक्षेप

### विकास कार्यों के आधार पर जनता करेगी वोट : रामचंद्र



**मवई, अयोध्या। अमृत विचार** : भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने कहा है कि रुदौली विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक मतों से लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह जीतेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के बल पर जनता भाजपा को वोट करेगी। वह बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का मत प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने अपने विकास कार्य भी गिनाए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि व जिला उपाध्यक्ष शिव गोविंद पांडे उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय हड़ताल करेंगे अधिवक्ता

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार** : बार एसोसिएशन रुदौली की बैठक में न्यायालय की पत्रावलियों में सुनवाई के बाद आदेश न होने का मुद्दा गरमा गया। बैठक में एक दिवसीय ध्यानाकर्षण हड़ताल का निर्णय लिया गया। बार एसोसिएशन रुदौली के अध्यक्ष हरि नारायण यादव व महामंत्री संतोष कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से बताया तहसील रुदौली में आदेश की पत्रावलियों में सुनवाई के बाद भी आदेश नहीं हो पा रहा है। बुधवार को बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा उपजिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय पर सुनवाई होने के बाद भी पत्रावलियों में आदेश नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार प्रस्ताव भेजा जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए एक दिवसीय कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने बताया की जो भी पत्रावलियों में कार्यवाही पूर्ण है उसका निस्तारण हो चुका है जिन पत्रावली में विवाद अथवा कार्यवाही पूर्ण नही है उन्हीं का निस्तारण नहीं हुआ। वहीं उपजिलाधिकारी न्यायिक अनामिका श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी कोर्ट पर कोई भी अविवादित पत्रावली लंबित नहीं है।

### छप्पर में लगी आग से दुकानदार को नुकसान

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार** :मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के सरायनामू में कुचेरा शाहगंज मार्ग के बगल छप्पर में आग लग गई। जिसमें किसान के घर का सामान जल कर राख हो गया। ग्रामवासी रामचंद्र मिश्रा अपने परिवार सहित छप्पर में रहकर एक गुमटी में पान अन्य सामग्री बेचते थे। उसी छप्पर में खाने-पीने का सामन रखकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। बुधवार को दोपहर लगभग ढाई बजे अचानक छप्पर के अंदर से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर पास में रखी गुमटी और दूसरे छप्पर को अपने आगोश में लेकर जलाकर राख कर दिया। लेखपाल कृष्ण यादव मौके पर पहुंचकर जांच कर आख्या तहसील मुख्यालय भेज दिया है।

### आकाश पांडेय मौत मामले में आया नया मोड़

**अयोध्या,कार्यालय। अमृत विचार** : नगर कोतवाली के कौशलपुरी कॉलोनी निवासी आकाश पांडेय (30) की एक सप्ताह पूर्व हुई संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। आकाश का 28 फरवरी की रात अर्धनग्न और मिटटी लगा शव घर में फर्श पर पड़ा मिला था। वीडियोग्राफी के बीच डॉक्टरों के पैनल से हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की बात आई थी। अब मृतक के पिता ने कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला के खिलाफ बुधवार को आत्महत्या के लिए मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में मृतक के पिता गिरिजाशंकर का कहना है कि आवास से बेटे की स्कूटी गायब मिली है। 14 मार्च 2023 को बेगमगंज मकबरा निवासी सना सिद्दकी ने 35 लाख कीमत की हवाई अड्डे के निकट की जमीन स्टांप शुल्क बचाने के लिए 8.10 लाख में बैनामा कराई थी। अवशेष रकम बाद में भुगतान करने को कहा था,लेकिन भुगतान नहीं किया। जिससे बेटा मानसिक रूप से परेशान था और मजबूर होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय का कहना है कि महिला के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

### राशन घटतौली पर अब लग सकेगी लगाम



सोहावल तहसील में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन प्राप्त करते कोटेदार।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार** : सोहावल तहसील सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा कोटेदारों को नई इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन का वितरण किया गया। तहसील क्षेत्र के दो ब्लाक सोहावल और मसौधा से जुड़े 165 कोटेदारों को एसडीएम अशोक कुमार सैनी की अध्यक्षता में नई इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन प्रदान की गई। तहसील कर्मी दीपांकर वर्मा ने बताया अब राशन वितरण प्रणाली सहजता, पारदर्शिता आयेगी और घटतौली पर पूर्ण विराम लग जाएगी। इस मौके पर सप्लाई इंस्पेक्टर शशांक सिंह चौहान, तकनीकी जिला प्रबंधक पवन कुमार वर्मा, दीपांकर वर्मा और कोटेदार मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में खोला कार्यालय, तैनात हुए नोडल

**अयोध्या, अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव सकुशल और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस लाइंस में कार्यालय खोला गया है। एसपी देहात को लोकसभा चुनाव का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी एसपी देहात एके सोनकर ने बताया की अधिकारियों और चुनाव आयोग के निर्देश का अनुपालन कराया जा रहा है।

**हालात** | अधूरा रह सकता वैदिक सिटी के पास आशियाने का सपना, लाखों रूपये में बेच डाली सरयू के कछार की जमीन

# जमीन के कारोबारियों के फेर में लोगों के फंस गए करोड़ों रुपये

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या**

**विशेष**

**अमृत विचार** : जमीन के कारोबारियों के चक्कर में आम लोगों के करोड़ों रुपये फंस गए। अब आशियाना बन पाने की राह मुश्किल हो गई। पैसे की वापसी भी संभव नहीं है। सेना के लिए अधिसूचित भूमि में प्लाट खरीदने वाले अपना सिर धुन रहे हैं। रास्ता नहीं सूझ रहा है। उन्हें कुछ न होने का आश्वासन दिया जा रहा है।

श्रीराम मंदिर को लेकर 2019 में फैसला आया। अचानक अयोध्या के आसपास जमीनों के दाम आसमान छूने लगे। कौड़ियों की जमीन लाखों में बिकने लगी। अयोध्या से लेकर सोहावल, मसौधा, पूराबाजार तक जमीन के खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। जमीन के कारोबारियों ने आम जमीनों की तरह सेना के लिए अधिसूचित भूमि को निशाने पर ले लिया। छावनी से लेकर कोटसराय तक की 13391 एकड़ जमीन सेना के लिए अधिसूचित है। यह जमीन काश्तकारों के नाम है लेकिन युद्धाभ्यास के लिए प्राधिकृत है।

इस पर निर्माण नहीं किया जा सकता है, लेकिन कुछ बड़े लोगों ने इस क्षेत्र में जमीने खरीदी और प्रतिष्ठान खड़े कर दिए गए। इसके बाद तो भूमि के कारोबारियों की लॉटरी लग गई। तैयार इमारतें वरदान बन गई। काश्तकारों से अनुबंध करके उन्हीं इमारतों को दिखाकर जमीन बेचने का धंधा चल निकला। अब तक सैकड़ों एकड़ जमीन बिक फिट और विस्वा में बिक चुकी है। रजिस्ट्री हो गई। देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के आम लोगों ने जमीने खरीद ली है।

दूर दराज से आकर जमीन खरीदने और भवन बनवाने वालों ने सोचा था वैदिक सिटी के पास अपना आशियाना बनाएंगे, दर्शन पूजन के लिए जाएंगे, लेकिन सपना धूल धूसरित हो रहा है। पीड़ित अपने साथ हुई घटना के बारे में खुलकर बोल भी नहीं पा रहे हैं।

### सर्वे में कुछ ऐसी महसूस की गई तस्वीर

केवल चार गांवों के सर्वे के एक आंकलन में मांझा कला में लगभग 60, हाजीपुर सिंहपुर में 70, घाटमपुर में 150, बनबीरपुर में 125 विस्वा से ज्यादा जमीनों की खरीद फरोख्त बताई गई है। ऊपरहार के अलावा कछार में यह जमीनें छह से आठ लाख रुपये विस्वा तक बेची गईं। इतनी ही जमीनों का दाम 30 करोड़ रुपये बनता है। अनजान आम लोगों के करोड़ों रुपये फंस गए। बातचीत में ज्यादातर लोगों ने बताया कि आशियाने के लिए खरीदा। उन्हें कारोबारियों से विभागों तक ने जानकारी नहीं दी कि इस पर भवन का निर्माण नहीं हो पाएगा। नाम न छापने की शर्त पर एक खरीदार ने कहा कि हमने तो घर बनाने के लिए जमीन खरीदी थी। धोखा हो गया। दूसरे ने कहा कि विस्वा, दो विस्वा जमीन आदमी खेती के लिए थोड़े खरीदता है। घर बनाने के लिए ही खरीदता है। लोग अब भी कार्रवाई न होने की बात समझा रहे हैं।

### रक्षामंत्री तक पहुंचा सेना के लिए सुरक्षित जमीन का मामला

अयोध्या में सेना की जमीन पर अतिक्रमण का मामला केंद्रीय रक्षा मंत्री तक पहुंच गया है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि नवंबर 2023 में हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश पारित किया कि सेना की जमीन को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। कोर्ट के आदेश और सैन्य अधिकारियों के अब तक जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के प्रयास के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटा। यह सुरक्षा में लापरवाही है। उनसे इसको लेकर निर्देश जारी किए जाने की मांग की है।

# सामाजिक समरसता के साथ मनाएं त्योहार: एडीएम

## अपर जिलाधिकारी और एएसपी ने धर्म गुरुओं व संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक, शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



आगामी त्योहारों को लेकर बैठक करते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता व साथ में अन्य।

**अमृत विचार।** आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि और रमजान माह को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के धर्म गुरुओं व संभ्रांत लोगों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

आगामी महाशिवरात्रि और रमजान माह त्योहारों को शांतिपूर्वक माहौल में सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद से विभिन्न समुदायों के संभ्रांत लोगों, धार्मिक गुरुओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया और उसके निराकरण का आश्वासन दिया गया। एडीएम ने जनपद वासियों, जुलूस कमेटी से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया है। महाशिव रात्रि का पर्व 8 मार्च को परंपरागत रूप से मनाया जाना प्रस्तावित है। उक्त त्योहार के अवसर पर हिंदू समुदाय के स्त्री, पुरुषों द्वारा जनपद के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक और पूजा-अर्चना प्रारंभ की जाती है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने संबंधित को निर्देशित किया कि पर्याप्त पुलिस प्रबंध कर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाया जाए।

### अराजकतत्वों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में असामाजिक और अराजकता, अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी, डीपीआरओ को निर्देशित किया कि नगरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्रों में साफ – सफाई व्यवस्था, एंटी लारवा, फॉगिंग और कूड़े का उठान ससमय कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रकाश की व्यवस्था ठीक कराया जाना सुनिश्चित करे।

### त्योहार में आकस्मिक सेवाएं दुरुस्त हों

एडीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान आकस्मिक सेवाएं चुस्त-दुरुस्त रखी जाए। अपर जिलाधिकारी ने आमजन से आगामी त्योहार को सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील किया। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, डीपीआरओ, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों और संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में जनपद अव्वल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में जनपद अंबेडकर नगर को प्रदेश में पुन: प्रथम स्थान मिला है। आइजीआरएस रैंकिंग में माह फरवरी 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में जनपद अंबेडकरनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। बता दें कि आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक माह जिले की रैंकिंग जारी की जाती है। प्रगति विभागवार दर्ज होती है, इसके अंतर्गत शिकायतों का ससमय और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना होता है। इसी क्रम में माह फरवरी 2024 की रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर जनपद स्तरीय समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आगे भी टीम भावना के साथ इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगे। जिलाधिकारी ने मातहतों को निर्देश दिया कि सभी सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करें और आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिससे जनपद आगे भी प्रथम स्थान प्राप्त करता रहे। तहसील रैंकिंग में प्रदेश में तहसील टांडा, आलापुर और भीटी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।



अविनाश सिंह, डीएम।

## एक नजर

### महिलाओं की देश की दिशा तय करने में अहम भूमिका

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** रामनगर ब्लाक सभागार में बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता यमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा कि पीएम मोदी ने दृढ इच्छा शक्ति का परिणाम था कि संसद में नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित कर इसे कानून बनाया जा सका। इस ऐतिहासिक बिल के पारित होने के बाद देश की नारी शक्ति को नई दिशा मिली है। उन्हें देश की राजनीति में सक्रिय हिस्सेदारी मिल गई। वह देश की दशा व दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकेंगी। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के वारासात में जनसभा में पीएम मोदी द्वारा संदेश खाली की महिलाओं का वंदन करने तथा संदेश खाली का सच बताने को भी जाना गया और लाइव प्रसारण भी देखा गया।

### सीओ ने महाशिव रात्रि को लेकर लिया जायजा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए क्षेत्राधिकारी ने सर्किल क्षेत्र के शिवालयों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व है, जिसको ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन हर संभव सकुशल निपटने के लिए प्रयत्नशील है। तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध झारखंड बाबा व पारा में इस दिन श्रद्धालुओं का सुबह 4 बजे से ही भीड़ पहुंच कर जलाभिषेक शुरू कर देते हैं। इन स्थानों पर 10 हजार से भी ज्यादा श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने पहुंचकर स्थलों का जायजा लिया और थानाध्यक्षों को हिदायत देते हुए कहा कि किसी प्रकार की समस्या श्रद्धालुओं की नहीं होनी चाहिए। मालीपुर थाना अंतर्गत झारखंड बाबा के स्थान पर पहुंचकर जायजा लिए और थाना अध्यक्ष प्रियंका पांडे को शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को संपन्न करने का निर्देश दिए।

### छात्र-छात्राओं को वितरित किया स्मार्ट फोन

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद योजना उत्तर प्रदेश के अंतर्गत पंडित राम लखन शुक्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आलापुर में बीए, बीएससी और बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को बुधवार को भाजपा नेताओं ने स्मार्टफोन का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश पांडेय, भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया, मंडल अध्यक्ष अभिषेक निषाद, भगवान पाण्डेय, श्यामनाथ शुक्ला आदि नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. ओमकार नाथ सिंह समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद में जैनी केमिकल 5800 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

## कंपनी 350 मेगावाट बिजली और ग्रीन मेथेनाल का करेगी उत्पादन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के पांच ट्रिलियन इकोनामी और मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन इकोनामी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में जनपद लगातार प्रदेश में अपना स्थान बनाता जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को 5800 करोड़ रुपए का निवेश किया गया। इससे जनपद को उद्योग जगत में एक अलग पहचान मिलेगी और जनपद नई ऊंचाइयों को छूएगा।

जैनी केमिकल और फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा जनपद में 5800 करोड़ रुपए का निवेश कर 350 मेगावाट बिजली व ग्रीन मेथेनाल उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए टांडा तहसील में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव द्वारा पूर्व में दिखाया गया था। जिसे जैनी केमिकल के प्रतिनिधियों द्वारा वहां पर अपने प्लांट लगाने के लिए आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसके क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह और उप जिलाधिकारी सचिन यादव व जैनी केमिकल की टीम ने अपर मुख्य सचिव अतरिक्त ऊर्जा स्रोत महेश चंद गुप्ता से लखनऊ जाकर बातचीत की। जिस पर अपर मुख्य सचिव द्वारा भी सहमति जताई गई। इसके बाद इस टीम द्वारा यूपीपीसीएल के अध्यक्ष आशीष गोयल से भी वार्ता की। उन्होंने भी इस प्रोजेक्ट पर सहमति जताई है।



जैनी केमिकल के प्रतिनिधियों को जमीन दिखाते एसडीएम (फाइल फोटो)।

### औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की है असीम संभावना

जनपद की स्थलीय स्थिति बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से निकट, गोरखपुर, बनारस के बीच में स्थिति और अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की असीम संभावना है।

### यूपी नेडा व जैनी केमिकल से होगा लीज करार

जनपद से 100 एकड़ जमीन नदी के किनारे लीज पर दिखाया गया। जो 30 वर्ष से अधिक के लीज पर यूपी नेडा के द्वारा जैनी केमिकल के साथ लीज करार होगा। यहां पर उनके द्वारा कृषि क्षेत्र के वेस्ट मैटेरियल जैसे– गन्ना की खोई, धान की भूसी, पराली सहित अन्य वेस्ट मैटेरियल द्वारा 1515 टन प्रतिदिन ग्रीन मेथेनॉल व बिजली का उत्पादन किया जाएगा। लगभग वर्ष भर में 20 लाख टन कृषि क्षेत्र के वेस्ट मैटेरियल की आवश्यकता होगी। इसके माध्यम से जहां एक तरफ हमें विदेशी पेट्रोल खरीद के निर्भरता में कमी आएगी।

### वेस्ट मैटेरियल के बिक्री से किसानों की आय बढ़ेगी

वहीं दूसरी तरफ कृषि वेस्ट मैटेरियल पराली आदि जलाने से प्रदूषण का भी बचाव होगा और साथ ही वेस्ट मैटेरियल के बिक्री से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। इस प्रकार बायो फ्यूल के उपयोग से वायु प्रदूषण में कमी आएगी। इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष को मिलाकर जनपद के एक लाख से अधिक लोगों को आर्थिक रूप से लाभ होगा।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जहांगीरगंज पुलिस के मुताबिक गत 2 मार्च को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर अपनी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अगवा कर लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता द्वारा दर्ज कराए गए कलमबंद बयान के अवलोकन से प्रकाश में आए दुष्कर्म व भगा ले जाने के आरोपी आदर्श उर्फ रोशन यादव को नरियावं बावली चैक से बुधवार को पुलिस टीम ने दबोच लिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का नाम: गोल्डिनगंज–छपरा के मध्य समपार सं. 42 किमी 322/6-7 और समपार सं. 39 किमी 320/9-10 एलएचएसडब्लू के पहुच मार्गो की छत और शीटिंग का कार्य। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-241, अनुमानित लागत: ₹ 93,86,267/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,87,700/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 04-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नाम: बलिया में लाइन–1 पर वाशेबुल एप्रन के रिहैबिलीटेशन का कार्य। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-242, अनुमानित लागत: ₹ 52,50,083/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,05,000/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 04-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का नाम: चिलकहर–फेफना अनुभाग के मध्य समपार सं. 01(बंद) किमी. 2/5-6 पर एलएचएसडब्लू का प्रावधान। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-243, अनुमानित लागत: ₹6,38,06,235/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 4,69,000/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 27-03-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-241 से एनईआर-बीएसबी-2023-242 दिनांक 04-04-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-243 दिनांक 27-03-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू–570

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के मनकापुर एवं लखीमपुर स्टेशनों पर WVM (Water Vending Machine) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 21.03.2024 समय 13:00 बजे एवं बंद होने की तिथि दिनांक 21.03.2024 समय मनकापुर (13:30 बजे) एवं लखीमपुर (13:40) संबंधित लॉट के अनुसार है। इस ऑक्शन के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। ई–ऑक्शन से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (E-Auction Module) पर उपलब्ध है। ध्यान दें कि ई–ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जाएगा। जो कि **www.ireps.gov.in** (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। अन्य जानकारी **www.ireps.gov.in** (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है। **ई ऑक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है। ई–ऑक्शन सूचना सं. (कैटलॉग सं.):** WVM-LMP-MUR-24; **स्टेशन:** मनकापुर; **लोकेशन:** लॉट के मुताबिक; **ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय:** दिनांक 21.03.2024 समय 13:30; **स्टेशन:** लखीमपुर; **लोकेशन:** लॉट के मुताबिक; **ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय:** दिनांक 21.03.2024 समय 13:40.

मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य, लखनऊ

मुजाधि/वा०–292

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।, **एडमिन यूनिट/जोन:–** लखनऊ – पू०उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०:–** LJN-RSLR-03-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:–** 29–02–2024 समय 13:06 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):–** 15.03.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:–** 15–03–2024 समय 13:30 बजे, **नीलामी का प्रकार:–** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

मुजाधि/वाणिज्य–288

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# थानाध्यक्ष की कार्यप्रणाली से नाराज नपा अध्यक्ष ने थाने में दिया धरना



पुलिस के खिलाफ बसखारी थाने में धरना देते नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता व अन्य।

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता को गुमराह करना बसखारी थाना अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह यादव पर भारी पड़ गया। लापरवाही बरतने के लिए बसखारी थाना अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। नगर पंचायत के पूर्व शासन काल में ठेकेदार शकील के द्वारा किए गए स्कैम के आरोप, नगर पंचायत अध्यक्ष की गाड़ी तोड़ने के मामले में मुकदमा नहीं पंजीकृत करने और बहुचर्चित वेस्ट्रीज हिल्टन स्कूल के बख्शीश खान और उनके पुत्र इमरान खान के द्वारा लगातार जारी निर्माण कार्य को लेकर दी गई सूचना के बावजूद की भी पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने आदि कई प्रकरणों को लेकर सरकार की छवि धूमिल की। जिसके चलते बुधवार को बसखारी थाना अध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज किछौछा नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता धरने पर बैठ गए। मामले की गंभीरता को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे व क्षेत्राधिकार टांडा शुभम सिंह भी मौके पर पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाकर धरना समाप्त करने के लिए मनाने लगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव को थाने से हटा दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे की सूझबूझ से धरने को समाप्त करने में सफलता मिली।

**▸▸ एएसपी और सीओ ने लापरवाही बरतने के मामले में बसखारी थानाध्यक्ष को हटाया**

### राजेश को सौंपी गई बसखारी थाने की कमान

लापरवाही बरतने के आरोप में बसखारी थाना प्रभारी जेपी सिंह यादव के स्थानांतरण के बाद बसखारी थाने की कमान राजेश कुमार सिंह को सौंप दी गई है। वहीं, जेपी सिंह यादव का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक के वाचक पद पर जिला मुख्यालय कर दिया गया है।

# मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की गई दवाएं

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** विकास खंड रामनगर के ग्राम पंचायत चहोड़ा शाहपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेगा कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा रामनगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव और जिला अस्पताल के सीएमएस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्वास्थ्य मेले में डॉक्टरों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित किया।

मुख्य अतिथि भाजपा रामनगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद ने कहा कि स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करना और पूरे राज्य में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य मेले में आयोजित मेगा कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। दशरथ यादव ने कहा कि स्वास्थ्य की हमारी पूंजी होती है। मेगा कैम्प में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान, नाक और गले की जांच के अलावा दंत चिकित्सा, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रही। इस दौरान ग्राम प्रधान सभापति मौर्य, आनन्द गौतम, सुनील गौड़, आनन्द कन्नौजिया, शिवकुमार गुप्ता, सन्तोष कुमार, रंजेश कन्नौजिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं राजकिशोर पांडे पुत्र गुरू प्रसाद पाण्डेय मेरे पुत्र दीपक पांडे का चाल–चलन ठीक नही है। जिसके कृत्यों और चलो–चलन से क्षुब्ध होकर मैं दीपक पांडे को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गए किसी भी अपराध के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे मैं व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता नही है। – **राजकिशोर पांडे पुत्र गुरू प्रसाद पाण्डेय, निवासी–रघुनाथपुर, थाना– माल, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पप्पी पत्नी नन्हके, निवासी–बादशाह खेडा, आलमनगर, लखनऊ,** मेरे पुत्र स्व0 सुदेश कुमार राजपूत की भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा राजाजीपुरम, लखनऊ है, जिसका पॉलिसी नं0 236477417 में मेरा नाम पुष्पा अंकित है जबकि मेरे बैंक एसबीआई, भपटामऊ में जिसका खाता नं0–34931987541 में मेरा नाम पप्पी अंकित है। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा नाम पप्पी अंकित है। यह कि पप्पी व पुष्पा दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रूकमणी देवी अपने पुत्र जगदीश चन्द्र आर्मी नं. –4193644 एक्स, ग्राम–बमौरा, पो. आ.–चुरापिटा, जिला– चम्पावत,** मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रूकमणी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम रेखा देवी है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेखा देवी दर्ज किया जाये।

**आवश्यकता है**

यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सूरज के कक्षा 12 सी.बी.एस.सी. बोर्ड, सत्र 2023, अनुक्रमांक–23712264 के प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश RAM RATAN AGRAHARI हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम RAM RATAN है। उक्त प्रमाण पत्र में मेरी पत्नी व पुत्र की माता का नाम GOMATI DEVI दर्ज हो गया है जो कि गलत है एवं सही नाम GOMTI DEVI है। अत: उक्त प्रमाण पत्र में मेरा व मेरी पत्नी का सही नाम दर्ज किया जाये। **राम रतन पुत्र स्व. राधेश्याम निवासी– कुदरहां, पोस्ट कुदरहां, थाना लालगंज, जिला बस्ती।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. हामदा जरीन पुत्री स्व. नूर मोहम्मद सिद्दीकी निवासिनी 4/785, विकासनगर, लखनऊ ने एक अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 01.01.2024 को श्री तारिक रहमान पुत्र शफीकुर्रहमान के पक्ष में निष्पादित किया था। स्व. हामदा जरीन का देहान्त दिनांक 08.01.2024 को हो चुका है। वसीयत पंजीकृत हेतु दिनांक 15.02.2024 को श्री तारिक रहमान ने उप निबन्धक (तृतीय), लखनऊ के कार्यालय में निबन्धन हेतु प्रस्तुत की है। इस वसीयतनामें के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय उप निबन्धक (तृतीय), लखनऊ में प्रकाशन तिथि से चालिस (40) दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा विज्ञापन के प्रकाशन तिथि के चालिस (40) दिन के अन्दर आपत्ति न प्राप्त होने पर मरणोपरान्त वसीयतनामें पर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

दिनांक:– 05/03/2024 उप निबंधक (तृतीय) लखनऊ


**कार्यक्रम** भाजपा जिलाध्यक्ष बोले– महिला सशक्तीकरण की दिशा में 15 हजार स्वयं सहायता समूहों को जा रहा है जोड़ा

# समूहों व एनजीओ से महिलाओं को किया जा रहा सशक्त

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर।

**अमृत विचार।** भाजपा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारी समितियों, कृषि, लीगल अवेयरनेस, पर्यावरण, स्किल के क्षेत्र में विशिष्ट काम करने वाली स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ की बहनों से सम्पर्क और उन्हें सम्मानित करने के लिए शक्ति वंदन अभियान 10 फरवरी से शुरू किया था। जिसका समापन समारोह पूर्वक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ बुधवार को हुआ।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने जिला मुख्यालय के लोहिया सभागार में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को सुनने के बाद कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारें स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ को आर्थिक सहायता देकर उसमें शामिल बहनों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में 15 हजार स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जा रहा है। देश में करीब 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में से 2 करोड़ महिलाएं लखपति बनेंगी। प्रदेश की 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं 1 करोड़ 75 महिलाओं को फ्री गैस सिलेंडर दिया है। प्रदेश में पहली बार 3 महिला पीएसी बतलियां की स्थापना, 1535 पुलिस थानों में 10417 महिला थानों का गठन किया है। विगत 6 वर्षों में दरोगा वा सिपाही समेत अन्य पदों पर यूपी पुलिस में 1 लाख 55 हजार से अधिक पदों पर महिलाओं की नियुक्ति भाजपा की योगी सरकार ने किया है।



संकल्प पेटिका में सुझाव डालते भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी व साथ में मौजूद धीरेंद्र प्रताप सिंह व अन्य।

### संकल्प पेटिका में डाला सुझाव

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने पार्टी कार्यालय में रखे गए विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान की संकल्प पत्र संकलन पेटिका में भाजपा नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह, चेयर मैन ओमकार गुप्ता, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, दुर्गा तिवारी, उमा शंकर सिंह के साथ अपना सुझाव डाला। शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने बताया कि शक्ति वंदन अभियान जिले की 24 स्थानों पर सम्मान हुआ। जिसमें 8635 महिलाओं ने भाग लिया।


The Ano Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### सरयू नहर में डूबने से युवक की गई जान, मचा कोहराम

**इटियाथोक, गोंडा :** सरयू नहर में डूब कर युवक की मौत हो गई। बुधवार की सुबह युवक का शव उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम भोला जोत निवासी शिवपूजन उर्फ भद्रे( 28) पुत्र मातादीन निवासी भोलाजोत चौहान पुरवा का शव दुल्हापुर पहाड़ी गांव के पास सरयू नहर में उतराता हुआ दिखाई दिया। युवक के भाई बाबूराम ने शव की पहचान कर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सरयू नहर में युवक का शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पाइप क्षतिग्रस्त होने से जलापूर्ति ठप, बढ़ी परेशानी

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत इटहियानबीजोत में निर्मित पानी की टंकी से जलापूर्ति होने वाले पाइप क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे अधिकांश ग्राम वासियो को स्वच्छ जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद वर्मा ने खंड विकास अधिकारी से मिलकर मौके की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराये जाने की मांग की है।

### पृथ्वी नाथ मंदिर का किया स्थलीय निरीक्षण

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने पृथ्वी नाथ मंदिर का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने आगामी आठ मार्च को महाशिवरात्रि के पर्व पर लगने वाले मेले की तैयारियों, पेयजल व्यवस्था व सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की। मंदिर के पुजारी जगदंबा प्रसाद तिवारी ने उन्हें यह अवगत कराया कि भक्तों को असुविधा न होने पाये इसके लिए भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

### तीन दिन से लापता युवती की तलाश कर रही पुलिस

**रुपईडीह, गोंडा :** तीन दिन पहले कौड़िया के मोहन टपरा गांव निवासी अमरनाथ ने अपनी 29 वर्षीय पुत्री अनीता के गायब होने के मामले में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि युवती की तलाश के लिए स्वजनों के साथ बीट के पुलिस कर्मियों को भी निर्देश दे दिया गया है।

### 15 मार्च तक जमा करें शत्रु संपति के संबंध में आपत्ति

**गोंडा कार्यालय :** तरबगंज तहसील के ग्राम लौव्वावीरपुर में शत्रु संपत्ति अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पाकिस्तान नागरिक मलिक शरीफ पुत्र हयाती की सम्पत्ति शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक में नियत होने के लिए प्रक्रियाधीन है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्पत्ति के भारत सरकार में निहित होने पर कोई आपत्ति हो अथवा प्रश्नगत सम्पत्ति से संबंधित कोई तथ्य अथवा कोई पक्ष रखना हो तो वह 15 मार्च से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में आपत्ति दर्ज करवा सकता है। शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक का कार्यालय सप्तम तल हाल संख्या-दो, केंद्रीय भवन, सेक्टर एच, अलीगंज लखनऊ में यह आपत्ति दर्ज की जाएगी।

# इलेक्ट्रॉनिक तौल व ई-पास मशीन से होगा वितरण

## लिंक बेल कंपनी के प्रतिनिधियों ने सदर और कर्नलगंज के कोटेदारों को किया प्रशिक्षित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** इस माह में खाद्यान्न का वितरण नये इलेक्ट्रॉनिक तौल व ई- पास मशीन से किया जाएगा। इसको लेकर सदर व करनैलगंज तहसील में कोटेदारों को प्रशिक्षण बुधवार को दिया गया। इसके बाद कोटेदारों को मशीन प्रदान की गई।

जिले में वर्तमान समय में 1393 उचित दर विक्रेताओं की दुकान संचालित हो रही है। कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने तकनीक का सहारा लिया है और खाद्यान्न का वितरण इलेक्ट्रॉनिक ताल मशीन से करने को निर्णय लिया गया है। लिंक वेल कंपनी के प्रशिक्षकों ने सदर तहसील के सभागार में प्रशिक्षित किया।


इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन के बारे में जानकारी लेते कोटेदार। अमृत विचार

कंपनी के प्रशिक्षक सत्य प्रकाश व सुधांशु ने कोटेदारों को मशीन कैसे चलाया जाए इसके बारे में तकनीकी रूप से दक्ष कराया। कोटेदारों ने भी कई समस्याओं को सामने रखा जिस पर उसका निराकरण का भरोसा दिया गया है।

प्रशिक्षण के दौरान कोटेदारों ने नेटवर्किंग की समस्या बताइए जिस पर जिला पूर्व अधिकारी ने मशीन मे वोडा तथा आइडिया के सिम के जगह पर एयरटेल व जिओ के सिम को लगाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र व्यवहार किए जाने की बात कही।

प्रशिक्षण में बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक तौल व ई-पास मशीन से जोड़ा जाएगा जब राशन कार्ड धारक को पूरा खाद्यान्न मिल जाएगा तभी मशीन से पर्ची निकलेगी । पर्ची निकालने के बाद ही खाद्यान्न वितरण होना माना जाएगा। बैटरी को प्रतिदिन चार घंटे चार्ज करने को कहा गया साथ ही समस्या आने पर संबंधित कंपनी के ब्लॉक इंजीनियर से संपर्क करने को कहा गया है। सदर तहसील में पंडरी कृपाल, रुपईडीहा, मेहनौन के करीब 250 कोटेदारों को प्रशिक्षित किया गया। उसके बाद उनको मशीन प्रदान की गई। वहीं दूसरी तरफ कर्नलगंज तहसील में भी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कोटेदारों को मशीन के संचालन के बारे में जानकारी दी गई कंपनी के प्रतिनिधि ने सभी कोटेदारों को प्रशिक्षित किया।

तहसील सदर में प्रशिक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे, पूर्ति निरीक्षक जुगल किशोर, बालेश्वर मणि त्रिपाठी, दिनेश वर्मा, अरुण, दिलीप शिवम आदि मौजूद रहे। वहीं कर्नलगंज तहसील में प्रशिक्षण के दौरान पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर, महेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भक्तों की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं ईश्वर



**गोंडा कार्यालयः**गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित पंडरी कृपाल गांव के काली माता मंदिर पर आयोजित कथा में वाल व्यास लक्ष्मी शुक्ला ने श्री राम कथा के मध्य में सुनाया की माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ पूछा कि भगवान अजन्मा है तो भगवान का जन्म क्यों हुआ। भगवान को प्रेम से बुलाओगे तो भगवान वहां प्रकट हो जाता है। भगवान हर जगह रहता है जब-जब भगत को भगवान की आवश्यकता होती है तो परमात्मा अपने भक्तों की रक्षा के लिए प्रकट हो जाते हैं। जब-जब हमारे इस धरती पर धर्म की हानि हुई है। अत्याचार हुआ है। पृथ्वी मां का अनादर हुआ है। पृथ्वी पर पाप हुआ है तब तब भगवान ने पृथ्वी का भार हरण करने के लिए पृथ्वी के सभी दुखों को दूर करने के लिए विविध प्रकार के शरीरों को धारण किया और पृथ्वी माता के दुखों को दूर किया। देवताओं का कार्य भी संपन्न किया। बाल व्यास ने कहा कि धर्म कार्य में आसुरी शक्तियां बाधा बनती हैं लेकिन जो सच्चे भक्त होते हैं बाधा को पार करते हुए धर्म कार्य में लगे रहते हैं। धर्म कार्य से ही जीवन सफल होगा। कथा के मध्य में बड़े हर्ष के साथ मनाया गया राम जन्म महोत्सव मनाया गया। इस दौरान पप्पू लंबरदार, शिवम, अनुराग श्याम, ईश्वर शर्मा शुक्ला, विमल आदि मौजूद रहे।

# 33 स्थानों पर शक्ति वंदन अभियान में भाजपा ने विपक्ष का किया घेराव

## पीएम मोदी का सुना गया लाइव उद्बोधन, महिलाओं को किया गया सम्मानित


भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में एकत्र महिलाएं। अमृत विचार


महिला को प्रमाणपत्र देते गौरा विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** शक्ति वंदन अभियान के तहत बुधवार को जिले में 33 स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन कार्यक्रम को सुना गया। नारी शक्ति को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे लिए मातृशक्ति हमारे लिए सदैव पूज्य रही हैं। टीएमसी शासन में पश्चिम बंगाल पर महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। संदेशखाली में जो कुछ भी हुआ वह शर्म की बात है। टीएमसी सरकार इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति को बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, उन्हें एक जवाब मिला है। महिलाएं बंगाल के माफिया राज को खत्म करने को निकल पड़ी हैं।

पीएम मोदी बंगाल के बारासात में कार्यक्रम के दौरान कहा, ''ये विशाल कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि बीजेपी किस तरह 'नारी शक्ति' को 'विकसित भारत' की शक्ति बना रही हैं। 9 जनवरी को बीजेपी ने देशभर में 'शक्ति वंदन' अभियान शुरू किया। इस दौरान लाखों लोगों से संवाद पूरे देश में स्वयं सहायता समूहों का काम किया गया और आज पश्चिम बंगाल में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए एक बहुत बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मोदी ने कहा कि विपक्ष कह रहा है कि मोदी का परिवार नहीं है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि पूरा भारत ही मेरा परिवार है। इसके लिए मैं पूरी ईमानदारी से देश का विकास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब से उन्हें पता चला है कि मैं लगातार तीसरी बार सरकार में आने वाला हूं। उससे वो बौखला गए।


विकसित भारत का संकल्प लोगो प्रस्तुत करते करनैलगंज विधायक अजय सिंह।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कई स्थानों पर किया गया। इस कार्यक्रम में जुटी हजारों महिलाओं को पीएम की बात सुनाई गई। जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने पड़री कृपाल ब्लॉक, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह ने कर्नलगंज ब्लॉक, सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह ने मनकापुर ब्लॉक, विधायक करनैलगंज अजय कुमार सिंह ने परसपुर ब्लॉक, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडे ने तरबगंज ब्लॉक, पूर्व मंत्री विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री ने वजीरगंज ब्लॉक, विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा ने छपिया ब्लाक में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान सभी सांसदों व विधायकों ने महिलाओं का सम्मान भी किया। कार्यक्रम का संयोजन जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में जनपद के सभी जिला पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मंडल अध्यक्ष सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मधुसूदन अध्यक्ष, विवेक महामंत्री

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल में हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संगठन के चुनाव मे नई कार्यकारिणी चुनी गई इस चुनाव में डॉ मधुसूदन अध्यक्ष और विवेक कुमार सिंह को महामंत्री चुना गया।

चुनाव में एसपी द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। डॉ फखरे आलम, डॉ विकास श्रीवास्तव, शैलेन्द्र त्रिपाठी, राकेश राही, डॉ आलोक कुमार सिंह और मुकेश त्रिपाठी संयुक्त मंत्री चुने गए। प्रतिभा सिंह महिला प्रकोष्ठ की मंत्री चुनी गई हैं। इसके अलावा अखिलेश भारती मीडिया प्रभारी, अतुल कुमार मिश्रा और मोहित सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने नव निर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सीएमसी डॉ रश्मि वर्मा, सीएमओ देवेन्द्र सिंह, बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डिप्लोमा फार्मेसी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष और मुख्य संरक्षक सालिगराम त्रिपाठी, चुनाव अधिकारी सूर्यमणि त्रिपाठी, डॉ. राजेश श्रीवास्तव घनश्याम तिवारी, अनिल श्रीवास्तव शामिल रहे।



नवगठित कार्यकारिणी के साथ सीएमओ और सीएमएस। अमृत विचार

### जंगल में पेड़ काटते युवक को पकड़ा, तीन आरोपी फरार

**मनकापुर, गोंडा :** वन विभाग की टीम ने जंगल में चोरी से सागौन का पेड़ काटते हुए एक युवक को मौके से पकड़ लिया। चार अन्य लोग मौके से अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गये। वन दरोगा की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। सादुल्लाहनगर रेंज के ऐलनपुर बीट वन दरोगा कैलाश नाथ शुक्ल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार रात हमराही गुरुबचन के साथ जंगल में गस्त के दौरान पेड़ काटने की आवाज सुनाई पड़ी। आवाज की तरफ जाकर टार्च जलाया तो देखा कि एक पेड़ सागौन का काटकर कुछ लोग उसका बोटा बना रहे थे। पूछताछ में अपना नाम सत्येन्द्र कुमार वर्मा बताया। बताया कि उसके साथ उसके चाचा हरिश्चन्द्र वर्मा तथा उसके साथी श्रवण कुमार गुप्ता व दो अन्य लोग आरक्षित वन क्षेत्र में चोरी से सागौन का पेड काटकर उसे ले जाना चाहते थे।

# आग से लाखों की क्षति

**मनकापुर, गोंडाः** बुधवार को अज्ञात कारणों से एक आटा चक्की व दो फूस के छप्पर में आग लगने से लाखों रुपये के समान जल कर राख हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल112 व अग्निशमन व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका।


आग से जला छप्पर का मकान।

क्षेत्र के ग्राम पचपुती जगतापुर निवासी विनोद कुमार सिंह पुत्र सूर्य कुमार जो गांव में आटा चक्की व किराना की दुकान करते हैं। दोपहर तीन बजे अज्ञात कारण से छप्पर में बने चक्की की दुकान में आग लग गयी। जिसमें चक्की व किराना के समान जल गए। जब तक विनोद कुमार कुछ समझ पाते दुकान के पीछे राम उजागर के छप्पर में आग पकड़ ली जिसमें रखा अनाज, भूषा व बगल में रखी कुछ फर्नीचर की लकड़ी व गृहस्थी का सामान जल कर रख हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने आनन-फानन में डायल 112 व अग्निशमन दल दिया गया। डायल 112 व अग्निशमन दल व ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। उपजिलाधिकारी यसवंत राव ने कहा कि घटना की जानकारी पर हल्का लेखपाल राम पूजन सिंह यादव को मौके पर भेजा गया है।

# नारी ज्ञानस्थली का एनएसएस शिविर शुरू

**गोंडा कार्यालयः**सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर बुधवार को महर्षि अरविन्द बाल शिक्षा मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में प्रारम्भ हुआ। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कर्नल डा विकास श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित करके किया। एनएसएस की छात्रा अंशू एवं टीम द्वारा स्वागत गीत गाकर सभी आगंतुकों का अभिनन्दन किया गया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव डा दीपेन सिन्हा, महाविद्यालय की प्राचार्या डा आरती श्रीवास्तव, उप प्राचार्या डा नीलम छाबड़ा एवं डा तन्वी जायसवाल ने शिविर लगाये जाने की उपयोगिता एवं इसके लाभों के बारे में विचार प्रकट किये। शिविर के प्रथम दिन 'साक्षरता एवं जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता अभियान' के तहत एनएसएस की छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डा मौसमी सिंह एवं डा नीतू सिंह के नेतृत्व में जानकी नगर के दो चयनित ग्राम उपरहितनपुरवा एवं रानीपुरवा में भ्रमण करके विभिन्न घरों में जाकर लोगों को साक्षरता एवं जनसंख्या नियंत्रण अभियान के प्रति जागरूक किया।


एनएसएस शिविर में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

# 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगा कोई सुराग

## फोरेंसिक टीम ने लिए नमूने, घटना के बाद लोग लगा रहे तरह-तरह के कयास

सर्राफा लूटकांड

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर के सर्राफा व्यापारी से हुई लूट के बाद दूसरे दिन पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर देर रात अज्ञात दो लुटेरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं मामले के खुलासे के लिए 7 टीमें लगा दी गई हैं। साथ ही साथ घटना के खुलासे के लिए एसओजी व फोरेंसिक टीमों को भी लगाया गया है। इसके बावजूद अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। फिलहाल सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर में कैद घटना की वीडियो रिकार्डिंग को आधार बना कर पुलिस ने छानबीन तेज कर दी है।

सोमवार की रात करनैलगंज के गुड़ाही बाजार स्थित गोपी ज्वेलर्स पर हुई लूट की घटना में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार देर रात अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले के खुलासे के लिए कई टीमें लगा दी गई हैं लेकिन सभी के हाथ अभी तक खाली हैं। मंगलवार देर रात तक पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालती नजर आई। तो वहीं पुलिस की टीमें घटना स्थल से लेकर उधर से जाने वाले सभी रास्तों पर लोगों से पूंछतांछ व जांच पड़ताल करते नजर आए। बुधवार को घटना स्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने वहां से महत्वपूर्ण स्थानों से नमूने व अन्य सुबूत एकत्र किये है।

**लुटेरों के सुराग में कई टीमें गैर जनपद रवानाः** सूत्रों की मानें तो पुलिस को मिले कुछ अहम सुरागों को आधार बनाकर पुलिस टीमें स्थानीय स्तर से लेकर गैर जनपद तक रवाना हो चुकी हैं। जहां जाकर वे लुटेरों के तलाश में तानाबाना बुन रही है। घटना के जल्द व सफल अनावरण के लिए एसपी ने कड़े निर्देश जारी किए है। बुधवार को भी पूरे दिन पुलिस टीमें जगह जगह जांच में जुटी दिखाई दी।

### सर्विलांस टीम की भी ली जा रही मदद

घटना के खुलासे के लिए पुलिस तरह तरह के जुगत भिड़ा रही है। घटनास्थल के आस-पास सक्रिय रहे नंबरों के आधार पर पुलिस लोगों से पूंछतांछ करने में जुटी है। इसके अलावा सर्विलांस टीम अपने हिसाब से नंबरों की पड़ताल में जुटी नजर आ रही है।

### कइयों को कोतवाली लाकर पुलिस ने किया पूछताछ

कोतवाल हेमंत गौड ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। आधा दर्जन लोगों को कोतवाली लाकर भी पूछताछ हुई है। लेकिन उन्हे बाद में छोड़ दिया गया। पुलिस हर पहलू को लेकर जांच में जुटी है।

अनदेखी | राजा मोहल्ला वार्ड में राजनीति की शिकार हो गई सड़क, ठेकेदार काम छोड़कर फरार

# दस साल बाद भी सीसी रोड का निर्माण कार्य अधूरा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** शहर के राजा मोहल्ला में टीकामदत्त शुक्ल के मकान से डाकघर होते हुए कांग्रेस भवन तक जाने वाली सीसी रोड का निर्माण दस साल बाद भी पालिका नही करा सकी है। लोगों का आरोप है कि यह सड़क राजनैतिक रस्साकशी का शिकार हो गई। भुगतना पूरे मोहल्ले को पड़ रहा है। कांग्रेस भवन से शुरू हुआ निर्माण बमुश्किल सौ मीटर के बाद ही ठहर गया और अबतक दोबारा शुरू नही कराया जा सका। प्रशासनिक दबाव के बाद ठेकेदार काम छोड़कर फरार हुआ और जाते जाते उसे पालिका ने काम से ज्यादा का भुगतान भी कर दिया। मोहल्ले वालों को विकास की


राजा मोहल्ला में अधूरी पड़ी सड़क।

बाट जोहते दस साल से ज्यादा हो गए लेकिन नगरपालिका और जिला प्रशासन की उदासीनता ने मोहल्ले को दुर्दशाग्रस्त कर डाला है।

वित्तीय सत्र 2013-14 में इस सड़क के निर्माण के लिए 59 लाख के बजट का निर्धारण किया गया था। राजा मोहल्ला में टीकामदत्त शुक्ला के मकान से भाजपा नेता अरुण शुक्ला के मकान और उतरौला रोड डाकघर होते हुए कांग्रेस भवन तक सीसी रोड बनाई जानी थी। इसमे एक तरफ नाली निर्माण कार्य भी शामिल था। यह ठेका जून 2014 में ही दे दिया गया था। पिछड़ा वर्ग अनुदान निधि के 17.50 लाख और राज्य वित्त आयोग के 41 लाख के संयुक्त बजट से बनने वाले इस कार्य के लिए कार्यदाई संस्था को केवल दो माह का यह कार्यादेश दिया था। इसे 19 जून से शुरू होना था। लेकिन यह काम किन्ही कारणों से 25 दिसंबर 2014 से शुरू होकर 29 दिसंबर को बंद हो गया। निर्माण केवल सौ मीटर ही कराया गया। जिसकी गुणवत्ता को लेकर लोगो ने सवाल उठाए थे। विभागीय जांच शुरू हुई ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया।

अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मोहल्ले वासियों को जाने किस बात की सजा दी जा रही है कि दो महीने का काम दस साल बाद भी पूरा नहीं कराया गया। इसे लेकर की गई दर्जनों शिकायतों के बावजूद नगरपालिका समेत जिला प्रशासन के आंख व कान बन्द हैं। प्रवीण श्रीवास्तव 'पम्मू' ने बताया कि कई बार पालिका के अधिकारियों से लिखित और मौखिक शिकायते की गई हैं लेकिन नतीजा अबतक सिफर है। मोहित सिंह, मुदित श्रीवास्तव, सुनील, रवि, अखिल, आशीष व अन्य ने बताया कि इसकी शिकायत ईओ, डीएम और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई लेकिन कहीं सुनवाई नही हो रही। बताया कि सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, बच्चे और बुजुर्ग आए दिन गिरकर चोटहिल होते रहते हैं। उधर, इस मामले में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि मामला दशक भर से ज्यादा पुराना है और उनके संज्ञान में नहीं है। कहा संबंधित प्रकरण की निर्माण अनुभाग से जानकारी की जाएगी। इस प्रस्ताव को पुनः बोर्ड में स्वीकृति के लिए रखे जाने की संभावना तलाशी जाएगी ताकि जनहित में इस सड़क का निर्माण पूरा कराया जा सके।

# द्वादश ज्योतिर्लिंगों की निकाली झांकी

तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** ब्रह्माकुमारी की स्थानीय शाखा तरबगंज की ओर से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव के 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों की झांकी निकाली गई। पकड़ी बाजार से शुरू होकर थाना चौराहा होते हुए तरबगंज बाजार से होकर स्थानीय सेवा केंद्र पर समाप्त हुई। झांकी का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडे ने 12 ज्योतिर्लिंगों की आरती करके किया। इस मौके पर संस्था से जुड़े सैकड़ों लोग शांति यात्रा में सम्मिलित रहे। साथ ही 15 वर्षों से ज्ञान में चल रहे भाई बहनों का सम्मान समारोह स्थानीय सेवा केंद्र के मेडिटेशन हॉल में किया गया। लोगों ने शिवलिंग के सामने स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन की प्रतिज्ञा ली। इसके पश्चात लोगों ने ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष तरबगंज व जिला पंचायत सदस्य विनोद पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने बताया कि अपनी कमी कमजोरी व बुराई रूपी भांग धतूरे को भगवान शिव पर अर्पित कर उनसे वरदान प्राप्त करें और सच्ची शिवरात्रि मनाते हुए अपने जीवन को धन्य बनाएं। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी ममता बहन ने किया। समस्त कार्यक्रम क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी रेखा बहन की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी बहनों में आरती, सावित्री, किरन, काव्या, प्रीति, रीना, मधु, मानसी। भाइयों में रमाशंकर, रिंकू, राहुल, सुजीत, गौतम, अशोक व ठाकुर प्रसाद तथा माता में भानुमति, सुनीता पुनीता, गुड़िया, जानकी, जगन्नाथिनी रहे।


द्वादश ज्योर्तिलिंग की झांकी निकालते भक्त। अमृत विचार

## एक नजर

### विनीता कौशल गोंडा से लोकसभा प्रत्याशी

**बेलसर, गोंडा :** राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया ने गोंडा लोकसभा सीट से एडवोकेट विनीता कौशल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि हमारी पार्टी की आज पहली प्रत्याशी की घोषणा की गई है। अन्य जिलों में भी अपने प्रत्याशी घोषित किए जायेंगे। शैक्षिक योग्यता एमए एलएलबी है।

### संदीप बने कर्मचारी संघ के जिला संगठन मंत्री

**रुपईडीह, गोंडा :** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात परामर्शदाता संदीप सिंह को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ का जिला संगठन मंत्री के पद पर चुना गया है। उनके चुने जाने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अभिषेक आनंद, डॉटर प्रवीण, चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक काजी नसीर उल हक, वीरेंद्र प्रताप चौधरी, राहुल गुप्त, अभिषेक सिंह, आनंद वाल्मीकि, वारिस अली आदि ने एकदूसरे का मुंह मीठा कराया।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य मरीजों को भेजा अयोध्या

**करनैलगंज, गोंडा :** जिला अंधता निवारण समिति गोंडा के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पर स्क्रीनिंग नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र संबंधी सभी बीमारियों का इलाज, ऑपरेशन और चश्मे की जांच एवं उचित सलाह मरीजों को दी गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य पाए गए मरीजों को अयोध्या नेत्र चिकित्सालय अयोध्या ऑपरेशन के लिए निशुल्क लैंस प्रत्यर्पण विधि ऑपरेशन से कराने के लिए भेजा गया। इसमें से राजकुमार, अन्नपूर्णा, देवी, मालती देवी, धीरजा, राजकुमारी देवी, समसुल निशा, छोटका देवी, प्यारी देवी, लक्ष्मी, रामजस, बिट्टू देवी, विटाना देवी, आमना निशा, आदि शामिल रहे जिन्हें रवाना किया गया।

# धोखाधड़ी केस में पूर्व कारागार मंत्री की जमानत खारिज, भेजे गए जेल

## उरई के डाक्टर को खनन पट्टे में पार्टनर बनाने का झांसा देकर की थी 25 लाख की ठगी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** उरई जिले के रहने वाले एक डाक्टर को खनन पट्टे में पार्टनर बनाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने बुधवार को प्रदेश के पूर्व कारागार मंत्री व कांग्रेस सांसद विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू पांडेय की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पूर्व सांसद की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि अपराध गंभीर प्रकृति का है इसलिए आरोपी को जमानत पर रिहा किया जाना न्यायोचित नहीं है। जमानत खारिज करने के साथ ही कोर्ट ने उन्हे जेल भेज दिया। मामले में वह अंतरिम जमानत पर थे।

उरई जिले के रहने वाले डा उमाशंकर सोनी ने वर्ष 2018 में पूर्व कारागार राज्य मंत्री व पूर्व सांसद के खिलाफ जिले की नगर कोतवाली में खनन पट्टे के नाम पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। विवेचना के बाद पुलिस ने पूर्व सांसद से खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में पूर्व सांसद विनय पांडेय अंतरिम जमानत पर थे। बुधवार को उनकी पूर्णकालिक जमानत के लिए कोर्ट सुनवाई कर रही थी। पूर्व सांसद ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए मुकदमें के फैसले तक जमानत दिए जाने की मांग की थी। सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय ने कहा कि चूंकि



पूर्व सांसद विनय कुमार पांडेय।

अपराध गंभीर किस्म का है और आजीवन कारावास से दण्डनीय है इसलिए आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही उन्होने पूर्व सांसद की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। जमानत खारिज होने के बाद उन्हे जेल भेज दिया गया है।

**सीबीआई कोर्ट भी सुना चुकी है सजा:** कांग्रेस के पूर्व सांसद और प्रदेश के पूर्व कारागार राज्य मंत्री विनय कुमार पांडेय उर्फ विन्नू पांडेय व उनके निजी सहायक अरविंद तिवारी उर्फ अरविंद कुमार को सीबीआई की विशेष अदालत भी वर्ष 2023 में यात्रा भत्ते में फर्जीवाड़ा, भ्रष्टाचार और घोटाले का दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष की सजा सुना चुकी है। सांसद रहने के दौरान विनय पांडेय ने वर्ष 2012 में फर्जी ई-टिकट और फर्जी बोर्डिंग पास से यात्रा दिखाकर 971384 रुपये का भुगतान ले लिया था।

### यह था पूरा मामला

**गोंडा कार्यालय :** उरई जिले के सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले डा उमाशंकर सोनी के मुताबिक चिकित्सा पेशे से जुड़े होने के कारण उनकी पूर्व सांसद विनय से जान पहचान थी। वह विनय पांडेय से कई बार उनके आवास विकास स्थित आवास पर मिल चुके थे। डा उमाशंकर का कहना है कि पूर्व सांसद ने उन्हे बताया कि उरई जिले में उनका बालू खनन का ठेका है। उनका आना जाना उरई नहीं हो पाता। पूर्व सांसद ने डाक्टर उमाशंकर को ठेके में 35 प्रतिशत का पार्टनर बनाने का वादा करते हुए उनसे 25 लाख रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद पूर्व सांसद ने सौ रूपये के स्टांप पर महीप ओझा के नाम से एक ओएमयू भी साइन कराया लेकिन जब खनन का काम शुरू हुआ तो उन्हे सूचना नहीं दी गयी। जानकारी होने पर जब उन्होने पूर्व सांसद से संपर्क किया तो उन्होने कहा कि वह उनके पैसे जल्द लौटा देंगे। डाक्टर उमाशंकर का कहना है कि वह चार साल तक अपने पैसे की वापसी के लिए चक्कर काटते रहे लेकिन उन्हे पैसा नहीं मिला। परेशान होकर उन्होने वर्ष 2022 में पूर्व सांसद विनय कुमार पांडेय के खिलाफ नगर कोतवाली में जालसाजी की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

# प्रदेश के पूर्व कारागार राज्य मंत्री और कांग्रेस पार्टी से सांसद रह चुके हैं विनय

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बलरामपुर जिले के घुघुलपुर गांव के रहने वाले विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू पांडेय वर्ष 1997 में बलरामपुर सदर सीट से लोकतांत्रिक कांग्रेस पार्टी के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए और फिर भाजपा व लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार में होमगार्ड राज्य मंत्री बने। बाद में उन्हे कारागार प्रशासन राज्य मंत्री बनाया गया।

वह वर्ष 2002 तक कारागार राज्य मंत्री रहे। वर्ष 2004 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर गोंडा से लोकसभा का चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हे श्रावस्ती सीट से प्रत्याशी बनाया और वह सांसद बने। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने उन्हे फिर से गोंडा सीट से लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन इसमें उन्हे करारी हार मिली थी। विनय कुमार पांडेय की पत्नी सीमा पांडेय भी गोंडा जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

# चुनाव के लिए गठित टीमों के सदस्यों को मिला मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण

**गोंडा कार्यालय:** बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 सकुशल संपन्न कराये जाने को लेकर जिला पंचायत सभागार में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए ईवीएम एवं सामान्य मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली व जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार तथा परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर के निर्देशन में प्रशिक्षण हुआ। जिसमें मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में मास्टर ट्रेनर्स के ज्ञान एवं दक्षता का सीधा प्रभाव निष्पक्ष एवं निर्वाध निर्वाचन संपन्न पर पड़ता है, इसलिए आवश्यक है कि मास्टर ट्रेनर निर्वाचन संबंधी छोटी से छोटी जानकारी प्रशिक्षण में प्राप्त करें तथा मतदान दलों सहित अन्य प्रशिक्षणों में उसका उपयोग स्वयं करें तथा प्रशिक्षणार्थियों को भी सिखाएं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान दल को मतदान सामग्री की पैकिंग, सामग्री वितरण, मतदान दलों को मतदान केंद्र में पहुंचाने, मतदान पूर्व एवं मतदान दिवस की तैयारी, अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतगणना तथा मतदान के दौरान आने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में स्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है।



प्रशिक्षण लेते चुनाव में लगे विभिन्न टीमों के सदस्य। अमृत विचार

### विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में परीक्षा पर हुई चर्चा

**परसपुर, गोंडा :** ब्लाक के ग्राम त्यौरासी में संचालित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बुधवार को प्रबंध समिति की बैठक आयोजित हुई। जिस में स्कूल प्रबंधन विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय में 16 मार्च से व प्रारंभ हो रही वार्षिक परीक्षा एवं 148 के सापेक्ष 146 नामांकन, डीबीटी माध्यम से नि :शुल्क ड्रेस की धनराशि आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार पांडेय ने बताया कि शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया गया। सदस्यों को प्रेरित करते हुए नए बच्चों का नामांकन कराने तथा उन्हें नियमित विद्यालय भेजने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीनानाथ, शिक्षिका भारती भौमिक, संजय, सत्येंद्र सिंह, मंगल पाण्डेय, भोले नाथ, मोहर्रम अली समेत सदस्य अभिभावक शामिल रहे हैं।

# जाम की वजह तलाशने खुद निकले मंडलायुक्त



बस स्टैंड तिराहे पर निरीक्षण करते व अधिकारियों को निर्देश देते मंडलायुक्त।

**गोंडा कार्यालय:** शहर मे हर कदम होने वाले जाम की वजह तलाशने के लिए बुधवार को मंडलायुक्त खुद ही सड़कों पर निकल पड़े। रोडवेज से गुरु नानक चौक और दुखहरण नाथ मंदिर होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी होते हुए उनका काफिला कर्बला रोड की तरफ घूम गया। घंटे भर एसपी, सीओ, एसडीएम, आरटीओ और नगर पालिका के अफसर उनके साथ साथ निरीक्षण करते रहे।

बुधवार दोपहर एक बजे रोडवेज तिराहे पर पहुंचे मंडलायुक्त को न केवल ऑटो रिक्शा और ठेले वाले बल्कि रोडवेज बसें भी इधर उधर बेतरतीब खड़ी नजर आईं। परिसर के अंदर पहुंचने पर भी उन्हें बसों की पार्किंग में बदइंतजामी नजर आई तो उन्होंने वहां मौजूद एआरएम वित्त जगपाल सिंह को सख्त निर्देश दिए। बोले जल्द ही परिसर के विस्तार के लिए नई जगह उपलब्ध करायी जाएगी लेकिन तब तक सुव्यवस्थित संचालन होते रहना चाहिए अन्यथा जिम्मेदार नाप दिए जाएंगे। उन्होंने परिसर के बाहर बसों की पार्किंग नहीं किए जाने के लिए भी सख्त हिदायत दी। रोडवेज परिसर से ही उन्होंने फोन पर एआरटीओ से रिक्शों के लिए कलर कोड व्यवस्था अब तक शुरू नहीं किए जाने का जवाब मांगा और इसे जल्द लागू किए जाने की चेतावनी भी दी। इसके बाद उन्होंने गुरु नानक चौक पर व्यवस्था देखी, उन्हें आज एक भी अवैध संचालित बस नहीं दिखी। दुखहरण नाथ मंदिर के पास ठेले वालों की बेतरतीब पार्किंग देख उनकी गाड़ी फिर थमी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा को पटरी दुकानदारों की व्यवस्था जल्द दुरुस्त किए जाने के सख्त निर्देश दिए।

### रिश्तेदारी गई लड़की की हादसे में मौत, छाया मातम

**परसपुर, गोंडा :** थाना क्षेत्र के मोहना में बुधवार को दोपहर में सड़क हादसे में चौपहिया वाहन की चपेट में आकर सात वर्षीय एक लड़की गम्भीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय जनों की मदद से घायल युवती को सीएचसी परसपुर ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में मातम छा गया। मृतका के पिता ने पुलिस को इसकी तहरीर दी है। परसपुर बाजार के मनिहारन टोला के रहने वाले दिल बहार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी पत्नी रहीमा बेटी तैयबा को साथ लेकर रिश्तेदारी में मोहना गई थी। बुधवार को दोपहर में तकरीबन पौने तीन बजे उसकी बेटी सड़क के बगल सामान लेने गयी। तभी बेलसर के तरफ से आ रही चौपहिया वाहन के जद में आकर उसकी बेटी गम्भीर रूप से घायल हो गयी। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की पूरी जानकारी ली।

# सड़क हादसे में चार जख्मी, एक की मौत

**करनैलगंज, गोंडा:** कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत भंभुआ पुलिस चौकी के आगे मसौलिया के पास दो बाइकों के आमने-सामने भिड़ंत में परीक्षा देकर वापस लौट रहे दो परीक्षार्थियों समेत चार लोग जख्मी हो गए जिसमें गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत हो गई।

घटना क्रम के मुताबिक बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के हीरापुर कमियार निवासी संतोष (22) पुत्र राजकुमार अपने घर के दो लड़के विक्रम (18) पुत्र शिव कुमार व हरिओम (16) पुत्र राजेश सिंह को बाइक से गयादीन सिंह इंटर कालेज प्रहलादगंज हाईस्कूल की परीक्षा दिलाने गए थे। तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार थे। वापस लौटते समय मसौलिया के पास सामने से आ रही एक बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सामने वाले बाइक सवार ज्ञानेंद्र शुक्ला (24) पुत्र हरिश्चंद्र निवासी रामगढ अतरौलिया समेत यह तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी राजेश मिश्रा ने घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से घायल संतोष को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया।

### उधारी वापस न मिलने पर दी आत्मदाह की चेतावनी

**करनैलगंज, गोंडा :** पूर्व प्रधान ने मित्र को उधार दिए रुपये वापस न मिलने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कचनापुर निवासी पूर्व प्रधान फरियाद ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है की ग्राम चकरौत निवासी एक व्यक्ति से उसकी मित्रता थी। करीब 12 वर्ष पूर्व मित्र द्वारा व्यवसाय करने के लिए मांगने पर उसने ढाई लाख रुपये उधार के रूप में दे दिया था। कुछ समय बाद अपनी रकम वापस मांगने पर उसका मित्र बहाने बताने लगा। उसके बाद रुपये देने से इनकार करते हुए कहा की अब रुपये की मांग की तो जान से मार दूंगा। पूर्व प्रधान का आरोप है की तब से वह रुपये वापस दिलाने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। पूर्व प्रधान ने न्याय मिलने पर तहसील परिसर में आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

# दहेज में कार व दो लाख न मिलने पर घर से निकाला

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** दहेज में कार व दो लाख नकदी न मिलने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पीड़िता ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ धानेपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी जून 2023 में बंजरिया के अखिलेश से हुई थी। शादी के वक्त मायके वालों ने दहेज में बाइक, टीवी, फ्रिज, कूलर व एक लाख नकदी दी थी। पीड़िता का कहना है कि दूसरे दिन ही पति, सास, ससुर व ननद ने उसे कम दहेज लाने का ताना देते हुए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब उसने इसकी जानकारी मायके वालों को दी तो चौथे दिन उसका भाई पीड़िता के घर पहुंचा। दहेज की मांग न पूरी होने से नाराज उसके ससुराली जनों ने उसे घर से निकाल दिया। साथ ही धमकी दी कि दहेज में कार और दो लाख रुपये बिना वापस लौटी तो जान से मार दिया जायेगा। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद वह अपने भाई के साथ मायके आ गयी। विदाई कराने से इंकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है और घटना की जांच की जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा

पत्रांकः 2135 दो–सा0प्र0/वाहन पार्किग /2023–24 दिनांकः–05 मार्च, 2024

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, गोण्डा द्वारा चौक बाजार (नगर क्षेत्र) में आने–जाने वाले वाहनों के व्यवस्थापन हेतु चुंगी गोदाम (शहर) स्थित पालिका की भूमि पर पार्किंग की व्यवस्था हेतु पार्किंग स्थल विकसित / निर्धारित किया गया है। पार्किंग व्यवस्था के संचालन हेतु (सी) श्रेणी के ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए निम्न विवरण अनुसार दिनांक 06.03.2024 से 13.03..2024 सायं 05: 00 बजे तक, ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो 14.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे निविदा समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क आर0टी0 जी0एस0 के माध्यम से खाता संख्या 50364326709 IFSC Code IDIB000C637 इण्डियन बैंक शाखा कलेक्ट्रेट परिसर गोण्डा में जमा किया जायेगा। निविदा की नियम व शर्ते www.etender-up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गोण्डा।**


# कोई नोट या शराब बांटे तो सी विजिल एप पर करें शिकायत

**गोंडा कार्यालय:** उम्मीदवारों के प्रलोभन को अब आम जनता भी सबके सामने ला सकती है। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने सी विजिल ऐप बनाया है। जिसका इस्तेमाल आम जनता और मतदाता शिकायत दर्ज करने में कर सकेंगे। यदि उन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान कहीं भी आचार संहिता का पालन होता हुआ न मिले। या कोई भी उन्हें प्रलोभन दे तो उसकी फोटो खींचकर इस ऐप पर अपलोड कर सकते हैं। सौ मिनट के अंदर चुनाव आयोग की टीम वहां पहुंचकर जरूरी कदम उठाएगी। बुधवार को मुख्य राजस्व अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त एसडीएम व चुनाव में लगे अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मौजूदा समय में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें करने और कार्रवाई करने के लिए तेज गति से काम करने की जरूरत महसूस की है। सीविजिल ऐप का अर्थ की जागरूक नागरिक है। इसमें फास्ट-ट्रैक कम्प्लेन, रिसेप्शन और निवारण प्रणाली विकसित की गई है। सीविजिल ऐप चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता और उम्मीदवारों के खर्च संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक अभिनव मोबाइल फोन ऐप्लिकेशन है। जो लाइव फोटो व वीडियो ही कैप्चर करेगा।

### लोकसभा चुनाव को लेकर निषाद पार्टी की हुई बैठक

**नवाबगंज, गोंडा :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र मनकापुर के कोठा गांव में बुधवार को निषाद पार्टी की बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष रामानंद निषाद ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग संजय कुमार निषाद द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है। लोगों से आह्वान किया गया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए के गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करें और संगठन जिलाध्यक्ष राजकुमार निषाद ने कहा कि एनडीए सरकार में हमारे निषाद पार्टी को जो सम्मान मिल रहा है ऐसे मिलता रहेगा तो निषाद पार्टी एनडीए सरकार का समर्थन किया जाएगा। इस मौके पर राकेश निषाद, दिनेश निषाद, राजा बाबू, जसवंत संतोष, रामधनी, डॉ. अजय, अनिल, दयाराम, उदयराज, दिनेश, पलकधारी, सिद्धनाथ, राजित राम, गंगाराम रहे।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर दिया गया जोर

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** करनैलगंज ब्लॉक सभागार में बुधवार को आयोजित हुए नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने एवं सरकार की योजनाओं से उन्हें स्वावलंबी बनाने पर बल दिया। विकासखंड स्तर पर महिलाओं के समूह को हर संभव मदद उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रही है और हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा आगे निकल रही है। उन्होंने समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार का अवसर देने की बात कही। सांसद कार्यक्रम के दौरान अपनी कुर्सी छोड़कर महिलाओं के बीच जाकर बैठ गए। जो जबरदस्त चर्चा का विषय बना। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिदिन रामजीलाल मोदनवाल, जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, देवेंद्र दीक्षित आदि मौजूद रहे।



नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं से मिलते सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह।


## कार्यालयः नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जनपद- गोण्डा

पत्रांकः अधि0अधि0 / 38 / विविध ठेका / नं0पा0प0न0 / 2024 दिनांक : 06 मार्च, 2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जनपद– गोण्डा द्वारा वित्तीय वर्ष : 2024–25 में विविध ठेके के लिए बोली लगाने हेतु बोली दाताओं को आमंत्रित किया जाता है। ठेकों का विवरण निम्नवत है–

| क्रम | ठेके का नाम | प्रारंभिक बोली की धनराशि | धरोहर धनराशि | बोली शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेकाः विज्ञापन शुल्क | रू0–25,000.00 | रू0–500.00 | रू0–500.00 | वित्तीय वर्ष : 2024– 25 हेतु |
| 2 | ठेकाः पार्किग शुल्क | रू0–21,36,750.00 | रू0–42,725.00 | रू0–2100.00 | |
| 3 | ठेकाः खोवा मण्डी | रू0–12,80,000.00 | रू0–25,600.00 | रू0–1000.00 | |
| 4 | ठेकाः मैरेज हाल | रू0–16,00,000.00 | रू0–32,000.00 | रू0–2000.00 | |

1– उपरोक्त ठेकों हेतु दिनांकः 13.03.2024 के दोपहर 12: 00 बजे से निकाय कार्यालय प्रांगण में स्थित सभाकक्ष में बोली लगाई जायेगी। बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं।

2 – बोली हेतु निर्धारित बोली का शुल्क एवं धरोहर धनराशि दिनांकः 12.03.2024 को अपरान्ह 05: 00 बजे तक निकाय कार्यालय में जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं।

3 – बोली का शुल्क एवं धरोहर राशि (प्रत्येक बोली के लिए अलग–अलग) अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जनपद – गोण्डा के पक्ष में दिनांकः 12.03.2024 को शाम 05: 00 बजे तक पंजाब नेशनल बैंक में संचालित निकाय के खाता सं0–4158002100000432 आई.एफ.एस.सी. कोड – PUNB 415800 में R.T.G.S./N.E. F. T अन्य डिजिटल माध्यम से अथवा निकाय कार्यालय में नकद जमा अथवा एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, के नाम बंधक होगी, के माध्यम से जमा की जा सकती है। इस मद में जमा की गयी धनराशि की रसीद की बोली प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से जमा की गई जमानत राशि एवं शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

4 – बोली प्रपत्र के साथ संलग्न अभिलेखों के फर्जी या गलत पाये जाने पर सम्बन्धि के बोली प्रपत्र को निरस्त कर दिया जायेगा और सम्बन्धित को बोली में प्रतिभाग करने से प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा।

5– ऐसे व्यक्ति जिनका अपराधिक रिकार्ड है अथवा निकाय की कोई देयता उस पर बकाया है। वह बोली प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।

6– ठेका स्वीकृति होने पर कार्य करने हेतु रू0 –100.00 के स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध के समय स्वीकृत बोली का 50% जमा करना अनवार्य होगा। इसके उपरान्त ही कार्य हेतु कार्यादेश जारी किया जायेगा। शेष बकाया धनराशि को माह जुलाई के अंत तक जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में ठेका निरस्त कर दिया जायेगा और पुनः ठेका उठाने में जो व्यय होगा उसको सम्बन्धित से वसूल किया जायेगा।

7– ठेके और उससे सम्बन्धित किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद – गोण्डा होगा।

8– एक या समस्त ठेकों को कभी भी बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

9 – विविध ठेकों से सम्बन्धित समस्त नियम, शर्ते व अनुमान तथा कार्यो की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**(अभिषेक कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**

**(सत्येन्द्र कुमार सिंह)**
**अध्यक्ष**


# कंपोजिट ग्रांट की धनराशि को लेकर मची रार

**गोंडा कार्यालय:** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों को भेजी जाने वाली कंपोजिट ग्रांट की धनराशि को लेकर ग्राम प्रधान संघ व शिक्षक संघ में रात ठन गई है। ग्राम प्रधान संघ ने सीडीओ को पत्र देकर कंपोजिट ग्रांट के खर्च की जानकारी को सार्वजनिक करने की मांग की है। वहीं शिक्षक संगठनों का कहना है कि कायाकल्प योजना के तहत खर्च की गई धनराशि का ब्योरा स्कूल की दीवारों पर लिखकर सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने बीते 23 फरवरी को डीएम व सीडीओ को संबोधित पत्र में लिखा था कि कंपोजिट ग्रांट की धनराशि विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में भेजी जाती है। यह खाता एसएमसी अध्यक्ष व स्कूल के प्रधानाध्यापक के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित होता है इसलिए ग्राम प्रधान को इस धनराशि के खर्च की जानकारी नहीं हो पाती। संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने इस धनराशि के खर्च को लेकर भी सवाल उठाया था और प्रधानाध्यापक तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष पर मनमानी तरीके से पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। उन्होने मांग की थी कि इस खाते का संचालन या तो ग्राम पंचायत से कराया जाय अथवा आय व्यय सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण जानकारी सभी ग्राम पंचायतों को समय से दिया जाए। सीडीओ एम अरुन्मौलि ने इस पत्र को बीएसए को भेजा था। पत्र के क्रम में बीएसए प्रेमचंद यादव ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को कंपोजिट ग्रांट से खर्च की जाने वाली धनराशि का विवरण संबंधित ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सोशल मीडिया पर इस मांग को लेकर बहस छिड़ी हुई है।



उमापति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष–ग्राम प्रधान संगठन। अमृत विचार



अशोक पांडेय, जिलाध्यक्ष– पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ। अमृत विचार

> ग्राम पंचायत स्वयं कार्यदायी संस्था है और ग्राम प्रधान उसका अध्यक्ष होता है। इसलिए ग्राम पंचायत में हो रहे सभी प्रकार के कार्यो की निगरानी करने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की होती है। प्रधानाध्यापक तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष मनमाने तरीके से पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसलिए इस खाते का संचालन या तो ग्राम पंचायत से कराया जाय अथवा आय व्यय संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी सभी ग्राम पंचायतों को समय से दिया जाए।
>
> **-उमापति त्रिपाठी,** जिलाध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन

> परिषदीय स्कूलों में कराए गए कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विभाग शिक्षकों पर दबाव बना रहा है जबकि ग्राम पंचायतों के तरफ से क्या कार्य कराए जा रहे हैं इसकी जानकारी शिक्षक को नहीं है। ऐसे में पंचायतों की तरफ से विद्यालय में कराए गए कार्यों और उन पर खर्च की गयी धनराशि का हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए ताकि शिक्षक इसका विवरण विभाग को उपलब्ध करा सके।
>
> **-अशोक पांडेय,** जिलाध्यक्ष, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ

शिक्षकों का कहना है कंपोजिट ग्रांट का खर्च सार्वजनिक करने में उन्हे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन ग्राम प्रधानों को भी ऑपरेशन कायाकल्प से स्कूलों में कराए जाने वाले कार्यों के खर्च को सार्वजनिक करना चाहिए। शिक्षकों का कहना है ऑपरेशन कायाकल्प में क्या हो रहा है यह किसी से छिपा नहीं है।

# नारी तू नारायणी की परिकल्पना को साकार कर रही भाजपा

पयागपुर/मिहींपुरवा/ हुजूरपुर/बाबागंज



पयागपुर हुजूरपुर और मिहींपुरवा में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुनतीं महिलाएं और संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** महिला शक्ति वंदन एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री का वर्चुअल सम्बोधन सुना। जिले के सभी ब्लॉक में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

ब्लॉक मुख्यालय सभागार में बुधवार को विकास क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने महिला शक्ति वंदन व स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुना। विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है, उन्होंने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख गीता देवी, मंडल अध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, महामंत्री अजीत शुक्ला, मंगल प्रसाद शुक्ला, आनंद शुक्ला राजन तिवारी प्रखर सिंह मंडल प्रभारी, डॉ महेंद्र पाठक, कपीस सिंह, विपिन त्रिपाठी, आनंद शुक्ला, प्रधान बराती लाल वर्मा, राजेश विश्वास सभासद मुकेश शर्मा सहित तमाम महिलाएं अन्य गणमान्य मौजूद रहे। हुजूरपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी तू नारायणी की परिकल्पना को साकार करते हुए नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के लाइव प्रसारण हेतु हुजूरपुर ब्लॉक सभागार में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने रहना कार्यक्रम का संयोजन बृजेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि जिला संयोजक आईटी प्रमोद पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अश्विनी सिंह शनि के साथ प्रशानिक प्रतिनिधि के रूप में खंड विकास अधिकारी अनुभा श्रीवास्तव उपस्थित रही। उन्होंने उज्जवला योजना, पी एम आवास योजना, आयुष्मान योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री हरिकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता टीएन सिंह, रामू पाठक, प्रमोद सिंह, राजेश सिंह, जटाशंकर तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मिहींपुरवा नगर पंचायत के अस्थाई कार्यालय में प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। तथा उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर कार्यालय के कर्मचारी अमित वाल्मीकि, दीपक मदेशिया, खुशवंत तथा नगर पंचायत से आयी हुई महिलाओं में रामवती देवी, समुंद्री देवी अनीता, भानमती, सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। उधर बाबागंज में ब्लॉक प्रमुख कार्यालय परमहंस कुटी बाबागंज पर किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना इसके बाद ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सरकार ने महिला उत्थान के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई है जिनका आप सभी भरपूर लाभ उठाएं। चैयरमैन डा उमाशंकर वैश्य ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मुद्दे पर काम कर रही है। मंडल प्रभारी ने कहा कि सरकार सबके हित में कार्य कर रही है मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में एसपी सिंह, विजय तिवारी, रतन अग्रवाल, देवेंद्र पाठक, महराजदीन बर्मा, सर्वेश मिश्रा सहित भाजपा पदाधिकारी व स्वयं सहायता समूह की बहनें मौजूद रहीं।

## निर्वाचन व्यय लेखा टीम का हुआ प्रशिक्षण

**बहराइच :** आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के लिए गठित लेखा टीम को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा व्यय अनुवीक्षण हेतु उनके दायित्वों की जानकारी देने हेतु मंगलवार को देरशाम कोषागार बहराइच में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। मौके पर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के सहायक प्रभारी शिवेन्द्र पाण्डेय व बाबूराम, सरयू नहर खंड नानपारा के खण्डीय लेखाधिकारी अंकुर वर्मा, सरयू नहर खण्ड-1 नानपारा के अभिनव तिवारी, लोनिवि निर्माण खण्ड-1 के वरिष्ठ खण्डीय लेखाधिकारी सूबेदार सिंह यादव, निर्माण खण्ड-2 के अरूण कुमार त्रिपाठी, निर्माण खण्ड-3 के सै. हामिद अली, सरयू नहर खंड-पंचम के खण्डीय लेखाधिकारी शैलेश कुमार वर्मा, सरयू नहर खंड -सप्तम के खण्डीय लेखाधिकारी हरिकृष्ण मौजूद रहे।

### एक नजर

#### एसपी के निर्देश पर दर्ज हुआ केस

**कैसरगंज, बहराइच :** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनारी चौराहा स्थित देसी शराब की दुकान में चोरों ने दो मार्च की मध्य रात को चोरी की। शराब की दुकान में रखा 65000 रूपये नकदी एवं पांच पेटी शराब लेकर चोर फरार हो गए। पीड़ित देवराज सिंह अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना कैसरगंज में जब तहरीर दी तो उसे कई दिनों तक थाने का चक्कर काटना पड़ा लेकिन जब फरियादी की फरियाद नहीं सुनी गई तो फरियादी ने कप्तान से लगाई न्याय की गुहार और कप्तान के आदेश पर कोतवाली कैसरगंज में केस दर्ज हुआ है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

#### एनबीडब्ल्यू के वारंटी को भेजा जेल

**बहराइच :** कोतवाली देहात क्षेत्र के टेडवा बसंतपुर गांव निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र धर्म सिंह के विरुद्ध केस दर्ज है। वह काफी समय से फरार चल रहा है। जिस पर न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी किया है। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सोनकर, हेड कांस्टेबल सतेंद्र बहादुर आहे सर्वेश यादव की टीम ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

#### तीन अभियुक्त पकड़े गए

**मोतीपुर, बहराइच :** मोतीपुर पुलिस ने एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक जनार्दन गिरी, एसआई राघवेंद्र सिंह, शोभ नाथ यादव और अमित कुमार यादव की टीम ने मोतीपुर निवासी घनश्याम, सर्रा कला गांव निवासी अमिरका और पुरैनी बक्श गांव निवासी सुरेंद्र कुमार को पकड़ा गया। सभी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# खाने को लेकर बरातियों में मारपीट, एक की हुई मौत

## पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम को भेजा

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के रामनगर गांव में मंगलवार रात को बरात आई। खाने को लेकर रात 11 बजे बरातियों और गांव के लोगों में विवाद हो गया, जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक बराती की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया है। मृतक बराती के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या, बलवा फैलाने, एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रुपईडीहा थाना अंतर्गत रामनगर गांव निवासी बेचन लाल के यहां मंगलवार रात को थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी संदीप पुत्र निवास बरात लेकर पहुंचे। रात में अन्य कार्यक्रम के साथ दूल्हे और दुल्हन पक्ष के लोगों ने खाना खाना शुरू कर दिया। खाने को लेकर दूल्हे पक्ष के रिश्तेदार रामगांव थाना क्षेत्र के बल्दीसिंह पुरवा गांव निवासी सोनू आर्य पुत्र बांकेलाल और खैरीघाट थाना क्षेत्र के शिवपुर बाजार निवासी जगदीश के पुत्र संजय कुमार ने उलाहना दिया। इससे लड़की पक्ष के गांव के लोग नाराज हो गए। खाने को लेकर रामनगर गांव निवासी गुड्डू वर्मा से विवाद के बाद गुड्डू वर्मा पुत्र ओंकार



विवाद के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

वर्मा डब्लू वर्मा पुत्र बहुरि वी मोटेरू वर्मा पुत्र अज्ञात ने मिलकर लाठी डंडे और लोहे के राड से बरातियों को मारा पीटा। जिसमें दूल्हे के रिश्तेदार सोनू आर्य और संजय कुमार घायल हो गया आसपास के लोगों की मदद से घायलों को बाबागंज में स्थित अस्पताल में लाया गया। यहां सोनू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि संजय का इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह बाबागंज चौकी इंचार्ज बाल गोविंद वर्मा, सीओ नानपारा राहुल पांडे और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बयान दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्राण घातक हमला करने, मारपीट करने, बलवा फैलाने, हत्या करने और एससी एसटी एक्ट का मुकदमा गुड्डू वर्मा समेत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**तीनों आरोपी हुए गिरफ्तार**

खाने को लेकर रात में विवाद हुआ था। जिसमें मारपीट हुई और एक बराती की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची। तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

–डॉ.पवित्र मोहन त्रिपाठी, एएसपी ग्रामीण

## बकाया पैसा मांगने पर बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर से सटे ग्राम पंचायत मसीहाबाद निवासी एक वृद्ध ने बकाया पैसा मांगा तो दबंग ने उसकी पिटाई कर दी। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के मसीहाबाद निवासी 80 वर्षीय ताहिर को उसके ही गांव निवासी कलीम ने सिर्फ इसलिए पीट दिया क्योंकि बुजुर्ग द्वारा अपना बकाया पैसा कलीम से मांग लिया गया। 80 वर्षीय बुजुर्ग अपने घर में छोटी सी दुकान रखकर अपनी जीविका चलता है। कलीम द्वारा कुछ सामान लिया गया था। जिसका पैसा नहीं दिया गया था जब ताहिर द्वारा अपने बकाया पैसे की मांग की गई तो पहले तो कलीम ने उसे बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा। उसके कपड़े फाड़ दिए और पत्थर से बुजुर्ग का सर फोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया साथ ही आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मिहींपुरवा तहसील प्रदेश में अव्वल

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार :** आईजीआरएस के निस्तारण में जनपद के तहसील मिहींपुरवा ने उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में दूसरी बार प्रथम रैंक प्राप्त की है। जिले के 6 तहसीलों में से मिहींपुरवा ने प्रथम रैंक हासिल की है।

एसडीएम ने बताया कि माह फरवरी में आयी कुल शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराया गया है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया करते है। जनसुनवाई पोर्टल के कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है। एसडीएम ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को तहसील कार्यालय को ऑनलाइन भेजा जाता है प्राप्त संदर्भ की जांच ऑनलाइन दिए गए समय के अनुसार संबंधित को भेज दी जाती है। शिकायत करने वाले व्यक्ति कार्रवाई संतुष्ट है कि नहीं जानकारी भी ली जाती है। जिससे कि की गई जांच की गुणवत्ता को जाना जा सके। प्रदेश में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का राज्यस्तरीय मूल्यांकन किया गया। एसडीएम संजय कुमार ने बताया जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश में हम सभी कुशलता पूर्वक जनता की सेवा में लगे है। जनता की मुस्कान हमारी सफलता है, इसमें उत्तर प्रदेश में दूसरी बार मिहींपुरवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तहसील में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में मिहींपुरवा तहसील नंबर वन दो बार बनी। अधिकारियो व कर्मचारीगणों की कार्यशैली के चलते प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और आगे भी इसी तरह से तहसील की समस्त टीम जनता की सेवा में लगी हैं समस्या का निस्तारण ही हमारी प्राथमिकता है।



एसडीएम संजय कुमार।

# सड़क हादसों में सेल्समैन की मौत, एक घायल

राजीचौराहा/महसी

**अमृत विचार:** जिले के हरदी और नानपारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें एक कम्पनी के सेल्स मैनेजर की मौत हो गई। जबकि नानपारा में युवक घायल हुआ है।



(फाइल फोटो)।

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर निवासी संदीप बाजपेई पुत्र राम नरेश बाजपेई आयशर ट्रैक्टर एजेंसी में सेल्समैन के पद पर तैनात थे। उनके भाई द्वारा हरदी में भी शाखा खोली गई है। मंगलवार रात को सेल्समैन बाइक से हरदी जा रहे थे। हरदी और खैरीघाट थाना क्षेत्र की सीमा पर थैलिया गांव के पास बाइक सवार पेड़ से टकरा गए। आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टर ने सेल्समैन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कोतवाली नानपारा के नानपारा बहराइच मार्ग पर भवनियापुर टोल प्लाजा के पास बाइक सवार ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सार-संक्षेप

#### न्यायिक कार्य में सहयोग करेंगे अधिवक्ता




कैसरगंज में वकीलों के साथ बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** तहसील कैसरगंज में नवागंतुक उप जिलाधिकारी न्यायिक कैसरगंज लालधर यादव व तहसीलदार वशिष्ठ कुमार वर्मा ने बार एसोसिएशन कैसरगंज के अधिवक्ताओं से परिचय के लिए तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित के अध्यक्षता में परिचय समारोह आयोजित किया। बार एसोसिएशन कैसरगंज के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्रा ने कार्यक्रम संचालन किया और नवागंतुक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के मध्य क्रम वार परिचय करवाया तथा उपस्थित अधिकारियों ने शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करने का आश्वासन भी दिया। बार एसोसिएशन कैसरगंज के सभी सदस्यों ने एक स्वर में न्यायिक कार्य में सहयोग करने का करने का भरोसा दिया। इस कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्रा, महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा व अधिवक्ता वेद प्रकाश सिंह, विजय प्रताप सिंह, अजय श्रीवास्तव, राज किशोर यादव, नसीब खां, विनोद कुमार चौहान, नारायण शर्मा, विनोद कुमार बिसेन, सत्य शरण सिंह, संतोष सिंह, बालक राम सरोज, मनोज कुमार सिंह, अखिलेश यादव, शिशिर श्रीवास्तव, हसन रजा, अशोक कुमार, शंभू दत्त यादव, सतीश यादव, विजय प्रताप सिंह, हरीराम, शिवम सिंह बिसेन, योगेश कुमार मिश्रा, नकछेद यादव, देशराज पाल, जियाउल हक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

#### सरयू नदी में मिला लापता युवक का शव

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के किशुनपुर मीठा ग्राम पंचायत के टिकुवापारा गांव निवासी एक युवक सोमवार शाम को लापता हो गया था। बुधवार सुबह उसका शव शहर से सटे सरयू नदी से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर मीठा गांव निवासी हेमराज वर्मा (30) पुत्र जगेश्वर प्रसाद सोमवार शाम को घर से रहस्यमय हालत में लापता हो गया। परिवार के लोगों ने खोजबीन की, इसके बाद थाने में तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू की। परिवार के लोग हेमराज की तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह 10 बजे शहर से सटे झिंगहा घाट स्थित सरयू नदी में युवक का शव दिखा। उसे बाहर निकलवाया गया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि हाईवे चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नदी से शव निकलवाकर उसकी पहचान करवाई। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया मृतक के बड़े भाई राम सूरत ने पहचान की। भाई के मुताबिक वह मानसिक रूप से बीमार था।

#### मार्च में ब्लाक स्तर पर आयोजित होंगे रोजगार मेले

**बहराइच, अमृत विचार :** प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा माह मार्च में विकास खण्ड मुख्यालयों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 7 मार्च को विकास खण्ड जरवल व नवाबगंज, 9 को तेजवापुर व कैसरगंज, 10 को जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच, 11 को बलहा एवं पयागपुर तथा 12 मार्च को विकास खण्ड हुजूरपुर एवं महसी में आयोजित रोज़गार मेले में सिक्योरिटी स्किल्स काउन्सिल इण्डिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सैनिक पद हेतु बेरोज़गार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। सुरक्षा सैनिक पद हेतु हाईस्कूल उत्तीर्ण आयु 21 से 37 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 167 .5 सेमी को मासिक वेतन 14000 से 22000, सुपरवाइजर पद हेतु इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण आयु 21 से 37 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 167 .5 सेमी को मासिक वेतन 16000 से 25000 रुपये देय होगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर प्रात : 10 बजे अपने ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचकर रोज़गार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की दो फोटो लाना अनिवार्य होगा।

# अब मौके पर ही किसानों को मिलेगा कृषक अंश

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के किसानों के लिए खुशखबरी है। अब पास मशीन से आधार कार्ड के द्वारा खाद खरीदते ही उन्हें तुरंत कृषक अंश का लाभांश मिल जाएगा। इसका शुभारंभ बुधवार से हो गया है। लखनऊ में हुए शुभारंभ कार्यक्रम का जिले में सजीव प्रसारण किया गया। जिले के किसानों को बीज और खाद की खरीद पर सब्सिडी उनके खाते में बाद में भेजी जाती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है, जिले के किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडार पर खाद और बीज आधार कार्ड का अंकन करवाने के बाद ई पास मशीन से खरीदना होगा। इसके बाद तुरंत उन्हें कृषक लाभांश मिल जायेगा। इस अभियान का बुधवार को लखनऊ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुभारंभ किया। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि अब किसानों को मौके पर ही कृषक अंश मिल जाएगा उन्होंने बताया कि अब तक किसानों को अनुदान के रूप में बाद में सब्सिडी दी जाती थी, लेकिन खाद और बीज के खरीद करने वाले किसानों को सिर्फ उन्हें खरीद मूल्य का ही व्यय करना पड़ेगा, शेष रकम उन्हें मौके पर ही वापस कर दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में 14 राज के बीच भंडार संचालित हैं यहां पर जो भी किस आधार कार्ड के द्वारा बी और खाद की खरीद करेगा, उसे इसका लाभ मिलेगा।



कृषि मंत्री के कार्यक्रम को लाइव देखते जिला कृषि अधिकारी।

# डिजिटल प्लेटफार्म टीकाकरण को यू विन बनायेगा सुगम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में यू -विन का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सीएमओ डा0 राजेश गौतम की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ। प्रशिक्षण शिविर मे चिकित्सक, एआरओ, बीपीएम और डाटा एंट्री ऑपरेटर मौजूद रहे। बैठक का आयोजन यूएनडीपी के द्वारा कराया गया।

सीएमओ सभागार मे आयोजित प्रशिक्षण शिविर मे प्रभारी सीएमओ डा0 राजेश गौतम ने बताया की यू-विन एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो गर्भवती महिलाओ और शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण को जोड़ने मे मदद करता है यह एप टीकाकरण प्रबंधन को और सुगम बनाने मे मदद करेगा और उन्हे जानकारी रियल टाइम मे अपडेट करता है।बैठक में डी आई ओं डा. एस के सिंह द्वारा बताया गया यू विन पोर्टल के माध्यम से न केवल समस्त गर्भवती माता और 0 से 5 साल के बच्चों का टीकाकरण का विवरण ऑनलाइन अपडेट होगा बल्कि लाभार्थी अपने मोबाइल से भी टीकाकरण हेतु रियल टाइम पंजीकरण कर सकते हैं टीकाकरण के उपरांत अगले टीकाकरण की तिथि की सूचना एसएमएस के माध्यम से पोर्टल लाभार्थी के मोबाइल पर भेजेगा इसके अलावा जो लाभार्थी किसी दूसरे प्रदेश में चले जाते हैं या फिर भारत देश के किसी भी कोने में रह रहे हैं होंगे उनको भी टीकाकरण की छुटी खुराक यू विन पोर्टल के माध्यम से देने में आसानी होग/ यूएनडीपी के प्रतिनिधि राजकुमार श्रीवास्तव द्वारा यू विन पोर्टल के संचालन संबंधित तकनीकी विषयों के बारे में समस्त प्रशिक्षकों को बताया जिसमें मुख्ता एरिया मैपिंग सेशन साइट बनाना सत्र ओपन करना लाभार्थी को ढूंढनाआदि विषय सम्मिलित थे इस अवसर पर ए सीएमओ डॉ बंदिल, यूनिसेफ के मंडलीय समन्वय श्री सतीश कुमार यादव, डीएमसी दिलीप मिश्रा, एस एमओ डबल्यूएचओ विपिन लेखारे, एआरओ मुशरफ, डीपीएम सरजू खान, बृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।




प्रशिक्षण को अंतिम दिन संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

सुविधा | बहराइच-श्रावस्ती के सभी डाकघरो में 30 रुपये में रहेगा उपलब्ध

# डाकघर से मिलेगा ऋषिकेश का गंगाजल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** अगर आप को महाशिवरात्रि पर शिव को गंगाजल चढ़ाना है तो इसके लिए हरिद्वार या अन्य जिले को नहीं जाने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार की ओर से जिले के डाकघर को गंगाजल भेजा गया है। सभी गंगाजल लेकर शिव को अर्पित कर सकते हैं।

गंगाजल को हिंदू समाज में काफी पवित्र माना गया है। किदवंती है कि इसके छिड़काव से घर पवित्र हो जाता है साथ ही शिव को गंगाजल अर्पित करने पर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी होती है। इसको देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से सभी डाक घरों में गंगा जल बिक्री करने के लिए भेजा गया है।

प्रधान डाकघर के डिप्टी पोस्ट मास्टर माधव राज पांडे ने बताया कि बहराइच के श्रावस्ती जनपद में 30 पोस्ट ऑफिस स्थित है।

सभी स्थान पर उत्तराखंड के ऋषिकेश से गंगाजल आया है जिस पर भारतीय डाक विभाग का मोहर लगा हुआ है। जिले के लोग गंगाजल की खरीद कर शिव का जलाभिषेक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर गंगाजल की काफी महत्व होती है। अप पोस्ट मास्टर ने बताया कि 250 सीसी गंगाजल को 30 में बेचा जा रहा है क्षेत्र के किसी भी डाकघर में जाकर लोग गंगाजल खरीद सकते हैं।



प्रधान डाक घर में गंगा जल के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

**मुहर लगा ही बोतल है असली**

प्रधान डाकघर के अप पोस्ट मास्टर माधव राज पांडे ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से उत्तराखंड के ऋषिकेश से जो गंगाजल डाकघर को भिजवाया जा रहा है, उसमें डाक विभाग का मोहर लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि जिस बोतल पर मुहर नहीं है, वह गंगाजल ऋषिकेश का नहीं हो सकता है। ऐसे में सभी लोग देखभाल कर ही गंगाजल की खरीद करें।

# 15 किलो गांजा के साथ 3 गिरफ्तार

विशेश्वरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** पुलिस और एसओजी टीम ने विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में कार और बाइक सवार को 15 किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा को सीज कर तीन तस्करों के विरुद्ध केस दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को श्रावस्ती और बहराइच की सीमा पर गांजा की खेप आने की सूचना मिली। जिस पर उन्होंने एसओजी और विशेश्वरगंज थाने की पुलिस को सख्त निगरानी के निर्देश दिए। सीओ हीरालाल कनौजिया की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी राज कुमार पांडेय, उप निरीक्षक गुलाब सिंह, राम मिलन सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप यादव, दीनानाथ शुक्ला समेत अन्य की टीम ने थाना क्षेत्र के श्रावस्ती मंदिर बॉर्डर के पास से एक कार और बाइक सवार को मंगलवार रात में पकड़ा गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार से 15 किलो 425 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसे सीज कर दिया गया है। जबकि गांजा तस्करी और बिक्री के मामले में श्रावस्ती जिले के नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के कटरा निवासी सोमनाथ गुप्ता पुत्र छेदीलाल गुप्ता, इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर गांव निवासी विजय कुमार गोस्वामी पुत्र जीवनलाल गोस्वामी और गोंडा जनपद के कौड़िया थाना क्षेत्र के कौड़िया मदारा गांव निवासी बच्चालाल को गिरफ्तार किया गया। सभी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# भाजपा प्रत्याशी का विरोध, नारेबाजी कर जतायी नाराजगी

## घोषित प्रत्याशी के बाहरी होने का लगाया आरोप, पदाधिकारी बोले- विरोध करने वाले भाजपा से नहीं

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर बुधवार को क्षेत्र के कुछ लोगों ने भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के विरोध में नारेबाजी की। 2024 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती लोकसभा सीट पर भाजपा ने साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में श्रावस्ती भाजपा दो धड़े में बंटी नजर आ रही है। सवाल उठता है कि क्या अन्य दावेदारों के समर्थक पार्टी के इस निर्णय को पचा नही पा रहे हैं असंतुष्ट कथित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे लोंगों का तर्क रहा कि साकेत मिश्रा बाहरी प्रत्याशी है। उनकी लोकसभा के अंदर कोई पकड़ नहीं है। समर्थकों ने सवाल किया कि क्या हमारे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के नेता नहीं जो कि बाहरी प्रत्याशी को यहां टिकट दिया गया है? विरोध प्रकट करने वाले कार्यकर्ताओं का दावा है कि अच्छा प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में मौजूद होने के बाद भी बाहरी व्यक्ति को यहां का प्रत्याशी बना दिया गया जिससे हम लोग विरोध कर रहे हैं। हम लोगों को बाहरी प्रत्याशी मंजूर नहीं है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग लगभग आधे घंटे तक भाजपा कार्यालय पर नारेबाजी करते रहे। उधर, बीजेपी के कार्यकर्ताओं व प्रदर्शनकारियों ने पार्टी के एक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्टी पदाधिकारी ने उनकी नाराजगी को उच्च नेतृत्व तक उनकी बात पहुंचाने की बात कही।



प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य और कुछ स्थानीय लोग शामिल थे, पार्टी का कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस प्रदर्शन में नहीं थे। सीसीटीवी कैमरा में देखा जा रहा है अगर कोई पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसमें शामिल हुआ है तो उसके ऊपर कार्रवाई की जायेगी।
–उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष, भाजपा



साकेत मिश्रा एक योग्य और इमानदार प्रत्याशी हैं विरोधी परेशान हैं यह प्रदर्शन विरोधीयों की चाल है।
–अरविंद कुमार



मुझे पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है मैं उसे पूरा करने के लिए तन मन से प्रयास करूंगा। यदि 58 लोकसभा क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति कोई मदद की आवश्यकता होगी तो मैं 24 घण्टे सेवा में उपस्थित हूँ
–साकेत मिश्र, भाजपा प्रत्याशी



एनडीए का कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी का विरोध नहीं कर रहा है। यह विरोधी दल की चाल है। वर्तमान सरकार में हो रहे विकास कार्य विरोधी दल को हजम नहीं हो रहा है।
–राज कुमार ओझा, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल श्रावस्ती



यह विरोधियों की प्रायोजित चाल है। जिनको टिकट नहीं मिला उनके इशारे पर ऐसा किया जा रहा है।
–अतुल तिवारी



हाईकमान के निर्णय का स्वागत है विरोध करने वाले कौन थे मैं नहीं जानता। भाजयुमो का कोई भी कार्यकर्ता व पदाधिकारी इस प्रदर्शन में नहीं था।
–हरिओम तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष, श्रावस्ती

# व्यापारियों की समस्याओं का हो त्वरित निस्तारण: चीफ कमिश्नर

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार:** कस्टम विभाग के चीफ कमिश्नर ने बुधवार को भारत नेपाल सीमा पर निरीक्षण किया। नेपाल और भारत के व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र लैंड कस्टम रुपईडीहा का बुधवार को चीफ कस्टम्स कमिश्नर अजय सक्सेना ने जांच के लिए अचानक दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र में कस्टम व्यापारिक सुविधाओं और विकास के संदर्भ में नेपालगंज व्यापारियों और अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरे के दौरान सक्सेना ने नेपालगंज प्लाई उद्योग व्यापारियों की सुनी गई समस्याओं को समझा और त्वरित निवारण के लिए सहारा देने का प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने एक सकारात्मक संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने का संकेत दिया और व्यापारों के साथ सजीव संबंध बनाए रखने का उत्साह जताया। इस दौरान कस्टम के अधिकारी और व्यापारी भी मौजूद रहे।



कस्टम कार्यालय का निरीक्षण करते चीफ कमिश्नर।

# जनपद सिंचाई बंधु की बैठक 12 को

**बहराइच:** जनपद की नहरों की समुचित साफ-सफाई, कटिंग एवं तेल तक पानी पहुंचाने, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों के संचालन, बन्द नलकूपों की समीक्षा, सिचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण तथा शासन स्तर से प्राप्त क्रियान्वयन के उद्देश्य से 12 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक आयोजित की गयी है।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म की निगरानी के लिए प्रशिक्षण

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्यूटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, पोर्टल, व्हाट्सएप की निगरानी हेतु गठित टीम के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।

मास्टर ट्रेनर जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. सीके वर्मा ने टीम के सदस्यों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म निगरानी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस सिद्दीकी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी, पुलिस उप निरीक्षक तीर्थराज, आरक्षी शशिकान्त गुप्ता व शिवम साहू मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि को लेकर जांची मंदिर की सुरक्षा

बहराइच

**अमृत विचार:** शहर में स्थित पांडव कालीन सिद्धनाथ मंदिर में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने निरीक्षण किया। महंत से वार्ता कर मंदिर के व्यवस्थाओं के बारे में जाना।

महाशिवरात्रि पर्व शुक्रवार को है। इसको लेकर जिले में सुरक्षा और अन्य जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को शहर के छोटी बाजार में स्थित पांडव कालीन सिद्धनाथ शिव मंदिर का निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया के साथ की। उन्होंने जलाभिषेक मार्ग, बैरिकेटिंग और महिला पुरुष लाइन के बारे में महंत महा मंलेश्वर रवि गिरी महाराज से जानकारी ली। इसके बाद मंदिर के अंदर और बाहर उपलब्ध सुरक्षा संसाधनों के बारे में जाना। एएसपी सिटी ने बताया कि महा शिवरात्रि पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मंदिर के आसपास सादे वर्दी में महिला और पुरुष सिपाही जगह जगह तैनात रहेंगे।



शिव मंदिर में निरीक्षण करते एएसपी सिटी और अन्य।

# उपेक्षा का शिकार है रुपईडीहा का स्वर्गधाम

रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** दशकों से जनप्रतिनिधि आते व जाते रहे परंतु रुपईडीहा के शमशान घाट की ओर किसी ने नहीं देखा। लोग चुने गए ब्लॉक प्रमुखों प्रधान से भी कहते रहे। लेकिन आपाधापी में स्वर्गधाम का जीर्णोद्धार कराने की ओर किसी ने ध्यान नही दिया। आज के हालात यह हैं कि स्वर्गधाम में आदमी घुस तक नही सकता।

रूपईडीहा नगर पंचायत में स्वर्गधाम स्थित है। लेकिन स्वर्गधाम की स्थिति काफी खराब हो गई है। दक्षिण दिशा की पूरी बाउंड्रीवाल गिर गयी। धीरे-धीरे उसकी ईंटे गायब हो रही हैं। आवारा पशु इसमें घुस कर घास चरते रहते हैं। आसपास के लोगो ने इसमें कूड़ा फेंक कर कूड़ादान बना लिया है। एक सप्ताह में कस्बे के तीन लोगों की अंत्येष्टि इसमें की गई। परंतु गंदे कीचड़ में जाकर लोगो ने क्रिया कर्म में भाग लिया। कस्बे के चकियारोड के दक्षिण दिशा में स्थित इसकी बाउंड्रीवाल तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख डॉ हरीश चंद ने कराई थी। अपने स्व. पिता के नाम से सीमेंटेड गेट बनवा कर लोहे का दरवाजा लगवाया था। लोगो के बैठने के लिए एक बरामदा भी बनवाया था जो मरम्मत के अभाव में अब धीरे-धीरे नष्ट होता जा रहा है। दाहसंस्कार हेतु चबूतरा बनवाने के लिए भी कुछ लोगो ने प्रयास किया परंतु वह भी खंभों सहित खुली छत में मौजूद है। प्रदेश सरकार की नई नई घोषणाएं तो होती हैं। स्वर्गधाम बनाने की भी घोषणा हुई है। लेकिन यहां किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई कार्य नही किया। अब रुपईडीहा नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त कर चुका है। इसके पूर्व कस्बे के लोगो ने सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिलाधिकारी व प्रधान तक को इसका जीर्णोद्धार कराने के लिए लिखित व मौखिक प्रार्थनाएं की। परंतु नेपाल सीमा से सटे विकासोन्मुख रुपईडीहा कस्बे के स्वर्गधाम नही बन सका। गरीबो के लिए एक मात्र उजड़ा हुआ यही स्वर्गधाम है। नानपारा के विधायक राम निवास वर्मा से यहां के गरीबों ने कई बार स्वर्गधाम का जीर्णोद्धार कराने के लिए कहा उन्होंने यही आश्वासन दिया कि बन जायेगा। प्रतिष्ठित व्यापारी विपिन अग्रवाल, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से रुपईडीहा स्वर्गधाम का जीर्णोद्धार कराने की मांग की है।



नगर पंचायत में स्थित जर्जर स्वर्ग धाम।

### दो करोड़ से अधिक का भेजा गया प्रस्ताव

नवसृजित रुपईडीहा नगर पंचायत के चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य से जब इस मामले में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारी 29 लाख से इसका जीर्णोद्धार कराने की बात कर रहे थे। परंतु मैंने इनकार कर दिया। मैंने अधिकारियों को 2 करोड़ 29 लाख का प्रस्ताव भेजा है। अब यह कार्य चुनाव के बाद ही हो सकेगा।

# प्रधान के घर से 12 लाख का सामान चोरी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के बसौना माफी गांव के ग्राम प्रधान के यहां चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने नगदी और सोने चांदी के जेवरात समेत 12 लाख मूल्य की संपत्ति पार कर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रामगांव थाना क्षेत्र के बसौना माफी गांव निवासी रिजवान खान ग्राम प्रधान है। ग्राम प्रधान के भाई लुकमान खान दोनों एक ही घर में रहते हैं। मंगलवार देर रात को अज्ञात चोर घर में घुस गए। इसके बाद सभी ने निकासी के लिए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया। फिर चोर घर से डेढ़ किलो वजन के चांदी का सिक्का, दो महिलाओं के सोने और चांदी के जेवरात, फूल और तांबा के बर्तन, नकदी चुरा ले गए। परिवार के लोगों को रात में ही चोरी की जानकारी हो गई।

ग्राम प्रधान की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने पुलिस टीम को रात में ही मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके की जांच कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान के मुताबिक 12 लाख से अधिक मूल्य की चोरी हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। पुलिस हर क्षेत्र की जांच कर रही है।



चोरी के बाद बिखरा सामान।

# राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय का सीएम ने किया लोकार्पण

**बहराइच, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा आयुष विभाग के अन्तर्गत निर्माण परियोजनाओं के तहत जनपद के सुदूर अंचल भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में रूपये 29 .40 लाख की लागत से नवनिर्मित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय बलई गांव का वर्चुअली माध्यम से लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ शिलालेख का अनावरण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बलाई गांव डॉ सुधीर उपाध्याय सहित डॉ चेतन आनंद, डॉ उपेंद्र रावत, डॉ विजय गौतम, डॉ आशीष, डॉ संतोष, यूपीपीसीएल के प्रतिनिधि अमित, संजय त्रिपाठी, अनिल रावत, प्रवीण श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है सरकार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचारः कलेक्ट्रेट में किसान सभा के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में किसान बुधवार को धरने के लिए पहुंचे। सभी ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

उप्र किसान सभा के जिलाध्यक्ष सिद्धनाथ श्रीवास्तव की अगुवाई में किसान बुधवार को क्लेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने किसानों के हक में आवाज उठाई और नारेबाजी करते हुए कहा कि जनता को अपनी बात रखने का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन सरकार जनता के अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के किसान एमएसपी लागू करने की मांग को लेकर धरने के लिए दिल्ली आ रहे थे। लेकिन सरकार ने हरियाणा बॉर्डर पायलट गन से किसानों को रुकवा दिया।

कई किसानों की आंख तक चली गई। इसके बाद फसलों के लिए एमएसपी लागू करने, आंदोलन करने वाले किसानों पर दर्ज केस वापस लेने और खेती को उद्योग का दर्जा देने की मांग की। इस दौरान धर्मेंद्र कुमार मौर्य, कैलाश नाथ, कूलेराज, अभिषेक विक्रम, कपिल कुमार प्रवीण कुमार शिवम वर्मा धर्मेंद्र, प्रवीण कुमार, अभिषेक विक्रम समेत अन्य मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

# जहां नारी का सम्मान, वहां देवता विराजमान

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद भी किया। उक्त कार्यक्रम के तहत जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का समापन समारोह आयाजित किया गया।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन को भी देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम में जनपद की महिलाओं व बालिकाओं ने भी प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां नारी सम्मान होता है, वहां देवता विराजते हैं। महिलाओं के हाथ में हुनर है लेकिन उन्हें मंच नहीं मिल पाता है, जिससे वे अपने अंदर की प्रतिभा को उजागर कर सकें। इसलिए केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान को अनेक योजनाएं संचालित कर उन्हें मंच प्रदान कर रही है जिससे वे अपने हुनर दिखा सके और आगे बढ़ सके। इस दौरान जिला महामंत्रीअरुण पाण्डेय, नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश चौहान सहित अन्य संबंधित कर्मचारी आदि रहे।



कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

# ओमप्रकाश अध्यक्ष श्यामू बने महामंत्री

**अमेठी।** तिलोई में एसोसिएशन कार्यकारणी गठन का चुनाव एल्डर कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह, अनीश अहमद तथा रामकृष्ण भारतीय की देख रेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। इस मतदान में कुल 116 अधिवक्ताओ को अपने मत का प्रयोग करना था। जिसके सापेक्ष 112 अधिवक्ताओ ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें ओमप्रकाश सिंह अध्यक्ष पद के लिए 16 मतो से विजय हुए। मंहामत्री पद के लिए श्यामू तिवारी 6 मतो तथा कोषाध्यक्ष पद के रणविजय सिंह 4 मतो से विजय हुए। मतदान सुबह 11 से 3 बजे तक चला।

# 206 करोड़ लागत की 281 परियोजनाएं जनता को सौंपीं

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद बुधवार को अमेठी दौरे पर पहुंची केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आधी आबादी और नारीशक्ति का सम्मान बढ़ाया। स्मृति ने संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में सांसद महिला मैराथन प्रतियोगिता की विजेता महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए और अगले वर्ष सांसद महिला खेल कूद प्रतियोगिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया।

डा. अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 206 करोड रुपये लागत की 281 परियोजनाएं जनता को समर्पित किया। इन परियोजनाओं में 620 किमी. लम्बाई की सड़कें भी शामिल हैं। स्मृति ने कहा कि सांसद महिला खेल प्रतियोगिता में कुल 130255 महिलाएं शामिल हुई है। देश की किसी भी लोकसभा में इतनी बड़ी प्रतियोगिता नहीं हुई है। पिछले पांच सालों में अमेठी ने विकास और खेल के क्षेत्र में जो इतिहास गढ़ा है, वैसा स्वतंत्र भारत में अमेठी में कभी नहीं हुआ। स्मृति ने कहा कि पिछले वर्ष सांसद खेल प्रतियोगिता में एक लाख ग्यारह हजार युवाओं और बालिकाओं ने प्रतिभाग किया था और अमेठी की युवा और नारी शक्ति ने खेल की दुनिया में अपना जौहर बढ़ाने का संदेश दिया था। स्मृति ने शानदार खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं और प्रतिभाशाली नारी शक्ति व स्नेही महिलाओं का अभिनंदन किया। कहा सांसद निधि, जिला पंचायत और उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से अमेठी में पांच साल में लगभग 270 करोड के विकास के काम हुए हैं। कहा खेलेंगी मेरी बहनें तभी तो खिलेंगी मेरी बहनें के स्लोगन के साथ महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू, घनश्याम चौरसिया, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष काशी प्रसाद तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह आदि रहे।



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते चंद्रमौलि सिंह।

# नहीं नीलाम होगी केडी सिंह बाबू की कोठी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

### बनेगा संग्रहालय

- अदालत ने लगाई रोक, सभी परिजन भी हुए राजी
- शासन ने जिलाधिकारी को नियुक्त किया रिसीवर

**अमृत विचार:** प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी की नीलामी पर अपर जिला सत्र न्यायालय कोर्ट नं. 16 ने रोक लगा दी है। अब इस कोठी को संग्रहालय का रूप दिया जाएगा। इसमें केडी सिंह बाबू की स्मृतियां संजोई जाएंगी। संग्रहालय में एक फोटो गैलरी का भी निर्माण किया जाएगा। इस फोटो गैलरी में विभिन्न अवसरों पर लिय गए केडी सिंह बाबू के चित्रों को दर्शाया जाएगा। इसके लिए केडी सिंह बाबू का पूरा परिवार राजी हो गया है। शासन ने डीएम को रिसीवर नियुक्त किया है।

इसके पूर्व अदालत ने 7 मार्च तक सभी किराएदारों को कोठी खाली करने का निर्देश दिया था। 11 मार्च को कोठी की नीलामी होनी थी। इसके लिए खरीदारी के इच्छुक 9 लोगों ने कोठी देखी थी। अदालत के निर्णय के बाद ही पूरे जिले के लोग सकते में आ गए थे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर केडी सिंह बाबू की कोठी को संग्रहालय बनाने का अनुरोध किया था।

इस पर उन्होंने जिला अधिकारी को इस संदर्भ में प्रयास करने के लिए निर्देशित किया था। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उन्होंने केडी सिंह बाबू की कोठी के सभी दावेदारों से बातचीत की। उन्हें इस बात के लिए राजी किया कि वह कोठी को संग्रहालय बनाने के लिए सरकार को सौंप दें। वे सभी लोग राजी हो गए। अदालत ने भी नीलामी पर रोक लगा दी है। अब इसे संग्रहालय का रूप देने के लिए विस्तृत प्लान तैयार कर सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कोठी देश की धरोहर है। लोगों की भावना इससे जुड़ी हुई है। इसे इस तरह सुसज्जित किया जाएगा ताकि भावी पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिल सके।

### विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी थे बाबू केडी सिंह

केडी सिंह बाबू का अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में बड़ा नाम है। बाराबंकी में भी उनके चाहने वालों की बड़ी संख्या है। 14 वर्ष की अवस्था में देवा मेला के खेल मैदान से अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देकर केडी सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय खेल जगत पर छा गए थे। उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी माना जाता है। इसी कारण से उन्हें हेल्म्स थर्ड फाउंडेशन ने उन्हें हेल्म्स ट्रॉफी प्रदान की थी। जिसे अंतरराष्ट्रीय जगत में खेल का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।

### न्यायालय के फैसले का किया गया स्वागत

कोठी की नीलामी पर रोक लगने के बाद केडी सिंह बाबू जन्मशती स्मृति समिति के अध्यक्ष एवं गोरखपुर से एमएलसी सीपी चन्द, संरक्षक अरविन्द कुमार सिंह गोप, केडी सिंह बाबू के पुत्र विश्वविजय सिंह, संयोजक राजनाथ शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई, सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह गुरुजी, अधिवक्ता हिसाल बारी किदवई, समाजसेवी विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अताउर्रहमान, अशोक शुक्ला ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। उम्मीद जताई है कि जल्द ही जनहित में राज्य सरकार केडी सिंह बाबू की कोठी को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करके खेल प्रेमियों को तोहफा देगी। इस कोठी में कुंवर दिग्विजय सिंह का जन्म हुआ था। जिनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह प्रसिद्ध वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी थे। उनके बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह ने भरत चरित्र नामक एक ग्रंथ लिखा था।

# साइबर क्रॉइम से बचाव को किया जागरूक

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रहास मिश्रा ने पुलिस टीम संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया।

श्री मिश्रा ने वर्तमान समय मे कंप्यूटर, इन्टरनेट एवं सूचना, तकनीकी के प्रयोग मे अभूतपूर्व वृद्धि हुई है । समाजोपयोगी विभिन्न कार्यो के सुचारु सम्पादन मे यह अत्यन्त उपयोगी साबित हुआ है । साथ ही साथ सूचना तकनीकी के दुरुपयोग मे भी निरंतर वृद्धि हो रही है। जिसके कारण साइबर क्राइम के नये और खतरनाक परिणाम देखने मे आये है। साइबर अपराधियों द्वारा नवीन तकनीकी का प्रयोग करके तथा अपनी पहचान छिपाकर प्रतिदिन नये-नये साइबर अपराधों को बढावा दिया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया पर न दें। किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंक एकाउंट, ओटीपी, पिन, आधार नम्बर, पैन नम्बर आदि बिल्कुल भी साझा न करें। उन्होंने साइबर हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, स्पैम ईमेल, रैनसमवेयर, पोर्नग्राफी, ऑनलाइन ब्लैकमेल एवं इसी प्रकार के अन्य अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तरह की कोई भी समस्या होने पर जिले के साइबर थाना में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह भी बताया कि वर्तमान समय में फर्जी लोन एप के माध्यम से आसान तरीके से कर्ज मिलने के चक्कर में लोग अपनी जान गवां रहे है क्योंकि आजकल आसानी से ऑनलाइन लोन एप के जाल में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। अगर कोई आपको ब्लैकमेल करता है तो तुरंत साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल कर साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराए।



जिला चिकित्सालय में लोगों को जागरूक करते साइबर पुलिस टीम के सदस्य। अमृत विचार

# 'साइकिल' को 'पंजे' का सहारा, हैट्रिक को बेताब 'कमल'

## इंडिया गठबंधन के सहारे सपा को पहली बार वैतरणी पार करने की उम्मीद, पहली लिस्ट में मेनका का नाम नहीं होने से जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म

▸▸ दिल्ली की कुर्सी के लिए सुलतानपुर लोकसभा सीट पर सियासी पैंतरेबाजी शुरू

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दिल्ली की कुर्सी के लिए सुलतानपुर लोकसभा सीट पर सियासी पैंतरेबाजी शुरू हो गई है। इस सीट पर अब तक एक अदद जीत के लिए तरस रही समाजवादी पार्टी को 'पंजे' के जरिये चुनावी वैतरणी पार होने की उम्मीद है। वहीं, भाजपा हैट्रिक लगाने को बेताब दिख रही है। हालांकि, दोनों पार्टियों की ओर से अभी तक कंडीडेट घोषित नहीं होने से संभावित उम्मीदवारों की धुकधुकी बढ़ी है। सांसद मेनका संजय गांधी का भाजपा की घोषित पहली लिस्ट में नाम नहीं होने से राजनीतिक गलियारों में कयासों का दौर तेज है।

अभी प्रत्याशियों की घोषणा भले न हुई हो लेकिन पार्टियां लोकसभा चुनाव 2024 का ताना बाना बुनने में जुट गई हैं। सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पखवाड़ा की साइकिल यात्रा निकालकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई जा रही हैं। गठबंधन के कारण सुलतानपुर की सीट सपा के खाते में चले जाने के कारण कांग्रेस का उम्मीदवार यहां तो नहीं होगा, लेकिन पार्टी ने अमेठी के मुन्ना सिंह त्रिसुंडी को समन्वयक बनाकर भेजा हैं। जो अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति बना रहे हैं और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट कराने का दावा कर रहे हैं। इस बार बसपा ने पहले से ही किसी तरह के गठबंधन से किनारा कर रखा है। जाहिर तौर पर उसका भी प्रत्याशी मैदान में होगा। इस सीट पर अभी तक किसी भी दल ने प्रत्याशी को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं। ऐसे में प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के चयन के बाद ही तस्वीर कुछ साफ होगी।

### पांच विस सीटों में से चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा

सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

### 2019 में ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन-मन से लगेंगे।

### लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।

### 18,34,355 मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

### कब कौन बना सांसद

| विजयी सन | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | काजिम अली | कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय (उप चुनाव) | निर्दलीय |
| 1962 | कुंवर कृष्ण वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1969 | श्रीपति मिश्र (उप चुनाव) | बीकेडी |
| 1971 | केदारनाथ सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकार उल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राज करन सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रामसिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भाजपा |
| 1996 | देवेंद्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1998 | देवेन्द्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1999 | जयभद्र सिंह | बसपा |
| 2004 | मो. ताहिर खान | बसपा |
| 2009 | संजय सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2019 | मेनका संजय गांधी | भाजपा |

## एक नजर

### आरोपी ने किया कोर्ट में सरेंडर, जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र करौंदीकला के एक गांव में सात माह पूर्व किशोरी से छेड़छाड़, अपमानित करने व हत्या की धमकी देने के आरोपी जयकरन ने पॉक्सो कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने आरोपी की जमानत अर्जी पेश कर जमानत की मांग की । न्यायाधीश पवन शर्मा ने आरोपी की अंतरिम जमानत मंजूर कर रिहाई के आदेश दिया हैं । नियमित जमानत पर सुनवाई के लिए आरोपी को फिर आत्मसमर्पण करना होगा।

### महिला दिवस के एक दिन होगी संगोष्ठी

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उसके पूर्व दिवस पर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 12 बजे से होने वाली इस संगोष्ठी में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### श्रीराम दर्शन संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में कालनेमि वध स्थल पौराणिक बिजेथुआ महावीरन धाम से अयोध्या धाम के लिए निकली श्री राम दर्शन संकल्प पद यात्रा का व्यापारियों ने माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बिजेथुआ धाम से दर्शन पूजन करने के बाद यात्रा का स्वागत सुइथाकला प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश चंद्र तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कादीपुर श्रवण मिश्र, संतोष दीक्षित, बीके अग्रहरि, विजय, प्रेम प्रकाश जायसवाल, गोलू अग्रहरि, जय प्रकाश अग्रहरि, तारा प्रणय तिवारी आदि रहे।

## भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में दरोगा का बयान दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र आनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वादी गवाह तत्कालीन दरोगा आरपी शाही बुधवार को गिरफ्तारी वारंट पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर हुए तथा कोर्ट से वारंट निरस्त करने की मांग की। कोर्ट ने दरोगा का वारंट निरस्त कर उनकी गवाही दर्ज की। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने दरोगा से जिरह की । कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए तारीख नियत की है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### चिकित्सक हत्याकांड में नहीं तय हो सके आरोप कोर्ट ने 16 मार्च की तारीख नियत की

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते साल शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में डॉक्टर घनश्याम तिवारी हत्याकांड के आरोपियों के जेल से न आने के कारण बुधवार को सेशन कोर्ट में आरोप तय नहीं हो सके। कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 16 मार्च की तारीख नियत की है।

बीते 23 सितंबर को हुए हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह एवं धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी अजय के ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### 24 साल पूर्व जानलेवा हमले में चार दोषियों की सजा पर फैसला आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुकदमेबाजी की रंजिश में 24 साल पूर्व दलित को अपमानित कर गोली मार देने के चार दोषसिद्ध अभियुक्तों को एससी- एसटी कोर्ट के जज त्रिभुवन नाथ पासवान की अदालत गुरुवार को सजा सुनाएगी । सरकारी वकील गोरखनाथ शुक्ल ने बताया कि मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के बिही निदुरा निवासी श्रीपाल पासी और मंसाराम अग्रहरि के बीच मुकदमेबाजी चल रही थी। तीन सितंबर वर्ष 2000 को मोटरसाइकिल से मुकदमे की पैरवी करने निकले श्रीपाल पासी पर बल्दीराय थाना क्षेत्र में हमला किया गया था। जिसमें मंसाराम अग्रहरि, अनिरुद्ध अग्रहरि, कन्हैयालाल और रमाकांत मिश्र पर पुलिस ने चार्ज शीट दाखिल की थी। कोर्ट ने आरोपियों को दोषी मानते हुए सोमवार को जेल भेजने का आदेश दिया था जिनको बुधवार को जेल से तलब कर सजा पर सुनवाई होनी थी परंतु आरोपियों के जेल से न आने के कारण गुरुवार को अदालत जेल से तलब कर सजा सुनाएगी । वही इसी मामले में आरोपी रमाकांत मिश्र दोषसिद्ध के दौरान कोर्ट नहीं पहुंचा था जिसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है ।

## नुकसान की भरपाई को कांग्रेसी सड़क पर

- बेमौसम बरसात से किसानों की फसल तबाह
- कांग्रेसियों ने सीएम को संबोधित मांगपत्र एसडीएम को सौंपा

संवाददाता, सुलतानपुर



एसडीएम को मांगपत्र सौंपते कांग्रेस के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीते दिनों बेमौसम बारिश से हुऐ किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए कांग्रेसियों ने सीएम को संबोधित मांग पत्र एसडीएम को सौंपा।

बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी की जयसिंहपुर इकाई के अध्यक्ष राजेश ओझा व जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने जयसिंहपुर एसडीम विपिन कुमार द्विवेदी सीओ प्रशांत सिंह को सीएम को संबोधित मांगपत्र सौपा। कांग्रेसियों की मांग थी कि बीते दिनों हुई बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की गेहूँ, तिलहन, आलू आदि की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुँचा है। महंगे खाद बीज के चलते किसान पहले से ही परेशान हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों के हित के लिए संकल्पबद्ध रही है। जिसके क्रम में यूपीए सरकार में किसानों के 75 हजार करोड रुपये के कर्ज को माफ किया गया था। आरोप है कि सरकार किसानों के बारे में बात तो कहती है लेकिन उनकी जमीनी समस्याओं के निराकरण का कोई कदम अभी तक नहीं उठाया गया। कांग्रेस जनहित में आपसे मांग करती है कि किसानों की फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा अविलम्ब दिलाया जाये।

## सात ब्लाकों के बीईओ बदले गए

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के अनुमोदन पर बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने सात बीईओ का जिले के अंदर तबादला किया है। बीएसए ने स्थानांतरित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। रामसुयश वर्मा खण्ड शिक्षाधिकारी को नगर क्षेत्र, बलदेव प्रसाद यादव खण्ड शिक्षाधिकारी दूबेपुर को मोतिगरपुर, लम्भुआ सुधीर कुमार सिंह को कुड़वार, बीईओ कूरेभार रामतीर्थ वर्मा को दूबेपुर, दिलीप कुमार बीईओ मोतिगरपुर को कूरेभार, कृष्ण कुमार मिश्र बीईओ करौंदीकला और बीईओ करौंदीकला को लम्भुआ बीईओ का दायित्व सौंपा गया है।

## गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** मोतिगरपुर थाने के एक गांव की रहने वाली महिला ने बीती 18 फरवरी को पुलिस में शिकायत का दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि घटना के दिन वह घर पर छोटे भाई के साथ अकेली थी। घर के सभी लोग मामा के यहां निमंत्रण में गए हुए थे। लगभग 9 बजे वह घर के बाहर फ्रेश होने के लिए निकली थी कि तभी गांव के ही सचिन कुमार और सूरज कुमार रास्ते पर ही पकड़ लिए और छेड़छाड़ करने लगे। छोटा भाई शोर सुनकर मौके पर पहुंचा तो दोनों ने पीड़िता और उसके भाई को मारा-पीटा जिससे दोनों को काफी चोटें आईं। मोतिगरपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पहले छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोर्ट में पीड़िता के बयान के बाद गैंगरेप की धारा बढ़ाई गई थी। दोनों आरोपियों को आज थाना क्षेत्र के सावरण कोल्ड स्टोर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने निकाला रूट मार्च



रूट मार्च करते अर्द्धसैनिक बल के जवान।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को कुड़वार कस्बे के टैक्सी स्टैंड से प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दर्जनों रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने रूट मार्च किया। कस्बे में घूमते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आगामी त्यौहारों को सकुशल व सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने की तैयारी कर ली गई है। सहालग व त्योहार के मौसम में व्यापारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रहे। कुड़वार कस्बे के बाद राजापुर कस्बे सहित संवेदनशील स्थानों पर भी मार्च किया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक के साथ अपराध निरीक्षक यदुवीर सिंह, आरक्षी विकास तिवारी,अनुज तिवारी,राम कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### आरआरसी सेंटर तोड़ने पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत में बन रहे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र को तोड़े जाने का मामला सामने आया है। प्रधान की सूचना पर पहुंचे सचिव ने आरआरसी सेंटर तोड़ने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामला अखंडनगर विकास खंड के पतरखास गांव से जुड़ा है। ग्राम प्रधान अमित कुमार पांडेय व अन्य लोगों ने सचिव को जानकारी दी कि कुछ लोगो ने आरआरसी सेंटर तोड़ दिया है। पता चला कि गांव के ही एक ही परिवार के कई लोगों ने रात में आरआरसी सेंटर तोड़ा है। जिस पर सचिव विपिन कुमार मिश्रा थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उक्त लोगो ने सरकारी धन से बन रहे आरआरसी सेंटर को तोड़ ग्राम पंचायत के विकास के धन को नुकसान पहुंचाया है। अखंडनाहर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने पांच नामजद व परिवार के कुछ अज्ञात के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पशुपति नाथ की लगेगी मूर्ति, तैयारी तेज

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अति प्राचीन वीर शैव तंत्र साधना सिद्ध पीठ पंच मुखेश्वर महादेव मंदिर भवानीपुर में महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व अवसान माता व पशुपति नाथ की मूर्ति स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा व पूजन किया गया। मंदिर के पुजारी विजय नाथ पाठक सानू व सुरेश गुप्ता की देखरेख में आचार्य नीरज तिवारी ने वैदिक रीति रिवाज से हवन पूजन किया। सुरेश गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को अवसान माता दुखदुरिया कार्यक्रम किया जाएगा।

### कमरे के अंदर लटकता मिला बालिका का शव

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बुधवार की देर शाम तेरह वर्षीय बालिका का कमरे के अंदर दुपट्टे से शव लटकता हुआ मिला। पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। मामला हलियापुर थाना क्षेत्र के जुगराजगढ़ मजरे फत्तेपुर का है। गांव की ललिता (13) पुत्री स्व. कामख्या पासी शाम को घर में सिलिंडर से भोजन बना रही थी। उसकी पांच साल की छोटी बहिन रुचि दरवाजा पीट कर रो रही थी, दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसियों ने देर तक रोने की आवाज सुनकर दरवाजा खटखटाया। न खुलने पर खिड़की तोड़कर अंदर देखा तो लड़की पक्के कमरे में दोनों तरफ दीवाल के सहारे लटके एक बांस में दुपट्टे से लटकी हुई थी। लोगों ने उसे उतारा तो वह मर चुकी थी। सूचना पर बल्दीराय सीओ सौरभ सामंत, हलियापुर थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

### पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से किया हमला, केस दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रंजिशन लाठी डंडे से लैश पड़ोसियों ने हमला कर दिया। मामले में एसपी के निर्देश पर शिवगढ़ थाने में 14 नामजद समेत 19 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गौहानी कैथापुर निवासी राजेन्द्र कुमार ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 28 फरवरी को सुबह 10 .30 बजे घर के सामने हैंडपंप पर स्नान कर रहे थे। इसी बीच पड़ोस के पवन कुमार, अंजनी कुमार, अनिल कुमार, दुर्गावती, रेनू देवी, मनोजा, लल्ली, खुशबू, अंतिमा, शनि, गुरूदीन, राम अधार, रामसुख, राहुल व विशेष समुदाय के पांच अज्ञात लोग लाठी डंडे से हमलावर हो गए। परिवार के लोग बचाने दौड़े तो पीड़ित के बेटे विशाल, मां समरथी, बहन अनीता, भाई हरिशंकर, शिवशंकर को जमकर मारा पीटा। दीवाल पर लगी पाइप को तोड़ दिया। आरोप है कि घर में घुसकर गृहस्थी के सामान तोड़कर अनाज बिखेर दिए। मामले में थाने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। मामले को गम्भीरता से लेते हुए एसपी ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। एसपी के आदेश पर शिवगढ़ थाने में 14 नामजद समेत 19 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।



राणा प्रताप महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिया गया मोबाइल फोन। अमृत विचार

### शैक्षिक विकास को नई तकनीक से जुड़ना जरूरीः बालचंद्र

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शैक्षिक विकास के लिए विद्यार्थियों का नई तकनीक से जुड़ना आवश्यक है। सरकार ने स्मार्ट फोन देकर यह काम आसान कर दिया है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह ने कहीं। वह बुधवार को महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित स्मार्टफोन वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में बीएड के 98 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गये। निशुल्क स्मार्टफोन पाकर सभी विद्यार्थी काफी प्रसन्न थे। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी व संचालन डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. धीरेन्द्र कुमार, नोडल प्रभारी डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. अमित कुमार तिवारी, डॉ. संतोष सिंह अंश, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. अभिषेक शुक्ल, डॉ. बृजेश प्रताप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, आदित्य सिंह व रवि सिंह मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में युवती की मौत, हत्या का आरोप

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के किठावां गांव में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव कमरे के अंदर साड़ी के सहारे पंखे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है। मायके पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए महिला की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी राजकुमार तिवारी ने अपनी पुत्री ज्योति की शादी दो वर्ष पूर्व गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के किठावां गांव निवासी रमाशंकर के साथ की थी। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया शाम को वह सब घर के बगल स्थित खेत मे गए थे। जब वह लौटे तो ज्योति का शव कमरे के अंदर साड़ी के सहारे फंखे से लटक रहा था। जिसकी सूचना परिजनों ने मायके पक्ष को दी। सूचना पर पहुँचे मायके पक्ष ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजन पर दहेज के लिए ज्योति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। उन्होंने बताया की घटना संदिग्ध है। मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगा रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा। पुलिस जांच कर रही है।

## प्रा. विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** दूबेपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय लोदीपुर में बुधवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य, गायन के साथ वार्षिक महोत्सव और विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक, अभिभावकों व गांव के गणमान्य लोगों के साथ बैठक की गई। प्रभारी हेडमास्टर भास्कर पांडेय ने प्रावि लोदीपुर में दिनों दिन हो रहे उन्नयन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संख्या वृद्धि के कारण पिछले साल हेडमास्टर फागू लाल की नियुक्ति हुई, जो बहुत ही लगनशील, कर्मठी और बच्चों के हितधारक है। भास्कर पांडेय ने विद्यालय में निपुण हुए बच्चों को सम्मानित लोगों के हाथ से पुरस्कार वितरित कराया।

## राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे...

- विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा

संवाददाता, सुलतानपुर




विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लंभुआ तहसील के एसएन कान्वेंट स्कूल, कृष्णानगर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपना जलवा बिखेरा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अनिल दूबे ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप का प्रज्ज्वलन करके किया।

यूकेजी के छात्राओं ने जहां पांव में पायल, एलकेजी के बच्चों ने मेरा नाम चिन-चिन व यूकेजी के छात्रों ने ये देश है वीर जवानों का गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पांच के बच्चों ने क्रेजी टीचर, कक्षा नौ के बच्चों ने डैड एंड सन की भावनात्मक प्रस्तुति दी। कक्षा पांच की छात्राओं ने राम आएंगे व कक्षा नौ के बच्चों ने मेरा जूता है जापानी गीत पर खूब तालियां बटोरी। इसके अलावा कक्षा दो के बच्चों ने ओल्ड हिंदी रीमिक्स, कक्षा नौ व 11 के बच्चों में मिक्सअप सांग प्रस्तुत किया। कक्षा आठ के बच्चों ने एक फौजी के जीवनवृत्त पर आधारित नाटक को प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के 32 मेधावी बच्चों के अभिभावक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भी प्रतीक चिन्ह दिए गए।

**आयोजन** | जयसिंहपुर विकास खंड परिसर के सभागार में हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

## भाजपा सरकार में महिलाओं को मिला सम्मान

संवाददाता, सुलतानपुर



नारी वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते विधायक राज बाबू उपाध्याय।

**अमृत विचार।** बुधवार को जयसिंहपुर विकास खंड परिसर के सभागार में खंड विकास अधिकारी ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ब्लाक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी ने सदर विधायक, ब्लाक प्रमुख सहित अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम नागरिक के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति दुनिया में परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश की महिला आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। ब्लाक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि देश की महिलाएं पुरुषों से कदमताल करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी ताल ठोक रही हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, खेल और विज्ञान आदि क्षेत्रों में महिला शक्ति अपने नेतृत्व का लोहा मनवा रही हैं। सदर विधायक व ब्लाक प्रमुख द्वारा दस महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र तिवारी ने किया। इस मौके पर भाजपा महामंत्री रत्नेश तिवारी,मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू उपाध्याय, सीटू पांडेय, अवधेश पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बच्चे को पीटने वाला हेड मास्टर निलंबित

▸▸ कुड़वार विकास खंड के प्रावि जासरपुर नरही का मामला

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान शिक्षक को बच्चे की पिटाई करना महंगा पड़ गया। अभिभावक की शिकायत पर खंड शिक्षाधिकारी कुड़वार की जांच में आरोप सही पाए जाने पर बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

मामला कुड़वार विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जासरपुर नरही से जुड़ा है। गांव निवासी अभिभावक फातिमा बानो पुत्री साहेब अली ने खंड शिक्षा अधिकारी को मंगलवार को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि नरही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले उसके बच्चे को प्रधानाध्यापक मो. इसरार द्वारा डंडे से पिटाई की गई। जिसकी जांच बीईओ रोजी सिंह ने करते हुए दोनों पक्षों का बयान सहित साक्ष्य बीएसए दीपिका चतुर्वेदी को सौंपा। बीईओ की रिपोर्ट व आरोपी शिक्षक द्वारा जनप्रतिनिधि से फोन कराकर अनावश्यक दबाव बनवाने के बाद बीएसए ने शिक्षक मो. इसरार को निलंबित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जयसिंहपुर से संबद्ध कर दिया। निलंबन की जांच बीईओ शिव शंकर मिश्रा जयसिंहपुर को दिया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो य: स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है ।

## संपादकीय

# बीमा योजना के तहत

प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती में जोखिम और अनिश्चितताएं आम हैं। सूखा, बाढ़, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि आदि सीधे खेती को प्रभावित करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में फसलों का बीमा करना प्रमुख रणनीति मानी जाती है। फसल बीमा किसानों को फसल के नुकसान की स्थिति में भुगतान के माध्यम से जोखिम से निपटने में मदद करता है और कृषि क्षेत्र में आपदा भुगतान पर बोझ को कम करके सरकार की मदद करता है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की थी। जिसका उद्देश्य कम पैदावार या पैदावार के नष्ट हो जाने की स्थिति में किसानों को मदद मुहैया कराना था। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण, योजना के तहत कवरेज साल-दर-साल बढ़ रही है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 वर्षों में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए हैं और 23.22 करोड़ से अधिक किसान आवेदकों को दावे प्राप्त हुए हैं। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31,139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। यह योजना खासकर उन किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही है, जो खेती के लिए ऋण लेते थे और खराब मौसम में फसल बर्बादी के कारण उसी ऋण को चुका पाने में असमर्थ रहते थे। इसके बावजूद देश में फसल बीमा को किसानों के बीच ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है। इसका कारण यह है कि अधिकांश राज्यों द्वारा उनके प्रीमियम सब्सिडी शेयर का समय पर भुगतान नहीं कराया जाता है।

गौरतलब है कि भारतीय फसल बीमा 'क्षेत्र दृष्टिकोण' पर काम करता है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण तभी अच्छा काम करता है जब किसानों की उपज और फसल काटने के प्रयोगों में उपज के बीच सहसंबंध अधिक हों। इस शर्त को शायद ही कभी पूरा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप 'बुनियादी जोखिम' होता है, यानी, किसान को फसल का नुकसान होता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है। इसके अलावा, उन लोगों के लिए जिन्हें अंततः मुआवजा मिलता है, अधिकांश मामलों में भुगतान में काफी देरी होती है। कई बदलावों के बाद पीएमएफबीवाई शुरू की गई, जो पहले की समान योजनाओं का एक उन्नत संस्करण है। हालांकि कई मुद्दे और चुनौतियां हैं, अतः इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार को योजना के समक्ष आने वाली उपरोक्त सभी चुनौतियों के संबंध में जल्द-से-जल्द समाधान का रास्ता तलाशना चाहिए।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्राय: विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं ।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है।

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। हर साल देश और दुनिया में कैंसर से लाखों मौत होती है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन में अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी। आईसीएमआर का अध्ययन इनमें से 40 फीसदी मामलों की वजह इन सात में से एक कैंसर को बचाता है-फेफड़े, स्तन, भोजन नलिका, मुख, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। इम्यूनोथेरेपी से कई अलग-अलग प्रकार के कैंसर का इलाज अब होने लगा है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्हांने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा (टेबलेट) ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टैबलेट विकसित की है। टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानि कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा के डाक्टर्स इस टैबलेट पर करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। इस दवा को जून-जुलाई में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी ऑफ इण्डिया (एफएसएसएआई) से मंजूरी मिलने की संभावना है। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों (कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी) पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया। लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानि ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डा.टी.के. चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए है। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगान्तरकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाईयों का नैदानिक परीक्षण करता है। इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था।

किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए समान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है-पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलॉजिकल) परीक्षण ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं का प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। पोषक ऊर्जा के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रियाएं देखी गईं उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी ओर दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे।

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थी। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है जो कल 1621 मानवीय भोज्यों के विस्तार से काट छांट कर विकसित पोषक ऊर्जा है।

सन् 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए। जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अन्ततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव परिणाम की सकारात्मकता रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही। पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े, स्तन सर्विकल, मुख, बृहदान्त्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज का नैनो-इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके सम्पर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलाजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। कैंसर जैसा खतरनाक रोग भारतीयों के लिए भीषण संकट खड़ा कर रहा है। कैंसर की दवाओं की सुरक्षा व लागत को लेकर निरंतर प्रयोग जारी हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में छलांग



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बड़ी सफलताओं के साथ बहुत ही कम समय में अमरीका, ताइवान और दक्षिण कोरिया की तरह प्रमुख चिप हब बन रहा है। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हो जाएगा। इतना ही नहीं, देश में जल्द ही विश्वस्तरीय भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना होने जा रही है। यह सेंटर रिसर्च की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। अभी हाल में केन्द्र सरकार ने तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने को मंजूरी दी है। अगले 100 दिन के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यों में प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राज्य को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए कौशल प्रशिक्षण/अनुसंधान और विकास में कंपनियों को समर्थन देने प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत राज्य में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने पर निवेशकों के लिए सब्सिडी और छूट देने की घोषणा की है। यह सभी छूट केंद्र द्वारा दी जाने वाली छूट के अलावा होगी। निवेश प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के अलावा भूमि लेनदेन पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच वर्षों तक हर वर्ष 500 छात्रों को 20,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। इसका फोकस बीटेक और एमटेक ग्रेजुएट्स पर होगा।

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का परिदृश्य सार्थक रूप से नए आयाम और मायने की ओर बढ़ रहा है। इन आयामों से जहां डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं आईटी क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां भी बढ़ेंगी। साधारण शब्दों में, सेमीकंडक्टर को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 'मस्तिष्क' कहा जाता है। कोई शक नहीं कि भविष्य की हमारी दुनिया जिस मजबूत आधार पर टिकी हुई होगी, वह है सेमीकंडक्टर।

देश को सेमीकंडक्टक्टर उत्पादन का वैश्विक हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने यह तथ्य अच्छी तरह समझा है कि युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल देश में ही किया जाए। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्टार्ट-अप और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करने के लिए एक पैनल भी बनाया है। प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञ सेमीकंडक्टर को आज के युग का 'न्यू ऑयल' कहते हैं। लगभग हर प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी की भारत में मौजूदगी है। भारत के युवा दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप्स डिजाइन करते हैं, प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी करते हैं लेकिन उन्हें बनाने के लिए अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान भेजा जाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए ये एक बड़ा बोझ है जिसे आने वाले समय में निश्चित कम किया जा सकेगा।

भारत में 300 से ज्यादा ऐसे बड़े कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां सेमीकंडक्टर पर कोर्स उपलब्ध होंगे। आजीविका संवर्धन के लिए स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लिविलीहुड प्रमोशन (संकल्प) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ईएसडीएम/सेमीकंडक्टर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 10 मिलियन लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। सरकार ने हाल में, नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी है। 2023-24 से 2030-31 तक के लिए 6003.65 करोड़ रुपये का बजट घोषित किया गया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो 2014 में भारत का इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। 2014 से पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो चुकी है। अगर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की बात करें तो 2014 में भारत में 6 करोड़ यूजर्स थे। आज उनकी संख्या भी लगभग बढ़कर 80 करोड़ यूजर्स से ज्यादा हो चुकी है। मौजूदा दशक में ही भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 110 अमेरिकी डॉलर तक जा सकता है जो वैश्वक व्यवसाय का 11 फीसद है। वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी के अनुसार 2030 तक सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अनुसार सेमीकंडक्टर का भारतीय बाजार 2028 तक 80.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

# एआई: सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार



डॉ . अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं।

विज्ञान जहां दिन-प्रतिदिन हमारे जीवन को सुगम बनाता रहा, वहीं इसके दुष्प्रभाव मानवता के समक्ष संकट भी उत्पन्न करते रहे। यही कारण रहा कि समय-समय पर चिंतकों-विचारकों ने इसके प्रति 'सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार' जैसे तमाम संकेत देकर विज्ञान के संयमित और संतुलित प्रयोग के प्रति सचेत भी किया।

शिक्षा में विज्ञान का क्रमिक प्रवेश होने से शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। चाहे वह शिक्षण विधियों को ज्यादा विद्यार्थी अनुकूल बनाने में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हो अथवा विद्यार्थियों को स्व-निर्देशात्मक सामग्री की उपलब्धता। विज्ञान ने गूढ़ व जटिल संरचनाओं को लाइव मोड में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तो उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी एक क्लिक में प्रस्तुत किया। वर्तमान समय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' या 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। इस दिशा में निरंतर हो रहे शोध एवं नवाचारों ने इसे मानव के समक्ष एक ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि पुनः इस बात पर ज़ोर-शोर से चर्चा होने लगी है कि इसके उपयोग की सीमाएं क्या हों। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'कृत्रिम मेधा' वास्तविक मेधा के समक्ष सच में संकट खड़ा कर दे।

यहां हम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' क्या है और शिक्षा में इसका क्या भविष्य है, इस बिंदु पर विचार करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित विज्ञान का ऐसा सॉफ़्टवेयर, रोबोट अथवा अन्य कोई टूल है जो मनुष्य की तरह सोचने का तरीक़ा प्रस्तुत करता है। यहां विशेष बात यह है कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' मानव द्वारा निर्मित उपकरण अथवा मशीन की मेधा है इसलिए इसकी तुलना प्राकृतिक बुद्धिमत्ता से करना बेमानी है। हां, इतना ज़रूर है कि इसके दुरुपयोग की संभावनाएं भी इसके उपयोग जितना ही प्रबल हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं। इसकी मदद से विद्यार्थियों की रुचियों-रुझानों का पता लगाना आसान होगा तथा उनके अनुरूप आवश्यक संसाधन-संदर्भों की सहज उपलब्धता होगी। इससे संबंधित उपकरणों की मदद से बच्चों का सतत आकलन करते हुए त्वरित फीडबैक, सहयोग व पुनर्बलन सुगम होगा।

निस्संदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से शिक्षा में सीखने-सिखाने की नवीन संभावनाओं के द्वार खुलेंगे पर इससे जुड़ा दूसरा पक्ष भी है। वह है इसके अनियोजित व दुराग्रही प्रयोग के दुष्परिणाम। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी टूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' केवल उतनी ही जानकारी भर है जितनी जानकारी पर इसे सेट किया गया है। इसमें भावनात्मक स्तर पर सोचने-समझने और तदनुरूप प्रतिक्रिया का अभाव होता है। इससे विभिन्न स्तरों पर पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांशतः 'डेटा आधारित' होने के कारण इसके द्वारा प्रदत्त जानकारियां भ्रामक, त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण हों, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतः यहां से प्राप्त जानकारियों की पर्याप्त एवं वैध पुष्टि आवश्यक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोगी पहलुओं में यह भी गिना जाता है कि यह विद्यार्थी की शिक्षक पर निर्भरता कम करते हुए उसके वैयक्तिक स्तर पर सीखने के अनुभवों में वृद्धि करेगी। पर यहां विचारणीय यह भी है कि शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक की भूमिका एक सतत एवं सहयोगी निगरानी कर्ता की भी होती है। नितांत वैयक्तिकता विद्यार्थियों को सहभागिता और सामाजीकरण से दूर कर देगी। सीखना- सिखाना एक अनुकूल परिवेश में सृजित किया जाने वाला अनुभव है जो इस कृत्रिम परिस्थिति में भटकाव का कारण बन सकता है। मशीनों पर अधिक निर्भरता न केवल रोज़गार के अवसरों को कम करेगी बल्कि नैतिक मानदंडों, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, और सामाजिक जीवन के लिए अनिवार्य और अपरिहार्य तत्वों को भी कमज़ोर करेगी इसकी भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग हेतु इसकी संभावित कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहद सजग व संतुलित क्रियान्वयन योजना तैयार करनी आवश्यक होगी। इसको शिक्षकों का विकल्प मानने या बनाए जाने के बजाय यह ज्यादा ज़रूरी होगा कि इन दोनों के मध्य सहक्रियात्मक संबंध स्थापित किए जाएं जिनमें मशीन और भावना का समन्वित सम्मिलन हो।

## सोशल फोरम

# सर्वहारा की सामाजिकता



अनूप शुक्ल
कानपुर

ऐसे ही एक दिन शाम को टहलने निकले। लगा सड़क पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। सामने से आती हुई गाड़ियां ऐसे लग रही थीं मानों उड़ती चली आ रहीं हैं। जरा दाएं-बाएं होने में देर की नहीं कि रौंद कर निकल जाएंगी। दुनिया बहुत हड़बड़ी में है।

टहलते हुए कालपी रोड पर आ गए। चार-पांच किलोमीटर की टहलाई काफी दिन बाद हुई थी। नहर के पास सड़क थोड़ा ऊंची है। सड़क किनारे बनी पुलिया के पास खड़ा एक आदम, अपनी साइकिल पकड़े, नहर के बहते पानी को देख रहा था। चुप खड़ा। पास पहुंचकर बातचीत शुरू हुई। बात करते हुए साइकिल सवार साइकिल पकड़े हुए मेरे साथ पैदल चलने लगा। बताया कि काम के सिलसिले में भौंती जाता है। करीब 28 किलोमीटर की दूरी। मतलब करीब 56 किलोमीटर की दूरी रोज साइकिल से रोजी-रोटी के सिलसिले में तय होती है।

हमने कहा- 'यह तो बहुत दूर पड़ जाता है।' 'का करें? पेट के कारण सब करना पड़ता है।'- उसने निर्लिप्त भाव से जवाब दिया।

घर, परिवार और बाल-बच्चों के बारे में बात करते हुए वह साथ चलता रहा। जिस सड़क पर हम चल रहे थे वह ऊंचाई पर थी। ढलान से नीचे उतरते हुए वह हमारे साथ पैदल चल रहा था। हमने कहा- 'अब तुम चलो। ढलान भी है। इसी के सहारे दूर तक चले जाओगे। आराम रहेगा।' इस पर वह बोला- 'हां लेकिन साथ चलते हुए थोड़ा बोल-बतिया ले रहे हैं तो रास्ता अच्छा कट गया।' फिर थोड़ी देर और साथ चलने के बाद साइकिल पर सवार होकर चला गया। साथ चलते हुए बोलते-बतियाते हुए रास्ता आसानी से कटने की बात सुनकर लगा कि दुनिया में अकेलेपन से मुक्ति की चाहना कितनी है लोगों में। लोग अकेलापन महसूस करते हैं। उससे मुक्त होना चाहते हैं। लेकिन तमाम कारणों से मौके नहीं मिलते। सोशल मीडिया पर लोगों की भयंकर भागीदारी इस अकेलेपन से मुक्ति की चाहना का ही परिणाम है। अपने को अभिव्यक्त करके सामाजिक हो जाने का एहसास लोगों को इससे जोड़ता है। अलग बात है कि लोगों की सामाजिकता की चाहना को सोशल मीडिया अपनी कमाई के लिए उपयोग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सीता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाए



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं।

मनु के द्वारा बसाई गई विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी का इतिहास आरोहों अवरोहों से परिपूर्ण रहा है। वह कई बार बसी और उजड़ी। कहीं लिखत पढ़त में तो नहीं, किंतु एक लोक श्रुति के अनुसार इस नगरी को सीता जी का शाप है। परिस्थितियां और कारण कुछ भी रहे हों, पर उन जगज्जननी को यहां वह सम्मान और न्याय तो नहीं ही मिल सका, जिसके वे योग्य थीं। वे त्रिलोकपति श्रीराम से वैसी ही अभिन्न हैं जैसे वाणी और उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर। गोस्वामी तुलसीदास ने सही ही कहा है,"गिरा अरथ जल बीचि सम,कहियत भिन्न न भिन्न। बन्दौं सीता राम पद जिन्हइ परम प्रिय खिन्न"।। गोस्वामी जी ने गुणग्राम भी दोनों के साथ साथ गाए जाने के इशारे किए हैं।" सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ। वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ"। युद्धोपरांत लंकापुरी से वापस लाए जाने पर,राम ने उनसे कटु वचन भी कहे,जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लेख है। पश्चात् उनकी चारित्रिक शुचिता की 'अग्नि परीक्षा'ली गई थी, जिसमें वे पूर्णतया उत्तीर्ण हुईं थी। यही नहीं आदि कवि ने लिखा है कि रावण पहले उन्हें अपने महल में ही ले गया था। लंकापुरी का समस्त वैभव,अपनी पत्नियां और स्वयं को भी उनके अधीन करने का आश्वासन देता हुआ अपनी भार्या बनाने का प्रलोभन देता रहा।

यह सीता जी का ही आत्मबल था कि वे झुकीं नहीं और प्रलोभनों को तिरस्कृत करती हुईं, उसे फटकार लगाई। तब विफल खल नायक ने उन्हें अशोक वाटिका में आवासित करवा दिया। अयोध्या आकर, राजपाट सम्हालने के बाद, श्रीराम ने उनका परित्याग 'लोकापवाद'को शमित करने हेतु किया था,न कि उनके अशुचि होने के कारण। हालांकि अन्याय तो हो ही गया। ऐसे में यदि यह नगरी अभिशप्त हुई,तो बात समझ में आती है। कालिदास के 'रघुवंश'में एक वृत्तांत आया है। राम पुत्र कुश(महाराज कुशध्वज) रात अपने महल में लेटे थे।अर्द्ध रात्रि को जब वे तंद्राग्रस्त थे, तो एक विवर्ण मुख नारी सामने आ कर खड़ी हुई। महाराज चकित रह गए कि चारों ओर से सुरक्षित उनके शयन कक्ष में यह कौन नारी प्रवेश कर सकी। नारी बोली,'राजन्! मैं अयोध्या नगरी हूं। जबसे तुम्हारे पिता जी संपूर्ण नगर निवासियों सहित संतानिक लोक प्रस्थान कर गए, तब से मैं सूनी पड़ी हूं। महाराज कुश तत्काल तैयार हुए और दल बल सहित अयोध्या पहुंचकर उसे फिर से बसाया।

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं। सीता जी के सम्मान में वृद्धि की जाय। निर्मित हो रहे मंदिर परिसर में किसी उचित स्थान पर सीताराम युग्म की प्रतिमा स्थापित हो, तथा उन माता के भूमि से उद्भव से लेकर पृथ्वी के गर्भ में समाने तक के चित्र या विग्रह प्रतिष्ठित किये जाएं। अयोध्या में कन्याओं को ग्रेजुएशन तक की निःशुल्क शिक्षा देने वाला महाविद्यालय सरकार खोले। सनातन धर्मावलंबी अब कभी भी अपने इस धाम का अवरोह नहीं देखना चाहेंगे।

# पुलिस हिरासत में भी असुरक्षित



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

जब विश्व श्रमिक संगठनों के वजूद और हड़ताल के विचार से दुनिया अनजान थी। तब 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में बेकरी की गंदी अंधेरी कोठरियों में बेहद कम मजदूरी पर 12 से 14 घंटे काम करने वाली महिलाओं ने त्रस्त हो कर काम ठप किया और सड़क पर आ गई। 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की नींव मैडम क्लारा जेटकिन के प्रयासों से दूसरी अंतराष्ट्रीय महिला कांग्रेस में पड़ी। अभी तक महिला दिवस मार्च के किसी भी दिन मानने की प्रथा थी। किंतु प्रथम विश्व युद्ध के समय 8 मार्च को तमाम कामकाजी महिलाओं ने अपनी फैक्ट्री और उद्योगों से निकल कर एक नारा दिया हमें रोटी चाहिए। युद्ध नहीं हजारों महिला और पुरुष एक रैली के रूप में बाहर निकले। इस आंदोलन से रूसी क्रांति की नींव पड़ी। इसके बाद इसे कामकाजी महिला दिवस के रूप में मनाया और जाना गया।

देश में महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं लगातर बढ़ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि जब हम इस बार का महिला दिवस आयोजित कर रहे है नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट बहुत ही चौकाने वाली आई है। इसके अनुसार पुलिस हिरासत में भी महिलाएं असुरक्षित हैं। 2017 से 2022, के मध्य 5 वर्षो में ऐसी 270 घटनाएं हुई है, जिनमे पुलिस, जेल अधिकारियों आदि ने हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस हिरासत में रेप के मामले यूपी और एमपी में सर्वाधिक हैं। जहां क्रमशः 92, और 42, मामले दर्ज हुए एनसीआरबी के अकड़े बताते हैं कि महिलाओं पर हिंसा ब्लैक मेलिंग, दहेज उत्पीड़न बच्चियों पर रेप की घटनाएं लगातार बढ़ी है। निसंदेह भारतीय श्रमिक वर्ग को इन अपराधों को रोकने को आगे आना होगा, जिसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।

## एक नजर

### जिला महासचिव बनाए गए रियाज अहमद


रियाज अहमद को मनोनयन पत्र देते पदाधिकारी। अमृत विचार

**उसका बाजार, अमृत विचार, सिद्धार्थनगर :** स्थानीय नगर क्षेत्र के सरदार पटेल नगर निवासी रियाज अहमद को समाजवादी पार्टी के प्रति समर्पण व लगाव को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की जनपदीय इकाई का जिला महासचिव मनोनीत किया है। रियाज अहमद का राजनीतिक सफर 2017 में शुरू हुआ था जब उन्होंने उन्होंने पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की थी। जिला महासचिव बनाए जाने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय, सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव, विधायक सैयदा खातून, मोनू दुबे ,विभा शुक्ला ,कमाल अहमद, अजय चौधरी, रामफेर, इंद्रासना, सुरेश यादव, राम सेवक लोधी आदि ने बधाई दी है।

### पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्राधिकारी ने की चर्चा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** आगामी त्योहार महाशिवरात्रि व होली के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बांसी ने थाना खेसरहा में धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों व संभ्रांत व्यक्ति के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी बांसी ने मीटिंग कर शासन व उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया।

# सरकारी बस स्टैंड को बना दिया पार्किंग स्थल

**लापरवाही**

▸▸ प्रभारी की नहीं की गई अब तक नियुक्ति, बसों का संचालन कम होने से हो रही परेशानी

सिद्धार्थनगर कार्यालय



**अमृत विचार :** परिवहन निगम ने बसों के ठहराव और यात्रियों की सुविधाओं के लिए नगर पंचायत डुमरियागंज में सरकारी बस स्टैंड का निर्माण कराया है लेकिन यहां प्रभारी की नियुक्ति न होने और बसों की कम संख्या होने से लोग इसका पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग करने लगे हैं। समस्या से परिवहन निगम के अधिकारी और नगर पंचायत के लोग अवगत हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। वर्तमान में परिवहन बस स्टेशन की पूरी व्यवस्था दो गार्डों के भरोसे है।

यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए यहां लगवाया गया वॉटकर कूलर एक साल से खराब पड़ा है। परिसर में गंदगी का ढेर लगा पड़ा है। यहां यात्रियों के बैठने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। कस्बा निवासी सोनू गुप्ता कहते हैं कि लोग सड़क पर खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। बस स्टेशन पर प्रभारी की नियुक्ति न होने और परिवहन बसों की कम संख्या होने से अगल-बगल के लोग बस स्टेशन परिसर का इस्तेमाल अपने प्राइवेट वाहनों को पार्किंग के लिए कर रहे हैं। शमशाद अहमद के अनुसार, परिवहन निगम का डुमरियागंज बस अड्डा भवन जर्जर है। यहां पेयजल और प्रकाश व्यवस्था लचर है। शाम को 7 बजे के बाद लाइट न होने से बस स्टेशन पर अंधेरा हो जाता है। वॉटर कूलर एक वर्ष से खराब पड़ा है। इससे परेशानी होती है।

> बस स्टेशन पर लगे वॉटर कूलर को सही करने के लिए संबंधित ठेकेदार को एक महीना पहले ही निर्देशित किया गया था। पता करवाते हैं कि अभी तक वॉटर कूलर क्यों नहीं दुरुस्त किया गया।
> –**महेश श्रीवास्तव**, अधिशासी अधिकारी, डुमरियागंज

> डुमरियागंज परिवहन निगम बस स्टेशन की समस्या संज्ञान में आई है। वहां स्टेशन प्रभारी की जल्द नियुक्ति करने के बाद व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। बस स्टेशन परिसर में प्राइवेट वाहनों को पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। –**विजय गंगवार**, एआरएम, सिद्धार्थनगर

# समय पर ठीक कराएं बूथों की व्यवस्थाएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को तहसील नौगढ़ के अंतर्गत कई संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में रैंप, शौचालय आदि ठीक नहीं हैं, उन्हें समय से ठीक करा दिया जाएं। डीएम ने साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। कहा कि बूथ संख्या का अंकन करा दिया जाएं। इस दौरान उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय व अन्य संबधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# लंबित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर करें निस्तारण: एसपी

## पुलिस अधीक्षक ने अपराध गोष्ठी में अफसरों को दिए निर्देश, की समीक्षा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


गोष्ठी में अफसरों को निर्देश देतीं पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी की। उन्होंने अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण और शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गोष्ठी की शुरुआत सैनिक सम्मलेन से हुई। सबसे पहले पूर्व सैनिक सम्मलेन में उठे समस्याओं के समाधान के बारे में प्रतिसार निरीक्षक ने बताया और सभी थानों से आए थानाध्यक्षों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को आदेशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि, होली व लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध की रोकथाम को प्रचार-प्रसार, संपत्ति, महिला उत्पीड़न के पंजीकृत अभियोगों में कार्रवाई, गुमशुदा लापता व बरामदगी के लिए शेष बच्चों की बरामदगी को लेकर की गई कार्रवाई व लंबित मुकदमों में एकत्रित साक्ष्य और गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि अभियुक्तों पर वैधानिक कार्रवाई गुंडा एक्ट अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम के तहत अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्रवाई की जाएं। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आईजीआरएस प्रकरणों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, ऑपरेशन क्लीन व असलहा की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी अग्निशमन, अभियोजन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक प्रज्ञान शाखा, निरीक्षक रेडियो शाखा, सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष आदि रहे।

# शतरंज में सवितेस पाठक रहे विजेता

**द्वितीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु में द्वितीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के पहले दिन बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम के बाद मात्र तीन खेलों का आयोजन हुआ। द्वितीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का उद्घाटन कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा की जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बहुत आवश्यक है। आज जिस तरह से विद्यार्थियों में पाठ्यक्रम प्रतियोगिता को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उसके समाधान में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा खेल का है। खेल के माध्यम से विद्यार्थियों में सामूहिकता, अनुशासन और खेल भावना का विकास होता है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि खेल का वातावरण बेहतर ढंग से सृजित हो। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को 14 मार्च तक होने वाले प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। यह प्रतियोगिता 14 मार्च तक चलेंगी जिसमें 37 अलग-अलग प्रकार की प्रतियोगिताएं होंगी। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में मैनेजमेंट विजेता व वाणिज्य विभाग की टीम उपविजेता रही। महिला वॉलीबॉल में वाणिज्य संकाय विजेता व कला संकाय उपविजेता रहीं। शतरंज के पुरुष वर्ग में वाणिज्य संकाय के सवितेस पाठक विजेता तथा विज्ञान संकाय के नीरज कुमार उपविजेता रहे। महिला वर्ग में कला संकाय की रूपाली कुमारी विजेता व वाणिज्य संकाय की उमा जायसवाल उपविजेता रही। कर्मचारी एवं छात्र क्रिकेट मैच में छात्र इलेवन विजेता और कर्मचारी इलेवन उपविजेता रही। इस दौरान प्रो. दीपक बाबू मिश्र, प्रो. हरीश कुमार शर्मा, प्रो. प्रकृति राय, दीनानाथ, प्रो. सौरभ श्रीवास्तव, प्रो. नीता यादव, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. जयसिंह यादव, डॉ. मनीषा बाजपेई, डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 138 छात्र छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** बांसी के सिद्धार्थ महाविद्यालय कम्हरिया खुर्द परिसर में बुधवार को स्नातक स्तर के तृतीय व पंचम सेमेस्टर में अध्ययनरत 138 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं नें सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक पाल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्राओं की दशा व दिशा सुधारने के लिए कृत संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन सूर्य बक्श पाल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने किया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्रभारी विनय भट्ट, पूर्वोत्तर रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्य उमेश श्रीवास्तव आदि रहे।

# सीसीटीवी की जानकारी लेने घर-घर जाएंगे पुलिसकर्मी

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कमर कस ली है।


एसएसपी।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जिलेभर की पुलिस के साथ मीटिंग कर निर्देश दिया है कि सभी बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने हल्कों, मोहल्लों और कॉलोनियों में जाकर लोगों से संवाद करेंगे, उनसे बातचीत कर ये जानने की कोशिश करेंगे कि उनके घर या प्रतिष्ठानों पर जो सीसीटीवी लगे हैं, वो सही से काम कर रहे हैं या नहीं। इसके लिए सभी बीट पुलिस के अधिकारियों के एक प्रोफार्मा भी दिया गया है जिसमें वे सारी डिटेल भरेंगे।

एसएसपी ने बताया कि जनपद में 25 हज़ार सीसीटीवी लगवाए गए हैं। गोरखपुर प्रदेश का पहला ऐसा जिला है जिसका ग्रामीण और शहरी क्षेत्र पूरी तरह से सीसीटीवी से कवर है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद में कानून व्यवस्था स्थापित करने, क्रॉइम कंट्रोल करने के लिए जो कैमरे लगे हैं, उन सभी को वर्तमान स्थिति का जाजया लेने के लिए बीट पुलिस और हल्का प्रभारी को निर्देशित किया है।

### किशनगंज स्टेशन पर किया गया ट्रेन का दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने 04653/04654 न्यू जलपाई गुड़ी-अमृतसर-न्यू जलपाई गुड़ी विशेष गाड़ी व 15933/15934 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस का पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के किशनगंज स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव किया है। न्यू जलपाई गुड़ी से 8 मार्च से चलने वाली 04653 न्यू जलपाई गुड़ी-अमृतसर विशेष गाड़ी किशनगंज स्टेशन पर 7.47 बजे पहुंचकर 7.49 बजे छूटेगी। अमृतसर से 13 मार्च से चलने वाली 04654 अमृतसर-न्यू जलपाई गुड़ी विशेष गाड़ी किशनगंज स्टेशन पर 16.09 बजे पहुंचकर 16.11 बजे छूटेगी। न्यू तिनसुकिया से 12 मार्च से चलने वाली 15933 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस किशनगंज स्टेशन पर 5.25 बजे पहुंचकर 5.27 बजे छूटेगी।

# नमक बोर्ड के बनें सदस्य : डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी व मौजूद मुख्य विकास अधिकारी।

**अमृत विचार :** काला नमक एक्सपोर्ट डेवलपमेंट फाउंडेशन कृषक उत्पादन संगठन की जिलास्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्टेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एफपीओ से अपील की कि काला नमक बोर्ड के सदस्य बने जिसका आजीवन सदस्यता शुल्क 10 हजार व सामान्य सदस्य के लिए 1 हजार रुपये तीन वर्ष के लिए निर्धारित है। अधिक से अधिक लोग काला नमक बोर्ड के सदस्य बने जिससे काला नमक का उत्पादन व निर्यात अच्छे ढंग से हो सके। उपकृषि निदेशक अरविंद विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद में 45 एफपीओ कार्यरत हैं। जिलाधिकारी ने एफपीओ के मॉनीटरिंग के लिए उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया। डीएम ने सभी एफपीओ को नॉबार्ड की कृषि अवसंरचना निधि, एएमआई, एग्री क्लीनिक- एग्री बिजनेस सेंटर के बारे में लाभ लेने के लिए अपील की। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल, लीड बैंक अधिकारी आरके. सिन्हा, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, एफपीओ आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा


प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते पदाधिकारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** नगर पंचायत शोहरतगढ़ सभागार में मंडल अध्यक्ष पं. शिवशक्ति शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण कार्यक्रम को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सुना। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल रहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभासद बबलू गौड़, सतीश वर्मा, बूथ अध्यक्ष मनोज गुप्ता, दिलीप वर्मा, बिंदु देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, मंशा देवी, माला देवी, राजेश तिवारी, ब्रम्हदेव कसौधन, कमलेश गुप्ता, श्रीनिवास, दुर्गेश अग्रहरी, सूरज निगम आदि उपस्थित रहे।

### जल ज्ञान यात्रा प्रमाण-पत्र किए वितरित


प्रमाण-पत्रों के साथ छात्राएं व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार :** जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को जल संचयन व संरक्षण को जागरूक करने के लिए जल ज्ञान यात्रा निकाली जा रही है। इसमें प्रतिभागी स्कूल व बच्चों को जल ज्ञान यात्रा प्रमाण-पत्र दिए जाने हैं। 8 दिसंबर के बाद हुई जल ज्ञान यात्रा के प्रमाण-पत्र एसडब्ल्यूएसएम मुख्यालय से डाक द्वारा संबंधित जनपदों को प्रेषित किए जा रहे हैं। प्रमाण-पत्र प्राप्त होने के बाद इनका वितरण शुरू किया गया है। ये वितरण जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता के दिशा-निर्देशन में हो रहा है। कुछ छात्र-छात्राओं को इनका वितरण भी किया गया है।

### बच्चों का टीकाकरण करा रोगों से बचाएं


स्वास्थ्य उपकेंद्र महुलानी का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार :** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य उपकेंद्र महुलानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने टीकाकरण कराने आए लाभार्थियों से वार्ता की। डीएम ने कहा कि अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं और बच्चों को रोगो से बचाएं।

### किसानों को मिले मुआवजा

**बांसी, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** बुधवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष जुल्फेकार अहमद खान उर्फ पप्पू की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार बिंद्रेश गुप्ता को सौंपा गया। इसमें कहा गया कि विगत दिनों प्रदेश में ओलावृष्टि व अत्यावृष्टि के कारण जनपद में भी किसानों की गेहूं, आलू व तिलहन की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा लेकिन अभी तक सरकार द्वारा किसानों को उनकी फसल की नुकसान का मुआवजा नहीं मिला है। इस दौरान किसानों की फसलों के नुकसान का मुआवजा तत्काल दिए जाने की मांग की गई। जिला महासचिव राजन श्रीवास्तव, जिला सचिव सतीश त्रिपाठी, मुबीन खान, जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया विक्की रिजवी , जिला सचिन अनुसूचित सेल राधेश्याम, विशाल गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष एडवकेट राजेश श्रीवस्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

# नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन 9 से

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के टनकपुर स्टेशन से देहरादून के लिए 15020/15019 टनकपुर-देहरादून-टनकपुर नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का संचलन किया जाएगा। इसका उद्घाटन 9 मार्च को टनकपुर से किया जाएगा। नियमित रूप से 15020 टनकपुर-देहरादून का संचलन 9 मार्च से टनकपुर से प्रत्येक शनिवार व 15019 देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन 10 मार्च से हर रविवार को किया जाएगा।

15020 टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस 09 मार्च,2024 से टनकपुर से 19.40 बजे प्रस्थान कर बनबसा से 19.52 बजे, खटीमा से 20.12, पीलीभीत से 20.50, भोजीपुरा से 21.30, बरेली सिटी से 22.15, बरेली जंक्शन से 22.38 बजे, दूसरे दिन चंदौसी से 00.20 बजे, मुरादाबाद से 1.43 बजे, नजीबाबाद से 3.05 बजे, लक्सर से 4.07 बजे व हरिद्वार से 4.52 बजे छूटकर देहरादून 7.35 बजे पहुंचेगी। वापसी में 15019 देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 10 मार्च से देहरादून से 15.15 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से 16.55 बजे, लक्सर से 17.33, नजीबाबाद से 18.08, मुरादाबाद से 20.05, चंदौसी से 21.25 बजे, दूसरे दिन बरेली जंक्शन से 1.00 बजे, बरेली सिटी से 1.15 बजे, भोजीपुरा से 1.47 बजे, पीलीभीत से 2.35 बजे, खटीमा से 3.13 बजे व बनबसा से 3.36 बजे छूटकर टनकपुर 4.00 बजे पहुंचेगी। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### गोरखपुर-हटिया एक्सप्रेस के समय में किया परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने यात्री जनता की सुविधा के लिए 15028/15027 गोरखपुर-हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार सम्बलपुर तक किया था। इस गाड़ी के हटिया, राउरकेला, झारसुगुडा, रंगाली व सम्बलपुर स्टेशनों के समय में अब परिवर्तन किया गया है। शेष स्टेशनों पर इस गाड़ी के ठहराव व समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। परिवर्तित समयानुसार विस्तारित मार्ग पर 15028 गोरखपुर-हटिया-सम्बलपुर एक्सप्रेस हटिया स्टेशन पर 7.25 बजे पहुंचकर 07.35 बजे छूटेगी, राउरकेला स्टेशन पर 10.50 बजे पहुंचकर 10.58 बजे छूटेगी, झारसुगुडा स्टेशन पर 13.25 बजे पहुंचकर 13.30 बजे छूटेगी और रेंगाली स्टेशन पर 13.55 बजे पहुंचकर 13.57 बजे छूटकर सम्बलपुर 14.40 बजे पहुंचेगी। वापसी में 15027 हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार सम्बलपुर से 9.20 बजे प्रस्थान कर रेंगाली, झारसुगुडा, राउरकेला स्टेशनों पर रुकते हुए हटिया स्टेशन पर 16.40 बजे पहुंचकर 16.50 बजे छूटेगी। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# मंडपम् से रामेश्वरम् तक निरस्त रहेगी बनारस-रामेश्वरम् एक्सप्रेस

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने अपरिहार्य कारणों से 22536/22535 बनारस-रामेश्वरम्-बनारस एक्सप्रेस का मंडम्-रामेश्वरम् के मध्य आंशिक निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन किया है।

बनारस से 10 मार्च को चलने वाली 22536 बनारस-रामेश्वरम एक्सप्रेस रामेश्वरम के स्थान पर मंडपम् में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी मंडपम् से रामेश्वरम् के मध्य निरस्त रहेगी। इसी तरह रामेश्वरम् से 14 मार्च को चलने वाली 22535 रामेश्वरम-बनारस एक्सप्रेस रामेश्वरम के स्थान पर मंडपम् से चलाई जाएगी । यह गाड़ी रामेश्वरम् से मंडपम् के मध्य निरस्त रहेगी ।

### दो मिनट का रहेगा ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 15705/15706 कटिहार-दिल्ली-कटिहार एक्सप्रेस का दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के सिसवा बाजार स्टेशन पर अगली सूचना तक किया है। कटिहार से 11 मार्च से चलने वाली 15705 कटिहार-दिल्ली एक्सप्रेस सिसवा बाजार स्टेशन पर 18.32 बजे पहुंचकर 18.34 बजे छूटेगी। दिल्ली से 12 मार्च से चलने वाली 15706 दिल्ली-कटिहार एक्सप्रेस सिसवा बाजार स्टेशन पर 7.25 बजे पहुंचकर 7.27 बजे छूटेगी ।

**आयोजन**

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में 7 दिवसीय नि :शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण व मुफ्त सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

# वैदिक काल से ही पूज्य रही है नारी शक्ति : कुलपति

संवाददाता, गोरखपुर


कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सौजन्य से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में 7 दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण एवं मुफ्त सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम की बुधवार को विश्वविद्यालय में शुरुआत हुई। नारी स्वालम्बन के दृष्टिकोण से आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह रहे।

इस दौरान विधायक ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का यह अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला है। इस परिषद ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में सिर्फ शिक्षा की ही अलख ही नहीं जगाई, बल्कि संस्कृति, राष्ट्रीयता, चिकित्सा सेवा और स्वावलंबन की दिशा में यह प्रेरणा पुंज है। महिला प्रशिक्षणर्थियो को आत्मनिर्भर बनने का संकल्प दिलाते हुए उन्होंने कहा कि आप सबको जागरूक होकर अपनी शक्ति का एहसास करना होगा। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण लेकर आप अपने घर-परिवार को आर्थिक संबल देने में आगे आ सकती हैं। अध्यक्षता करते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि नारी शक्ति वैदिक काल से पूज्य रही है। आज नारी शक्ति अपने हुनर को पहचान कर स्वयं के पैरों पर खड़ी हो रही है। समाज में हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रचने वाली महिलाएं किसी भी मायने में कम नहीं हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. वेद प्रकाश पांडेय ने महिलाओं को स्व रोजगार के लिए प्रेरित किया। विजिटिंग प्रोफेसर राजेंद्र भारती ने भी विचार रखे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्यवयक डॉ. अखिलेश दूबे ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन शिवम पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय ने किया। इस दौरान उपकुलसचिव श्रीकांत, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस, अधिष्ठता डॉ. एसके सिंह, डॉ.विमल कुमार दुबे, डॉ.रोहित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सीएम 221 महिलाओं को देंगे सिलाई मशीन का तोहफा



नि :शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के तहत मुफ्त सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में 8 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। इस दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीएम योगी 221 प्रशिक्षित महिलाओं को नि :शुल्क सिलाई मशीन का उपहार देंगे। समारोह शुक्रवार दोपहर बाद महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के सभागार में होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति की देखरेख में होने वाले समारोह में सांसद रवि किशन शुक्ल, विधायक महेंद्रपाल सिंह भी रहेंगे।

## एक नजर

### निर्माण में मानक अनुरूप सामग्रियां प्रयोग करें : एसपी

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने मंगलवार को जिले के विभिन्न थानों और पुलिस लाइन में निर्माणाधीन बैरकों और भवनों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा के लिए संबंधित निर्माण इकाई के अभियंताओं, कार्य करा रहे ठेकेदारों, साइड सुपरवाइजरों और कार्य के पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त किये गए मुख्य आरक्षियों की पुलिस कार्यालय में गोष्ठी किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहां-कहां कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हुए हैं और निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की मात्रा व गुणवत्ता के मानक की जानकारी लिया। उन्होंने सभी निर्माण स्थलों का नक्शा और बुकलेट चेक किया। निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरुप रखने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही जांचकर्ता अधिकारी को भवन निर्माण में पड़ने वाली निर्माण सामग्री निर्धारित मात्रा में प्रयुक्त कराने के लिये बताया।

### स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित करता है एनएसएस : प्राचार्य

**संतकबीरनगर।** गंगा देवी कपिलदेव तिवारी महाविद्यालय भुजैनी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अन्तर्गत सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का आयोजन किया गया। विशिष्ट शिविर के लिए पोषित ग्राम सरौली चहारुम का चयन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया। प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का लोगो जिसमें लाल व नीला रंग है उड़ीसा के प्रसिद्ध कोर्णांक मन्दिर के विशाल रथ का पहिया है, जो सभी स्वंय सेवकों को सामाजिक परिवर्तन के प्रति भावुक और सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर डॉ. रंगनाथ तिवारी आनन्द शुक्ल, अरशद खान, संजय पाल, दुर्गेश शुक्ल, डा. विनीत कुमार गौड़, प्रमोद यादव, दुर्गेश शर्मा, श्रीमती विनीता प्रजापति, विपिन कुमार, श्रीमती शशि चौधरी, श्रीमती अर्पिता चौधरी, डा. रीतेश आर्या, तुफैल आदि मौजूद रहे।

# मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक


गांव में जागरूकता रैली निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विकास खण्ड सेमरियावां के ग्राम पंचायत परसा शेख में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी जिला प्रबंधक कौशल विकास मिशन धीरेंद्र विक्रम सिंह ने ग्राम वासियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदाताओं को घर से निकाल कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

# यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

▸▸ मोडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों पर हुई कार्रवाई

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बुलेट मोटरसाइकिलों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज निकालते हुए सड़कों पर फर्राटा भर रहे मनचलों के खिलाफ यातायात पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। मनबढ़ युवकों द्वारा जनपद मुख्यालय के साथ ही विभिन्न कस्बों और चौराहों पर तेज आवाज के साथ फायरिंग की आवाजें निकालते हुए फर्राटा भरने की शिकायतें लगातार पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता को मिल रही थीं। जिसके सापेक्ष पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभारी परमहंस को बुलेट मोटरसाइकिल के खिलाफ जांच और कार्यवाही


बुलेट मोटरसाइकिल से मोडीफाइड साइलेंसर निकलवाते यातायात प्रभारी।

का निर्देश दिया। यातायात प्रभारी ने बुधवार को खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास पर मोडिफाई साइलेंसर के विरुद्ध अभियान चलाकर दो बुलेट मोटरसाइकिलों से मोडिफाई साइलेंसर निकलवा कर साधारण साइलेंसर लगवाया। साथ ही बुलेट चालकों को मिठाई खिलाकर दुबारा ऐसा नहीं करने की कड़ी चेतावनी दिया। यातायात प्रभारी परमहंस ने कहा कि कम्पनी सभी मानकों का ध्यान रखते हुए वाहन का निर्माण करती है। मोडीफाइड साइलेंसर लगाने के बाद वातावरण में ध्वनि प्रदूषण होता है जो कानूनन अपराध है।

# 338 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : खलीलाबाद व मेंहदावल तहसील में आयोजन आज

▸▸ धनघटा तहसील की कन्याओं का सामूहिक विवाह कल

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले की विभिन्न वर्गों की 338 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह आज और कल आयोजित किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खलीलाबाद व मेंहदावल तहसील क्षेत्र की कन्याओं का विवाह आज और धनघटा तहसील क्षेत्र की कन्याओं के विवाह का आयोजन कल किया जाएगा।

खलीलाबाद स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में बघौली ब्लाक की 21, खलीलाबाद ब्लाक की 51 और सेमरियावां ब्लाक की 54 कन्याओं का विवाह आज भव्य समारोह के बीच किया जाएगा। इसी प्रकार से मेंहदावल स्थित जनता वैदिक महाविद्यालय परिसर में बेलहर ब्लाक की 32, सांथा ब्लाक की 27 और मेंहदावल की 12 कन्याओं के विवाह का आयोजन किया जाएगा।

धनघटा तहसील क्षेत्र के नाथनगर ब्लाक की 45, हैंसरबाजार ब्लाक की 52 और पौली ब्लाक की 44 कन्याओं के विवाह का आयोजन कल ताराचंद महाविद्यालय मिठना सिठना के प्रांगण में किया जाएगा। आयोजन में क्षेत्रीय सांसद इंजीनियर प्रवीण निषाद, तीनों विधानसभा क्षेत्रों के स्थानीय विधायक, ब्लाक प्रमुख समेत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता समेत तमाम जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहकर नव युगल को आशीष और उपहार प्रदान करेंगे। हिंदू जोड़ों की शादी ब्राह्मण विद्वानों द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी और मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा पढ़ाया जाएगा।


जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए पंडाल तैयार करते मजदूर। अमृत विचार

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**ललिया, बलरामपुर।** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय शिवपुरा में किया गया। शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने किया। कहा कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शक्ति वंदन कार्यक्रम चला रही है। महिलाएं चूल्हा चौका से आगे आकर घर गृहस्थी के समाज में भागीदारी दे रही है। आधी आबादी को महिला स्वयं सहायता समूहों से जोड़ कर अनेकों योजनाएं से जुड़ी हुई है। मोदी सरकार द्वारा तीन लाख महिलाओं को समूहों से जोड़ कर लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। कृषि ड्रोन दीदी के तहत महिलाओं को चूल्हा चैका के साथ आधुनिक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक करने का कार्य शुरू कर दिया है। घर से बाहर काम करने वाली महिलाओं को रुकने व रोजगार से जोड़ा जा रहा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिवपुरा ओमप्रकाश शुक्ला, मंडल प्रभारी अंशुमान शुक्ला, महामंत्री राजेश गुप्ता, सिद्धनाथ तिवारी, प्रभारी एडीओ पंचायत संतोष गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप सैनी, ब्लॉक मिशन मैनेजर शैलेंद्र सिंह, संतोष यादव, मुस्ताक अहमद, लिपिक सगीर अहमद मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सोनम चिश्ती ने मांगा सुलतानपुर से टिकट



**सुलतानपुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी जिले में बढ़ती जा रही है। इसी बीच बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सोनम चिश्ती ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से टिकट मांगकर सबको चौका दिया। यहां भाजपा से ही मेनका संजय गांधी सांसद है। बीजेपी की ओर से जारी प्रत्याशियों की पहली सूची में आसपास के जिले अमेठी, अंबेडकरनगर, जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या के प्रत्याशियों के नाम शामिल रहे, लेकिन सुलतानपुर सीट पर कंडीडेट घोषित नहीं किया गया है। जबकि, यह सीट बीते दो चुनाव में भाजपा के ही पास है। वर्तमान में मेनका गांधी सांसद है तो इसके पहले उनके पुत्र वरुण गांधी सुलतानपुर के सांसद रहे थे। अभी तक सुलतानपुर में भाजपा के प्रत्याशी घोषित नहीं होने पर तमाम तरह की चर्चाएं सियासी गलियारों में चल रही थी कि बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार में किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोनम किन्नर ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता दी। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबियों में रहने वाली सोनम किन्नर दिल्ली केंद्रीय कार्यालय पहुंचीं हैं। प्रत्याशी बनने के लिए गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में पूर्व में नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के चेयरमैन पद पर निर्दल प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने और 12 हजार वोट पाने की बात भी कही है। किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती (किन्नर) ने बताया कि उन्होंने लखनऊ और दिल्ली के बीजेपी कार्यालय में अपना आवेदन किया हैं। टिकट देना शीर्ष नेतृत्व का अधिकार है। टिकट मिलता है तो सुलतानपुर सीट जीतकर जनता की सेवा करूंगी।

### कायाकल्प योजना से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर दिया जोर



ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

**बलरामपुर।** बुधवार को क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सचिव व ग्राम प्रधान का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मिशन प्रेरणा व कायाकल्प योजना के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार चैधरी ने किया। बीईओ ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष के अधिकारो व दायित्व के सम्बंध तथा विधालय संचालन में उनके महत्तव के सम्बंध मे जागरूक करना है। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी एसएमसी अध्यक्ष व ग्राम प्रधान से विद्यालय संचालन, विधालय विकास कायाकल्प, बच्चों की उपस्थिति, निपुण बनाने मे सहयोग की अपील की। कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रधान, अध्यक्ष व शिक्षक आपस मे मिलकर बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल कर सकते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं मिशन प्रेरणा मिशन कायाकल्प बुनियादी शिक्षा को मजबूती के लिए विभिन्न प्रयासों जैसे शिक्षकों की ट्रेनिंग सहज पुस्तिकाओं का वितरण आधारशिला शिक्षण संग्रह व ध्यान आकर्षण हस्त पुस्तिकाएं व खेलकूद की सामग्री विद्यालयों में उपयोग होने की बात बताई। एआरपी सीताराम, कल्लू भारती व विरेन्द्र बहादुर द्वारा बच्चों के नामांकन, ठहराव आदि मे एसएमसी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सहयोग की अपेक्षा किया। काशी राम ने बालवाटिका तथा डीबीटी के समुचित उपयोग पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष, एआरपी व वरिष्ठ शिक्षकों को बैच लगा कर स्वागत किया गया। शिक्षक मोहम्मद फिरोज, प्रेम चंद्र शर्मा, राजेश कुमार, अशोक, भगवान दीन, अरविंद गुप्ता, हेमंत कुमार, बालेश्वर नाथ, तरूण मिश्रा, पल्लवी सकसेना, आरम्भा देवी, अर्चना पांडेय, तबस्सुम, अर्पणा मिश्रा, अनिल, करम मोहम्मद, मोहम्मद रफीक व अन्य मौजूद रहे।

### महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक


गुमाफातिमाजोत के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

**सादुल्लानगर, बलरामपुर, अमृत विचार।** शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा की ओर से बुधवार को सादुल्लानगर मंडल के गुमाफातिमाजोत के पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रेहरा बजार पंकज सिंह चैहान ने दीप प्रवज्जलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पंकज सिंह चैहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के लिए विशेष कार्य कर रहे हैं। उनको आदि आबादी का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा। तीन तलाक व अन्य कानून बनाकर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें मजबूत किया है। कार्यक्रम संयोजक बहरैची प्रसाद गुप्ता व रमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में संचालित योजनाओं के जरिए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया है। मुख्य अतिथि पंकज सिंह ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वालंबन के बारे में विस्तार से बता कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिला मंत्री सुमित सिंह, मंडल अध्यक्ष अरबिंद मिश्रा, दीपचंद जायसवाल, बिष्णु गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रिया वर्मा, ग्राम प्रधान रमेश गुप्ता, जिलामंत्री सुमित सिंह, विष्णु गुप्ता, अतुल उपाध्याय, रमेश चैहान, कपूर चंद्र कश्यप, आनन्द त्रिपाठी, राधेश्याम गुप्ता, सुकई वर्मा, सीमा देवी, सुनीता, राम लौटन, मनोज सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# एमएलके महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके के पीजी कॉलेज के हॉकी मैदान पर बुधवार को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ल व कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता के ध्वज को फहराकर किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में कला संकाय ने शिक्षक शिक्षा संकाय को 2-0 से पराजित किया। बैडमिंटन बालिका वर्ग के एकल मुकाबले में आयुषी द्विवेदी ने खुशी को 11-5 तथा डबल्स मुकाबले में आयुषी द्विवेदी व स्वाती चौरसिया ने स्वाती पांडेय व रूबी को 11-08 से पराजित किया। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में कोमल शिल्पकार प्रथम, गंगोत्री द्वितीय व अंजू यादव तृतीय रहीं। 1500 मीटर बालक वर्ग में युवराज श्रीवास्तव प्रथम, पवन अहीर द्वितीय व पवन प्रजापति तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अंजू यादव प्रथम, रिंकी यादव द्वितीय व गंगोत्री यादव तृतीय स्थान पर रहीं।



एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बोलते तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल। अमृत विचार

# शिवालयों पर चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा

▸▸ तामेश्वरनाथ मंदिर पर पहुंचने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा का विशेष प्रबन्ध

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के पर्यवेक्षण में आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत खलीलाबाद क्षेत्र के चकपिहानी शिव मन्दिर, बागेश्वर मन्दिर बडगों, झारखण्डी शिव मन्दिर कोल्हुआ लकडा, मीरगंज शिव मन्दिर, कोनी शिव मन्दिर, बाहिलपार शिव मन्दिर, कबीर चौरा मगहर शिव मन्दिर, तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर, थाना दुधारा अन्तर्गत पचपोखरी शिव मन्दिर, मगुआ पाण्डेय शिव मन्दिर, कानपारा शिव मन्दिर, राजापुर सरैया शिव मन्दिर, तिलजा शिव मन्दिर, दशावा शिव मन्दिर, महुआरी शिव मन्दिर, मदाईन शिव मन्दिर, बाघनगर शिव मन्दिर, रजगनपुर शिव मन्दिर, डिघवा डिघेश्वरनाथ शिव मन्दिर, पंचपोखरी शिव मन्दिर, थाना धनघटा अन्तर्गत, शिव मन्दिर पौली, शिव मन्दिर हैंसर बाजार, बिडहर घाट शिव मन्दिर, धनघटा शिव मन्दिर, बैजूनाथ शिव मन्दिर, सरयू नदी का बिडहर घाट, थाना महुली अन्तर्गत पिड़िया बाजार, शिव मन्दिर मुडियारी, शिव मन्दिर भगता, शिव मन्दिर गायघाट, रामजानकी मन्दिर, नाथनगर, थाना मेहदावल अन्तर्गत करमैनी घाट, नौलखा शिव मन्दिर, झारखण्डी शिव मन्दिर, शिव मन्दिर विसौवां, शिव मन्दिर कांटी, पक्का पोखरा मेहदावल, कुबेर नाथ शिव मन्दिर समेत जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर लगने वाले मेलों में सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि तामेश्वरनाथ मंदिर पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे।

# आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करती हैं खेल प्रतियोगिताएं : सांसद

▸▸ शेरपुर मोहल्ले में आयोजित हुई रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता

**मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत मगहर के मोहल्ला शेरपुर के मदरसा दारुल उलूम बरकातिया के पीछे स्थित ग्राउंड पर मंगलवार की देर शाम तीन दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका उदघाटन संतकबीर नगर के सांसद इंजीनियर प्रवीण कुमार निषाद के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल हमारी सेहत के लिये बेहद जरूरी है। हमारे बीच बहुत सी प्रतिभाएं छिपी हुई हैं, जो इन खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामने आती हैं। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें भी खेल पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि खेलकूद की स्वस्थ प्रतियोगिताएं कराकर खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का अवसर प्रदान किया आपका प्रयास बेहद सराहनीय है। इससे पूर्व उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत कराई। आयोजक सादिक अख्तर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें पंजीकृत हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच धनघटा संतकबीरनगर व स्टार क्रिकेट क्लब मऊ के बीच खेला गया। जिसमें धनघटा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 33 रन बनाए जिसके जवाब में मऊ की टीम ने बिना कोई विकेट खोए जीत के लिये जरूरी 34 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लिया। निर्णायक की भूमिका हाजी फिरोज खान व इमरान अब्बासी ने निभाई।

इस मौके पर विधायक सुल्तानपुर, सांसद प्रतिनिधि आनंद तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी, गौरव निषाद, सभासद मेंहदी हसन, पप्पू, आमिर कादरी, राहुल कन्नौजिया, अहमद अली, सादाब अहमद, सादिक अख्तर, मुन्ना भाई रानी कटरा, सेराज अहमद अंसारी, परवेज कौसर अंसारी, मुश्ताक उर्फ मुन्ना खान, आरफीन समेत नगर के तमाम लोग मौजूद रहे।



रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कराते सांसद प्रवीण निषाद। अमृत विचार

**तैयारी** आगामी लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष व पारदर्शी रूप से कराए जाने को लेकर हुई बैठक

# चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए बनाई गईं टीमें

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष, शंतिपूर्ण व प्रलोभनमुक्त रूप से कराए जाने के लिए डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में फ्लाइंग सर्विलांस टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम व लेखा टीम का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी रूप से कराए जाने हेतु जनपद में 36 फ्लाइंग सर्विलांस टीम तथा 42 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 8 वीडियो अवलोकन टीम, 4 वीडियो अवलोकन टीम बनाई गई है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा चुनाव की घोषणा होने के बाद चारों विधानसभा में बनाए गए 14 चेक पॉइंट पर तैनात रहकर मुस्तैदी के साथ आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जाएगी। फ्लाइंग सर्विलांस टीम द्वारा सी विजिल एप के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अनैतिक कार्यों पर नजर रखेगी। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी व राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा स्थाई निगरानी समिति व स्टेटिक सर्विलांस टीम को उनके कार्यों व दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि एफएसटी व एसएसटी टीम में लगे मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ कार्य करेंगे। सभी पूर्व में ही दिए गए क्षेत्र का भ्रमण कर ले। वाहनों आदि की चेकिंग के दौरान पूरी प्रक्रिया का वीडियोग्राफी अवश्य कराए। इस दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा सी विजील एप के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान समस्त एफएसटी, एसएसटी टीम के सदस्य व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल सीडीओ संजीव कुमार। अमृत विचार

## छात्रों ने शत प्रतिशत वोट के लिये किया प्रेरित




बुद्धवार को प्रशासन के आदेशानुसार समाज कल्याण विभाग की योजना मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग के छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन के साथ अभ्युदय के छात्रों ने डायट से लेकर वीर विनय चौराहे तक रैली निकाली। छात्रों द्वारा रंगोली बनाया गया। इसके उपरांत भाषण, कविता, नाटक, नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। वीर विनय से चौक तक छात्रों ने डोर से डोर जा कर लोगों को शत प्रतिशत वोट करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए उनके भाषण की सराहना किया और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान की आवश्यकता पर बल दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने मतदान के अधिकार पर जोर देते हुए इसे उपयोग करने के लिए जनता से अपील की। अभ्युदय कोचिंग के कोऑर्डिनेटर सचिन सिंह ने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। अमृत विचार

## एक नजर

### आज औद्योगिक आपदा से बचाव पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राहत विभाग की ओर से गुरुवार को मॉल एवेन्यू स्थित एक होटल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इसमें विषय विशेषज्ञ बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण प्रदेश में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर (सीबीआरएनआई) तथा औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए मंथन करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक दिवसीय औद्योगिक आपदाओं के न्यूनीकरण एवं प्रबंधन पर कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में इण्डस्ट्रियल, केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल तथा न्यूक्लियर आपदाएं घटित होने की संभावनाओं को कम करने एवं आकस्मिक स्थिति में बचाव कार्य पर मंथन किया जाएगा। इसमें विभाग के लोग, कई संस्थाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन तथा अन्य स्टेकहोल्डर्स सहित तमाम विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता हुए सक्रिय

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ ने बुधवार को बैठक की। बैठक में श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। कार्यकर्ताओं को हर वार्ड में जाकर लोगों की जानकारी एकजुट करने को कहा गया है। चेयरमैन ने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों की समस्यायें सुनेंगे और उन्हें निस्तारित करने का प्रयास करेंगे।

# आगरा मेट्रो की शुरुआत बना अनोखा रिकार्ड

## तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



मेट्रो में यात्रा करते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर व अन्य। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी
- योगी ने बच्चों के साथ किया सफर
- होली से पहले मेट्रो ट्रेन की मिली सौगात: योगी

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो। आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभांरभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा में शामिल हुए सपा-बसपा के पूर्व विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रहण की सदस्यता

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर सपा के पूर्व विधायक संजय गर्ग (सहारनपुर), बसपा के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम (गाजीपुर) और पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह (बलिया) समेत कई नगर निकाय व पंचायत प्रतिनिधिनियों ने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भूपेंद्र और ब्रजेश पाठक ने उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पूरा देश मोदी के साथ है, इसबार चार सौ से अधिक लोकसभा सीटें जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव (जालौन), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष राजकिशोरी (महोबा), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा गौतम (लखीमपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस कुमार वर्मा (बलरामपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मलिक (बागपत), ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशां (संतकबीर नगर), जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे 'कुल्लू' (ललितपुर), प्रेमाबाई अहिरवार (ललितपुर), नरेन्द्र झा (ललितपुर), हिमांशु त्रिपाठी (फतेहपुर), अमरेन्द्र भारद्वाज (लखनऊ), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वंदना पाठक (झांसी), सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीरू पटेल (बरेली), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे (हमीरपुर), बसपा के पूर्व झांसी कमीश्नरी अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे मूलशरण कुशवाहा, कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा. चन्द्रेश कुमार उपाध्याय (सिद्धार्थनगर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी केशव बाबू शिवहरे (हमीरपुर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना लाल रजक (ललितपुर), सपा के पूर्व विधान परिषद प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा. पीयूष कुमार यादव (आजमगढ़), पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गिरधारी लाल सोनकर (गोरखपुर) बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसके साथ ही आप की प्रदेश सचिव राजकुमारी वर्मा (कानपुर), यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिनव तिवारी (कानपुर), सपा के नेता सोनू त्यागी (सहारनपुर), प्रवीण सैनी(सहारनपुर), नागेन्द्र राणा (सहारनपुर), आजम शाह(सहारनपुर), पवन गुप्ता (मुरादाबाद), महेन्द्र सिंह (बरेली), देवेन्द्र सिंह (बरेली), मुकेश राजपूत (झांसी), प्रवल प्रताप सिंह (जालौन), मनोज शुक्ला (कानपुर), रवि पाण्डेय (कानपुर), आशीष कुमार (कानपुर), तुषार मिश्रा (कानपुर), दीपक कुमार (कानपुर), अमित सिंह (कानपुर), सुधीर यादव (औरैया), आशीष चर्तुवेदी (कन्नौज), भरत बाधवानी (लखनऊ), धनज्ज्य सिंह 'झब्बू' (मऊ) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# चुनाव से पहले 101.25 करोड़ का अस्त्र-शस्त्र खरीदेगी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस विभाग ने भी अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र के जखीरे से लैस होने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन ने पिस्टल, रायफल, मशीनगन समेत गोला-बारुद और आंसू धुआं हथियार खरीदने के लिए 101.25 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृति की है।

चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस अफसरों और जवानों को हथियारों की खासी जरूरत थी। गृह विभाग की स्वीकृति के बाद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की ओर से हथियार, गोला-बारूद और और आंसू धुआं हथियार खरीद का रास्ता साफ हो गया है। 9एमएम की 5600 पिस्टल 83 हजार 700 की दर से 46 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान स्वीकृत हुआ है, 24 करोड़ 20 लाख 4 हजार रुपये से दो हजार 5.56 एमएम राइफल और 3 करोड़ 96 लाख 27 हजार रुपये से तीन सौ 9एमएम सब मशीनगन खरीदी जाएगी। गोला बारूद के लिए 22 करोड़ 52 लाख 35 हजार की धनराशि स्वीकृति हुई है। आंसू धुआं हथियार के लिए 3 करोड़ 69 लाख 83 हजार 300 रुपये पुलिस विभाग को शासन ने भेजा है। शासन ने कहा है कि खरीद में किसी तरह की अनियमितता या आडिट आपत्ति के लिए उप्र पुलिस मुख्यालय जिम्मेदार होगा।

# जिलों में भेजी गई मुआवजा राशि, बांटने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** बारिश एवं ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने के लिये धनराशि सम्बन्धित जिलों को उपलब्ध करा दी गई। ऐसे में फसल क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को अविलम्ब मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित कराए जाने की मंशा शासन ने प्रकट की है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को रबी सीजन की ई-खसरा पड़ताल के कार्य को आगामी 7 दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की दैनिक समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इजराइल जाने के लिए चयनित भारतीय श्रमिकों की आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। नये पंजीकरण के लिये आनलाइन व्यवस्था की जाये। यह प्रक्रिया सरल होनी चाहिये।

लोकभवन में हुई बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, सचिव नियोजन अनुराग यादव, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

### प्रियंका रायबरेली और राहुल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला संभव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा। दरअसल, दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उप्र. में कांग्रेस के कार्यकर्ता निरंतर मांग कर रहे हैं। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका राजनीतिक फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा।माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं। कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है।

# हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में असीम संभावनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण

**अमृत विचार:** उप्र. में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी। इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने 238 करोड़ रु. से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।

इस मौके पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, विधायक नीरज वोहरा, योगेश शुक्ल, जय देवी कौशल, एमएलसी मोहसिन रजा, लाल जी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, आयुष विभाग के डायरेक्टर महेन्द्र वर्मा, शिक्षकगण, डॉक्टर आदि मौजूद रहे।

### आयुष निदेशालय बनेगा महानिदेशक होंगे तैनात

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महानिदेशक भी होंगे।

### किसानों के लिए कृषि मंत्री ने की नई व्यवस्था की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसानों को कृषि निवेशों (बीज एवं जिप्सम) की खरीदारी के वक्त तत्काल सब्सिडी प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने एक और नई पहल की है। इसके तहत कृषि विभाग ने बुधवार को कृषि निवेशों को पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से वितरित कराकर सब्सिडी एट सोर्स की व्यवस्था को लागू कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बटन दबाकर इस नई व्यवस्था की शुरुआत की। नई सुविधा से अब कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज एवं जिप्सम क्रय करते समय ही अनुदान एट सोर्स प्रदान कर दिया जाएगा। इससे किसानों को केवल कृषक अंश का ही भुगतान करना होगा। इस अवसर पर लाभार्थी किसानों को कृषि मंत्री ने पीओएस मशीन के द्वारा सब्सिडी एट सोर्स भी प्रदान की।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में सीतापुर पीछे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री (ग्रामीण) आवास योजना में सीतापुर पीछे है। मंडलीय समीक्षा में अन्य जिलों की अपेक्षा कम प्रगति पर डी ग्रेड मिला है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में बी ग्रेड मिला है। मंडलायुक्त ने सभी जिलों में 15 मार्च तक आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 23 फरवरी को लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव व हरदोई के विकास कार्यों की समीक्षा की थी। हरदोई में स्वीकृत आवास 2262 के सापेक्ष 2160 पूर्ण (95.49 प्रतशित), लखीमपुर खीरी में 7862 आवास में 7091 पूर्ण (90.19 प्रतिशत), लखनऊ में 884 में 824 आवास पूर्ण (93.21 प्रतिशत), रायबरेली में 3046 आवास के सापेक्ष 2931 पूर्ण (96.23 प्रतिशत), सीतापुर में 2812 में 1743 आवास पूर्ण (61.98 प्रतशित) व उन्नाव में 3046 आवास में 2819 (92.55 प्रतिशत) पूर्ण मिले। इस प्रगति पर हरदोई, लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव को ए ग्रेड, जबकि लखीमपुर खीरी को बी व सीतापुर को डी ग्रेड मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना में हरदोई में 93,648 के सापेक्ष 90,106 पूर्ण (96.22 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 1,60,283 के सापेक्ष 1,55,684 (97.13 प्रतिशत), सीतापुर में 2,40,886 में 2,30,691 आवास (95.77 प्रतिशत) पूर्ण पाए।

# 61 हजार से अधिक विद्यार्थी बने प्रवीण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- माध्यमिक शिक्षा और कौशल विकास मिशन के प्रोजेक्ट प्रवीण का दिखा असर

**अमृत विचार:** छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण'' माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

### माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य

प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत ट्रेनिंग करने वाले विद्यार्थियों को प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर द्वारा स्कूल में ही ट्रेनिंग दी जाती है। अगर किसी कारणवश स्टूडेंट्स 10वीं या 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में छोड़ते हैं तो वह प्रोजेक्ट प्रवीण के प्रशिक्षण से जुड़े सर्टिफिकेट के द्वारा नौकरी या रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से आवेदन करने वालों को सरकारी माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य है। साथ ही छात्र का 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्यनरत होना आवश्यक है, तभी योजना के अंतर्गत पात्र हो सकते हैं।

## वर्ग पहेली-2

**बाएं से दाएं**

1. 1. बादशाह, महाराज, राजा 2. पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र तथा पंजाब के मुसलमानों की एक सम्मानजनक उपाधि, मुसलमानों की एक जाति 3. पंजाब में रहने वाले हिंदुओं की एक जाति 4. एक कुलनाम या सरनेम।
2. 1. उजाड़ने वाला 2. बर्बाद करने वाला।
4. 1. बचाव 2. बख़्तर 3. ढाल 4. रथ का घेरा 5. समूह 6. फ़ौज, सेना।
5. 1. कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का त्योहार, दीवाली 2. दीपों की पंक्ति, श्रेणी।
6. मुख, मुंह, मुखड़ा, चेहरा, सूरत, शक्ल।
8. बल्ला, क्रिकेट का बल्ला।
9. सितार की तरह का एक प्रकार का वाद्ययंत्र।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटा मठ 2. एक प्रकार की चूड़ी।
2. किसी काम को जल्द करने की हड़बड़ी, बेचैनी, अधीरता, जल्दबाज़ी।
3. 1. कुआं, कूप 2. पशुओं के जल पीने के लिए कुएं के समीप निर्मित हौज 3. जल एकत्र करने के निमित्त निर्मित गड्ढा 4. दूध दुहने का बरतन 5. आश्रय स्थल 6. इस प्रकार पीना कि कुछ शेष न रहे, निःशेष (अशेष)।
5. 1. जिसे धर्म पर विश्वास हो, धार्मिक, धर्माचारी 2. जिसमें विनम्रता हो 3. नमाज़गुज़ार।
7. 1. दो वस्तुओं का आपस में मिलना, पास आना 2. चिपकना, छूना 3. साथ होना 4. जुड़ना, भिड़ना 5. मारपीट होना।



### वर्ग पहेली - 1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | प | री | ■ | 2 झु | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 वि | रा | ग | ■ |
| ■ | 4 तु | न | क | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | 5 अ |
| ■ | 6 ह | रि | ता | 7 भ | ■ | व |
| ■ | रा | ■ | ■ | रे | ■ | ले |
| 8 सा | ठा | ■ | 9 मा | या | मो | ह |

## सुडोकू-81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |

### सुडोकू - 80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 01.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 13 .03 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** आज व्यवसाय में उन्नति काफी अच्छी रहेगी। काफी मजबूती के साथ निर्णय लेंगे। वैवाहिक जीवन मे परेशानियां बढ़ सकती है। गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी। धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष** आज अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा हो सकती है। भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी मित्र के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। पिता की सलाह से लाभ मिल सकता है। दूसरों के सामने अपने मन की बातें शेयर न करें।

**मिथुन** आज आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार भी थोड़ा अपमानजनक हो सकता है। आज लोग आपके विरुद्ध कड़वी बात बोल सकते हैं। अनैतिक माध्यम से धन अर्जित करने से बचें।

**कर्क** आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर बेहद सन्जीदा रहेंगे। अपने कार्यों को लेकर काफी आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुराने गिले-शिकवे भूलने की कोशिश करेंगे। नया काम करने में आपको लाभ होगा।

**सिंह** आज आपका मनोबल मजबूत रहेगा। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। घर का माहौल थोड़ा अशान्त हो सकता है। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान ढूंढने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

**कन्या** आज प्रिय मित्रों से फोन पर बात होगी। बौद्धिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन की समस्याओं का निदान होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला** आज परिवार के लोगों का खास ख्याल करना पड़ेगा। कफ संबंधी परेशानियों के कारण स्वास्थ्य कमजोर होगा। मौसम में बदलाव के कारण शरीर में थकान की अनुभूति होगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। सम्पति से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

**वृश्चिक** आज धर्म-कर्म में अच्छी ख़ासी रुचि लेंगे। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आत्मविश्वास और पराक्रम मे वृद्धि होगी। जॉब मे आपका सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**धनु** आज आप किसी से वायदा करने से बचें। नौकरी पेशा लोगों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं से अच्छी तरह से बात करें। धन के कारण परिवार में कलह हो सकती है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर** आज आर्थिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहने वाली है। इसके बावजूद आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मनोरञ्जन के कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर विश्वास की कमी रहेगी। अनजाने में की हुई पुरानी गलती भारी पड़ सकती है। अनुभवी लोगों से सलाह लेकर कोई फैसले लें। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन** आज सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे योग और ध्यान आदि में रुचि लेंगे। धैर्य और मेहनत दोनों का अच्छा संयोजन रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
कर्मा — सुबह : 09 .00
रूप की रानी चोरों का राजा — शाम : 06 .00

Sony Pix
अल्फा — सुबह : 11 .00
जर्नी 2 — शाम : 05 .02

Sony Max
अफवाह — सुबह : 11 .24
यारियां 2 — शाम : 06 .59

Zee Cinema
गुंजन सक्सेना — सुबह : 08 .30
बाजीगर — दोपहर : 03 .35

Colors Cineplex
गब्बर इज बैक — सुबह : 09 .26
बुड्ढा होगा तेरा बाप — शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम 06 .59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी (पति से)- कुछ साल पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था।
पति- वो तो तुम्हारा अब भी है
पत्नी- सच में!
पति- हां पहले बोतल 300ml की थी अब 2 लीटर की है।

पत्नी ने पति से पूछा पत्नी- अच्छा यह बताओ कि तुम मूर्ख हो या मैं?
पति- (शान्त मन से) प्रिये ये बात तो सब लोग जानते हैं कि तुम अत्यन्त तीव्र बुद्धि की स्वामिनी हो इसलिए यह कभी हो ही नहीं सकता कि तुम किसी मूर्ख व्यक्ति से शादी करो पति का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजा गया है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# 6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

## अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत




वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।

### घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोत्तरी

**मुंबई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

**मुंबई, एजेंसी**

- सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।



शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

### भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का हुआ भुगतान

**नई दिल्ली।** पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिए गए।

## सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं।

## पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले लोगों को नहीं होगी कोई समस्या: दास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने



कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

# राष्ट्रीय

# लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

## प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

**बेतिया (बिहार), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार



के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।

### अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

## भाजपा मुख्यालय में देर रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- उत्तर प्रदेश की कानपुर सुल्तानपुर व गोंडा सहित 29 सीटों पर चर्चा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

## एक नजर

### दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की हत्या समेत सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है जो पेशे से एक ऑटो-रिक्शा चालक था। हाल ही में उसकी नौकरी छूट गई थी। भरत के पिता ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

## स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

## शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

**मुंबई, एजेंसी**

- निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

## मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के




शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

**गृह मंत्री परमेश्वर बोले- पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले :** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

# निर्वाचन आयोग ने राहुल को दी सतर्क रहने की सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी का मामला
- जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करने का निर्देश

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान 'अरुचिकर' (नॉट इन गुड टेस्ट) था।

### आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान



**बदनावर (धार)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। श्री गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते हैं।

## स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

# फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहम: रोहित

## बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर



**धर्मशाला, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आपने इस सप्ताह खेली गई रणजी देखी। मैंने मुंबई और तमिलनाडु का मुकाबला देखा। मुझे लगता है कि विदर्भ ने जीत हासिल की। कप्तान ने कहा कि जब इस तरह के मुकाबले होते हैं तो आप देखते हैं कि गुणवत्ता और हर चीज सबके सामने आ जाती है।

### अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा ने 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की शृंखला में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का शृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक शृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं। भारतीय कप्तान ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया। रोहित ने कहा कि पाटीदार योग्य खिलाड़ी है। मैं उसे पसंद करता हूं। मैं उसे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में देखता हूं। हमें उसे कुछ और समय देना होगा। रोहित ने कहा कि टीम की मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की क्षमता असाधारण है।

# मां ने अस्पताल में कहा था, टेस्ट मैच चल रहा है तुम्हें जाना चाहिए: अश्विन



- माता-पिता के त्याग को याद कर भावुक हुए भारतीय ऑफ स्पिनर

**धर्मशाला, एजेंसी**

चेन्नई के अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में लेटी चित्रा रविचंद्रन बार-बार बेहोश हो रही थीं, लेकिन जब उन्होंने बेटे अश्विन को अपने पास देखा तो उनके मन में बस एक सवाल था, 'तुम यहां क्यों आए?' मां के बीमार होने होने पर अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच के बीच में घर चले गए। अश्विन की मां अचेत थी और अस्पताल में भर्ती थी।

अश्विन ने कहा कि जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो मेरी माँ होश में आने के बाद बेहोश हो जा रही थी। मुझे वहां देखने के बाद उन्होंने पहली चीज मुझसे पूछी, 'तुम क्यों आए'? अगली बार जब वह होश में आई तो उसने कहा, मुझे लगता है कि तुम्हें वापस जाना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच चल रहा है। इस ऑफ स्पिनर ने अपने माता-पिता रविचंद्रन और चित्रा के त्याग को याद करते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए कई कुर्बानियां दी है।

उन्होंने कहा कि मेरा पूरा परिवार क्रिकेट और मेरे करियर को सुविधाजनक बनाने के लिए बना है। यह आसान नहीं है। यह उनके लिए कठिन रहा है। यह उनके लिए भावनात्मक तौर पर काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मैं अब 35 साल से अधिक का हूं और मेरे पिता अब भी ऐसे मैच देखते हैं जैसे यह मेरा पहला मैच हो। यह उनके लिए बहुत मायने रखता है। अगर मैं तुलना करूं तो मेरे मैच मुझ से ज्यादा उनके लिए मायने रखते हैं। अश्विन के पिता क्रिकेट के प्रशंसक है। वह टीएनसीए के प्रथम श्रेणी लीग मैचों को देखने के लिए भी मैदान पर मौजूद रहते हैं।

## खेल डायरी

### विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

**नागपुर, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

**इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट**

### अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

### एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

**सैन सेबेस्टियन (स्पेन), एजेंसी।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किए जिससे उनकी टीम 4-1 के अंतर से जीत गई। पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल से लाजियो को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने एक्स पर लिखा, हमारे प्रधानमंत्री के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, इंडिया स्पोर्ट्स के परामर्श से यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ, यूनिव से पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्रता बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

## भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

**धर्मशाला, एजेंसी**



तीन मैच में जीत से शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह शृंखला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक शृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

# धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल: स्टोक्स

**धर्मशाला, एजेंसी**



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट शृंखला गंवाई है।

### इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

**धर्मशाला।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

# केवल 'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा महासंघ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि सिक्किम और अरुणाचल मान्यता प्राप्त इकाइयां नहीं है। हम किसी को प्रतिस्पर्धा से नहीं रोक सकते हैं लेकिन पहलवान को अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना होगा। अगर अरुणाचल का कोई पहलवान ट्रायल्स में आता है तो हम उसे भाग लेने की अनुमति देंगे।

# शबनीम ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 130 किमी से अधिक की रफ्तार से द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज ने डाली गेंद



द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल हालांकि इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

# बॉलीवुड हलचल

## अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

### योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रे ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

## देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा : भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा : पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

### रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

## जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे-धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

### बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

